चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष 11, अंक 331, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00
प्रयागराज, शुक्रवार, 24 मार्च, 2023



परख सच की
# जनसंदेश टाइम्स
प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : ब्रेट ली ने रोहित शर्मा को सुनाई खरी-खरी



अन्दर : भारतीय विवाह संस्था अथवा व्यक्तिगत आजादी

नगर संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## मानहानि केस में राहुल गांधी को 2 साल की सजा: सूरत कोर्ट से जमानत भी मिली

# राहुल की सजा पर सियासत

### कांग्रेस नेता ने 2019 में कहा था-सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों, बीजेपी नेता ने दर्ज कराई आपत्ति सजा के ऐलान के बाद राहुल का आई महात्मा गांधी याद, लिखा-सत्य मेरा भगवान, पक्ष और विपक्ष का एकदूजे पर पलटवार शुरू, खतरे में लोकसभा सदस्यता, चुनाव लड़ने पर भी लग सकती है रोक



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से 2019 में मोदी सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में गुरुवार को सूरत की अदालत ने फैसला सुना दिया। कोर्ट ने राहुल गांधी को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई। हालांकि, मामले में उन्हें तुरंत ही जमानत भी मिल गई।
सजा का एलान होने के बाद राहुल गांधी ने ट्विटर पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन।
फैसला सुनाए जाते समय राहुल गांधी अदालत में मौजूद थे। वह सुबह सूरत पहुंचे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के वकील बाबू मंगुकिया ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की अदालत ने कांग्रेस नेता को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 499 और 500 के तहत दोषी करार दिया। ये धाराएं मानहानि और उससे संबंधित सजा से जुड़ी हैं। वहीं इस मामले में दोषी पाए जाने के बाद रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट 1951 की धारा 8 के तहत राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने को लेकर बात होने लगी है। इस एक्ट के तहत अगर किसी सांसद या विधायक को किसी अपराध में दोषी ठहराया जाता है और उसे 2 साल या इससे ज्यादा की सजा सुनाई जाती है, तो उसकी संसद या विधानसभा सदस्यता खत्म हो जाएगी। वह रिहाई के 6 साल बाद तक चुनाव भी नहीं लड़ पाएगा। दोषी सांसद या विधायक की सदस्यता तुरंत खत्म नहीं होती। उसके पास तीन महीने का समय होता है। इस दौरान अगर वह हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में अपील कर देता है तो उस अपील की सुनवाई पूरी होने तक सदस्यता नहीं जाती। अगर वह अपील नहीं करता है तो तीन महीने बाद उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाती है।
सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि सांसद या विधायक दोषी करार दिए जाते हैं और उन्हें 2 साल या इससे ज्यादा साल की सजा सुनाई, तो दोषी करार होते ही उनकी संसद या विधानसभा सदस्यता खत्म हो जाएगी। हालांकि इस प्रक्रिया को पूरा करने में लोकसभा सचिवालय को कुछ समय लग सकता है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के हिसाब से राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खतरे में है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि उन्हें अब तभी राहत मिल सकती है जब ऊंची अदालत दोषसिद्धी पर रोक लगा दे। सिर्फ सजा पर ही रोक लगाना काफी नहीं होगा।

***याचिका दायर करने वाले पूर्णेश मोदी का बयान भी आया***

दूसरी तरफ राहुल गांधी के खिलाफ इस मामले में मानहानि का केस दायर करने वाले पूर्णेश मोदी ने बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि हम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह न्यायिक प्रक्रिया है और यह एक अहम फैसला है। दरअसल, राहुल पर मोदी उपनाम पर टिप्पणी करने के लिए आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज था। गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश ठाकोर, पार्टी विधायक दल के नेता अमित चावड़ा, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के गुजरात प्रभारी रघु शर्मा और विधायक सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आने के बाद से ही सूरत में मौजूद हैं।

***क्या है मामला?***

2019 लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक के कोलार में एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है? इसी को लेकर भाजपा विधायक व गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि राहुल ने अपनी इस टिप्पणी से समूचे मोदी समुदाय का मान घटाया है। राहुल इस मामले की सुनवाई के दौरान तीन बार अदालत में पेश हुए। अक्तूबर 2021 में बयान दर्ज कराने के लिए अदालत पहुंचे राहुल ने खुद को निर्दोष बताया था। ***एजेंसी***

### फैसले के खिलाफ में उतरीं प्रियंका, बीजेपी दबा रही राहुल की आवाज



उन्होंने लिखा, डरी हुई सत्ता की पूरी मशीनरी साम, दाम, दंड, भेद लगाकर राहुल गांधी की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। मेरे भाई न कभी डरे हैं, न कभी डरेंगे। सच बोलते हुए जिये हैं, सच बोलते रहेंगे। देश के लोगों की आवाज उठाते रहेंगे। सच्चाई की ताकत व करोड़ों देशवासियों का प्यार उनके साथ है।

### खडगे ने सरकार को बताया तानाशाह



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा सरकार को कायर और तानाशाह बताया और कहा कि वह राहुल गांधी और विपक्ष से तिलमिलाई हुई है, क्योंकि हम उनके काले कारनामों को उजागर कर रहे हैं। यह सरकार ईडी और पुलिस भेजती है, राजनैतिक भाषणों पर केस थोपती है। हम हाई कोर्ट में अपील करेंगे।

### क्या न्यायपालिका को भी अपनी जेब में रखना चाहती है कांग्रेस?: बीजेपी



पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा, भारत के कानून में यह है कि यदि किसी व्यक्ति या संगठन को अपमानजनक बयानों, निंदनीय टिप्पणियों, अपशब्दों या किसी भी अपमानजनक टिप्पणी से बदनाम किया गया है, तो उसे पता मांगने का अधिकार है। लेकिन, कांग्रेस पार्टी को इससे आपत्ति है, वह राहुल गांधी को अपशब्द कहने की पूरी आजादी चाहती है। खरगे ने कहा कि अदालत के फैसले को बार-बार बदला गया है। कांग्रेस पार्टी न्यायपालिका में भरोसा नहीं करती है। क्या ये न्यायपालिका को भी अपनी जेब में रखना चाहती है? राफेल मामले में भी राहुल गांधी ने अदालत के फैसले पर सवाल उठाया था और फिर माफी मांगी थी।

### बहुविवाह, 'निकाह हलाला' को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह मुस्लिमों में बहुविवाह और निकाह हलाला की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए उचित स्तर पर पांच न्यायाधीशों की नई संविधान पीठ का गठन करेगा।

इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ से आग्रह किया था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 494 चालबाजी, हलाला आदि की अनुमति देती है और इसे रद्द करने की आवश्यकता है। पिछले साल 30 अगस्त को, जस्टिस इंदिरा बनर्जी, हेमंत गुप्ता, सूर्यकांत, एमएम सुंदरेश और सुधांशु धूलिया की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय आयोग बनाया था।

## वाराणसी को मिलेगा देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे

### काशी में आज वन वर्ल्ड टीबी समिट को संबोधित करेंगे पीएम मोदी, फ्लोटिंग चेंजिंग रूम का भी होगा शिलान्यास



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व क्षय रोग दिवस पर गंगा की पावन धारा पर बसी काशी से देश को टीबी मुक्त करने के अभियान को गति देंगे। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में 24 मार्च को आयोजित वन वर्ल्ड टीबी समिट में पीएम मोदी टीबी मुक्त पंचायत अभियान का शुभारंभ करेंगे। साथ ही छोटे टीबी निवारक उपचार (टीपीटी) और टीबी मरीजों के परिवार की देखभाल का मॉडल भी लांच करेंगे। इसके साथ ही पीएम मोदी दशाश्वमेध घाट पर बनने वाले प्रदेश के पहले फ्लोटिंग चेंजिंग रूम और का शिलान्यास और देश के पहले पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे की आधारशिला रखेंगे।
चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन 24 मार्च को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टीबी को समाप्त करने के लिए अभिनव पहल करने वाले राज्य, केंद्रशासित राज्य और जिलों को भी पुरस्कृत करेंगे। यहीं भारत की वार्षिक टीबी रिपोर्ट 2023 जारी की जाएगी। पीएम मोदी की मौजूदगी में आयोजित इस सम्मेलन में 30 से अधिक देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। इससे पहले मार्च 2018 में नई दिल्ली में आयोजित टीबी शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री ने निर्धारित समय से पांच साल पहले 2025 तक टीबी के इलाज से संबंधित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आह्वान किया था। ***एजेंसी***

# आज युवाओं को प्रदेश में मिल रहा रोजगार: सीएम योगी

### सीएम योगी ने 496 चयनित अभ्यर्थियों को बांटे जॉइनिंग लेटर, 'ई अधियाचन पोर्टल' का भी किया शुभारंभ, बोले, छह वर्षों में साढ़े पांच लाख से ज्यादा युवाओं को दी नौकरी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार ने पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ पिछले छह वर्षों में साढ़े पांच लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी है। मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में 43 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। प्रदेश में एक तरफ जहां शासकीय सेवाओं में नियुक्ति प्रक्रिया चलाई जा रही है, वहीं दूसरी तरफ निजी क्षेत्र में भी नौजवानों को रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिशन रोजगार युवाओं के सपने को उड़ान देने वाला है। सीएम योगी गुरुवार को लोकभवन में आयोजित लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के नवचयनित अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं ई-अधियाचन पोर्टल का उद्घघाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लगभग 500 नवचयनित युवा अधिकारियों को नवरात्रि के शुभ अवसर पर नियुक्ति पत्र मिलने पर राज्य शासन की ओर से शुभकामनाएं एवं बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि 6 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने एक नई छलांग लगाई है। छह वर्ष पहले इन्हीं नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। अब इन युवाओं को देश के किसी भी राज्य में अपने राज्य के बारे में बताने से कोई हिचक नहीं होती। सीएम योगी ने कहा कि ये वही राज्य है जहां विकास के कार्यों में माफिया हावी होते थे। नियुक्ति और ट्रांसफर प्रक्रिया ताश के पत्तों की तरह फेंटी जाती थी। ये वही प्रदेश है जहां हर तीसरे दिन दंगा होता था। निवेश नहीं आता था। निवेशक अपने संस्थान बंद करके जाने लगे थे। कोई नहीं मानता था कि उत्तर प्रदेश कभी सुधरेगा, लेकिन आज तस्वीर बदली है। अब गांव और शहर हर क्षेत्र में बदलाव देखने को मिल रहा है। युवा शक्ति जो पलायन करने पर मजबूर थी, आज जब उन्हें अपने प्रदेश में सम्मान मिल रहा है तो बदली हुई तस्वीर हम सबके सामने है।
सीएम योगी ने कहा कि पिछले छह वर्षों में हमारी सरकार ने एक करोड़ 61 लाख से ज्यादा युवाओं को रोजगार देने में सफल रही है। 60 लाख से ज्यादा युवा उद्यमियों को अपना स्टार्टअप, अपना काम शुरू करने के लिए सहायता प्रदान की गई है। आज वो बहुत अच्छे ढंग से अपना कार्य कर रहे हैं। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से सरकार की अपेक्षा के बारे में बताते हुए कहा कि इसका ध्यान रखें कि जनता को आप के कार्यों का लाभ मिले। हमको जनसुनवाई के लिए तैयार होना होगा। सरकारी सेवा के आने वाले दस वर्ष आपके कार्यों का आधार साबित होंगे। इन वर्षों में आप अपना व्यवहार जन भावनाओं के अनुरूप बनाएंगे तो सरकारी सेवा का भवन उतना ही मजबूत होगा। ***एजेंसी***

## कोरोना को 'फाइव फोल्ड स्ट्रेटेजी' से देंगे मात

### सभी राज्यों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह, एक्सबीबी.1.16 वेरिएंट के 349 मामले आए सामने, इस वेरिएंट से डरने की जरूरत नहीं: रणदीप गुलेरिया



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस एक बार फिर पैर पसार रहा है।
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को सभी राज्यों को सलाह दी है कि वह टेस्ट-ट्रेक-ट्रीट-वैक्सीनेशन और कोविड उपयुक्त व्यवहार की 'फाइव फोल्ड स्ट्रेटेजी' पर फोकस करना जारी रखें। मंत्रालय की ओर से एक अधिसूचना में कहा गया, हम कोविड-19 की तैयारियों को देखने के लिए एक और मॉक ड्रिल करेंगे। सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में जल्द ही मॉक ड्रिल की जाएगी।
इन्साकॉग डाटा के अनुसार, कोविड वेरिएंट एक्सबीबी.1.16 के 349 मामले सामने आए है। ये सभी 349 मामले 9 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश से सामने आए। सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र से सामने आए हैं। इस राज्य में 105 मामले दर्ज किए गए। वहीं तेलंगाना में 93, कर्नाटक में 61 और गुजरात में 54 मामले सामने आए हैं। बता दें कि एक्सबीबी 1.16 वेरिएंट का पहला मामला जनवरी में सामने आया था। फरवरी महीने में इस वेरिएंट के 140 सैंपल सामने आए थे। मार्च में सैंपल का आंकड़ा 207 था। बताते चलें कि गुरुवार को देश में कोरोना के 1300 नए मामले सामने आए। यह पिछले 140 दिनों में सबसे ज्यादा मामला दर्ज किया गया है। देश में फिलहाल कोविड के 7,605 एक्टिव मामले हैं। वहीं, कोविड की वजह से मौत का आंकड़ा 5,30,816 पहुंच चुका है। एम्स के पूर्व निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया ने बुधवार को कहा कि नया एक्सबीबी.1.16 वेरिएंट से ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। इस संक्रमण की वजह से लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं होने वाली है। उनके अनुसार यह कोरोना एक्सबीबी का यह एक नया वेरिएंट है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और पिछले दो हफ्तों में देश में इन्फ्लूएंजा और कोरोनावायरस के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। ***एजेंसी***

## अखिलेश की चलें तो मेरी हत्या करा दें


### डिप्टी सीएम केशव का सपा प्रमुख को लेकर बड़ा दावा, अखिलेश का पलटवार-मौर्य को कुर्सी का खतरा, हम तो सारस से भी प्रेम करते हैं



**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बड़ा आरोप लगाया है। केशव मौर्य ने कहा, "अखिलेश यादव का वश चले तो वो मेरी हत्या करा दें। वह मुझे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। मीडिया में आने के लिए ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं।" डिप्टी सीएम मौर्य के इस बयान पर अखिलेश यादव ने भी पलटवार किया है। उन्होंने कहा, "सपा सबसे प्यार करती है। हम तो सारस और पक्षी तक से प्रेम करने वाले लोग हैं। हमें तो केशव प्रसाद मौर्य से भी बहुत स्नेह है। उन्हें (केशव प्रसाद मौर्य) हमसे कोई भी खतरा नहीं है।" अखिलेश ने कहा, "मौर्य को केवल खतरा कुर्सी का है, जो कभी भी जा सकती है। सपा का गठबंधन बीजेपी को हराने जा रहा है। सपा का गठबंधन दलितों-वंचितों-किसानों-नौजवानों से है। बीजेपी सांड सफारी बनाए।"
इससे पहले, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था, अखिलेश यादव और उनके मंडली के लोग मेरी प्रगति नहीं देख सकते। वे मेरे खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं। वे मेरे खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। जबकि मैंने उन्हें हमेशा सम्मान दिया है। मैंने कभी किसी पार्टी के किसी नेता के लिए इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। यूपी की जनता ने सपा को हमेशा करारा जवाब दिया है। ***एजेंसी***

## सरकार के फार्मूले से किसान नाराज

### उत्तर प्रदेश में फसलों की बबार्दी पर सिर्फ 19 हजार किसानों को मिलेगा मुआवजा, उठ रहे हैं सवाल




**लखनऊ।** प्रदेश में पिछले तीन दिनों की बारिश व ओलावृष्टि से करीब 19 हजार किसानों की 10 हजार हेक्टेयर से अधिक की फसलें बर्बाद हुई हैं। इनका नुकसान 33 फीसदी से ज्यादा आंका गया है। ऐसे में मुआवजा देने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। सरकार ने इसके लिए 13 करोड़ से ज्यादा की राशि मंजूर की है। पर ऐसे किसानों में मायूसी है? जिनकी फसल 33 फीसदी से कम बर्बाद हुई है। वे मुआवजे के फॉमूले पर सवाल उठा रहे हैं। राहत विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के हमीरपुर, ललितपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, बरेली व उन्नाव में ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान की बात सामने आई है। उन्नाव में 21 मार्च को ओलावृष्टि हुई है, जिसका सर्वे चल रहा है। बाकी जिलों के सर्वे में किसानों की फसलों के 33 फीसदी से ज्यादा नुकसान की पुष्टि हुई है। प्रयागराज में सबसे अधिक 10 हजार से ज्यादा किसानों की करीब साढ़े चार हजार हेक्टेयर फसल नष्ट हुई है। यहां भी नुकसान पर राहत नहीं : मिजार्पुर, सोनभद्र व महोबा में भी ओलावृष्टि से नुकसान की बात सामने आई है। लेकिन, इन जिलों में नुकसान 33 फीसदी से कम आंका गया है। ऐसे में यहां के किसान सरकार के फॉमूर्ले पर सवाल उठाते हैं कि यदि 32 फीसदी नुकसान हुआ है तो उनका क्या गुनाह। सरकार को नुकसान के अनुपात में मुआवजा तय करना चाहिए। हालांकि रिपोर्ट बुधवार सुबह तक की है। प्रदेश में सर्वे जारी है। आगे भी फसल बबार्दी पर मुआवजा मिलता रहेगा। ***एजेंसी***

# चुनाव से पहले बीजेपी का बड़ा दांव

### बीजेपी ने 4 राज्यों के अध्यक्ष बदले, राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने राजस्थान में सीपी जोशी, बिहार में सम्राट चौधरी ओड़िशा में मनमोहन सामल और दिल्ली में वीरेन्द्र सचदेवा को पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष की सौंपी कमान




**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने आज कुछ अहम कदम उठाए हैं। बता दें कि भाजपा ने आज बिहार, दिल्ली, राजस्थान और उडीसा मे भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों को बदला है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सम्राट चौधरी को बिहार बीजेपी का अध्यक्ष बनाया गया है। नड्डा ने सीपी जोशी को राजस्थान का पार्टी प्रदेश अध्यक्ष, मनमोहन सामल को ओडिशा का पार्टी प्रदेश अध्यक्ष और वीरेंद्र सचदेवा को दिल्ली भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। बिहार भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष अब सम्राट चौधरी हैं। आलाकमान ने उन्हें बिहार बीजेपी का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। सम्राट चौधरी अभी विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में हैं। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के बाद अब पार्टी की कमान सम्राट चौधरी के हाथों में सौंपी गई है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह के द्वारा जारी पत्र में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सम्राट चौधरी को सौंपी गई है। बता दें कि संजय जायसवाल अभी तक इस पद को संभाल रहे थे और उनका कार्यकाल पिछले साल ही समाप्त हो गया था। पार्टी के सदस्यों को भी इसका इंतजार था कि अब नए प्रदेश अध्यक्ष को कब आलाकमान चुनती है। बता दें कि बिहार में सियासी समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं। सूबे में भाजपा अब विपक्ष में बैठी है। वहीं कल तक साथ रही जदयू अब राजद के साथ है और भाजपा व महागठबंधन में सीधी टक्कर है। आगामी चुनाव को लेकर सम्राट चौधरी का चयन बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दिल्ली में भाजपा की कमान वीरेंद्र सचदेवा को सौंपी गई है। बता दें कि दिल्ली भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष आदेश गुप्ता के इस्तीफे के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। राजस्थान में बीजेपी ने प्रदेश मुखिया सतीश पूनिया की जगह चितौड़गढ से लोकसभा सांसद सीपी जोशी को नया अध्यक्ष बनाया गया है। हालांकि सीपी जोशी को लेकर पहले कयास लगाए जा रहे थे कि सांसद को पीएम मोदी की कैबिनेट में भी जगह मिल सकती है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने आदेश जारी कर सीपी जोशी को बीजेपी का नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। राज्य के पूर्व राजस्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मनमोहन सामल को पार्टी ने अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की जाएगी। भाजपा ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महमोहन सामल को ओडिशा की कमान सौंपी है ताकि बेहतर रणनीतियां बनाई जा सके और राज्य में बहुमत से भाजपा की सरकार बने। पार्टी ने चुनावों को लेकर अभी से सभी तैयारियां शुरू कर दी है। भाजपा अगले चुनाव में जीत का हैट्रिक लगाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसके तहत पार्टी की नजर खासतौर पर उन राज्यों में है, जहां या तो उनकी सरकार नहीं है या पार्टी की स्थिति कमजोर है।

## टेंट सिटी पर अखिलेश का सरकार पर तंज

### 'उद्घाटन करने बड़े-बड़े आए, समापन पर कौन आ रहा है?





**लखनऊ।** वाराणसी में तेज हवा, ओलावृष्टि व बारिश से टेंट सिटी को काफी नुकसान पहुंचा है। जिस पर अब राजनीति भी शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गंगा किनारे बसी टेंट सिटी के क्षतिग्रस्त होने पर कटाक्ष किया है। उन्होंने टेंट सिटी की दो फोटो ट्वीट कर लिखा कि समापन करने कौन आएगा।
उनके ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर बहस शुरू हो गई। बता दें कि तेज हवा, ओलावृष्टि व बारिश से टेंट सिटी में हुए नुकसान के बाद बुकिंग रद्द कर दी गई है। अब कॉटेज ठीक कराए जा रहे हैं। इसके लिए प्रयागराज से श्रमिक बुलाए गए हैं। सब कुछ ठीक होने के बाद दोबारा बुकिंग शुरू होगी। बेमौसम बरसात से गंगा उस पार रेसी पर बसी टेंट सिटी के कई कॉटेज क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद टेंट सिटी में मौजूद लोगों को होटल में शिफ्ट में किया गया। बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई थी। टेंट सिटी के अमित गुप्ता ने बताया कि कुछ कॉटेज को नुकसान हुआ था। इसे ठीक कराया जा रहा है। बुधवार को दिनभर काम हुआ। 30 से ज्यादा श्रमिक क्षतिग्रस्त कॉटेज को ठीक करने में जुटे हैं।

# अधेड़ का नहर में मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका


अधेड़ का शव मिलने के बाद जुटी लोगों की भीड़

**बारा।** एक राजगीर के साथ घर से बाहर गए युवक का शव गुरुवार को पाया गया।बारा तहसील क्षेत्र के नारीबारी पुलिस चौकी एरिया के पास से गुजरी नहर (सरकारी शराब की दुकान के बगल) में गुरुवार को शव मिलने की जानकारी होते ही हड़कंप मच गया। मौके पर आसपास के लोगों का मजमा लग गया। लोगों की सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और उसकी शिनाख्त करवाई। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जाहिर की है। फिलहाल पुलिस ने शव को चीरघर भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक नारीबारी निवासी राम बहोर (45) पुत्र लाला प्रसाद बुधवार की शाम को अपने साथी के साथ कहीं बाहर निकला था। इसके बाद से राम बहोर घर वापस नहीं लौटा। घर पर परिजन राम बहोर का इंतजार करते रहे। इधर, गुरुवार की सुबह राम बहोर का शव पुलिस चौकी के बगल स्थित शराब की दुकान के पास नहर में पाया गया।

एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शव को बाहर निकलवाने के बाद उसकी शिनाख्त करवाई गई। पहचान होने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और कल शाम से उसके गायब होने की जानकारी मिली। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए तहरीर दी है। शव को चीरघर भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल रामबहोर की मौत से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रामबहोर के तीन बच्चे हैं। रामबहोर के बेटे विनय ने बताया कि उसके पिता कल शाम को घर से बाहर निकले थे। रातभर वह घर नहीं लौटे। इसके बाद उसकी खोजबीन की जा रही थी, इधर सुबह उनका शव नहर में मिलने की जानकारी हुई।

## मछली पकड़ने के मामले में पुलिस ने नौ के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**मऊआइमा।** तालाब में मछली पकड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच मार पीट गाली गलौज हुआ था। पुलिस ने दोनों ओर से नौ नामजद तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ निवासी अतीक उल्ला पुत्र शमीम उल्ला का आरोप है कि वह तालाब में पाइप लगा कर इंजन से खेत की सिंचाई कर रहा था। आरोप है कि तभी गांव के भारत लाल आ कर तालाब में मछली पकडने लगा। जिससे पानी गंदा होने से बार बार इंजन बंद हो जा रहा था। इसी बात को लेकर उसके परिजनों ने मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दी। जिससे उसको और उसके भाई जफर, अखलद को गंभीर चोटें आयी है। अतीक उल्ला ने मऊआइमा थाने में भारत लाल, भुवाल, शिवभोला, बरानिया देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। दूसरे पक्ष की एक युवती ने मार पीट छेड़खानी एवं जान से मारने की धमकी देते हुए एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में जफर, अतीक, अखलद, सिद्दीक, मोहम्मद शानू तथा तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। इस घटना का किसी ने वीडीओ बना कर वायरल कर दिया था।

# ओला प्रभावित किसानों से मिले बारा विधायक कहा- सभी को मिलेगा उचित मुआवजा


ओला प्रभावित किसानो से मुलाकात करने पहुंचे बारा विधायक डॉ. वाचस्पति

**बारा।** बीते दिनों इलाके में हुई बरसात और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए बारा विधायक डा. वाचस्पति ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। भ्रमण के दौरान निकले बारा विधायक ने मेड़ के रास्ते खेत तक पहुंचकर क्षति का मुआयना किया और स्थानीय किसानों से भी मुलाकात की।

गुरुवार को लोहगरा में पूरे वैश्य, चंदरा समेत कई गांवों में भ्रमण के दौरान बारा विधायक डा. वाचस्पति ने किसानों का दर्द साझा करते हुए कहा कि ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन करवाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया गया है। राजस्वकर्मी अतिशीघ्र नुकसान का सर्वे करके अपनी रिपोर्ट तहसील मुख्यालय को प्रेषित करेंगे। इसके बाद सभी पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा से कोई नहीं निपट सकता। भ्रमण के दौरान पता चला कि इलाके में गेहूं और सरसो की फसल को भारी नुकसान हुआ है। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार किसानों के साथ खड़ी है। किसानों की हर जरूरत को पूरा किया जा रहा है। इस मुश्किल घड़ी में भी हम हर तरह से किसानों के साथ हैं। शीघ्र ही उन्हे मुआवजा दिलवाया जाएगा। इस मौके पर बारा के उपजिलाधिकारी अब्दुल्ला सुदन, लेखपाल के साथ क्षेत्रीय ग्राम प्रधान, ग्रामीण और भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यालय जा रही छात्रा के साथ छेड़खानी, एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक महिला का आरोप है कि उसकी पुत्री के पीछे गांव का एक युवक पीछे पडा हुआ है। प्रायः फोन पर गंदी बातें करता है। विद्यालय पढने जा रही बेटी के साथ सरेराह अश्लील हरकतें किया।युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि गांव का एक युवक ऊसकी बेटी के पीछे पडा हुआ है। जीना मुहाल करके रख दिया है। पति अरब में रहता है। महिला का आरोप है कि युवक फोन करके परेशान करता है। जब उसकी पुत्री विद्यालय पढने जा रही थी तो युवक सरेआम उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर शोहदे सलमान पुत्र फुल्लर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## संक्षेप

### रंग बरसे भीगे चुनरवाली पर झूमे रुद्रा अंतःवासी



**सहसों।** होली के बाद होली मिलन समारोहों का आयोजन शुरू है। रुद्रा संगम में आयोजित होलीमिलन समारोह में अंतःवासियो ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। इस दौरान महिलाओं ने भोजपुरी, अवधी, फिल्मी गीतों पर जम कर ठुमके लगाए। आयोजक संतोष सिंह ने अंतःवासियो को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब होली का रंग विश्वपटल पर छाने लगा है। जो भारतीय संस्कृति के लिए शुभ संकेत है। संतोष सिंह, संजय पांडेय, सोसाइटी के महामंत्री संतोष द्विवेदी, संजीव सिंह, रवि सिंह, राजेश दुबे, संजय श्रीवास्तव, एपी यादव, अनिल गुप्ता, सुनीता सिंह, चंचल सिंह,अंजू श्रीवास्तव, पूर्णिमा दूबे, आरती सिंह, सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद रहे।

### मां दुर्गा व जय श्री राम के उद्घोष के साथ निकाली नव संवत्सर की शोभायात्रा



**सहसों।** नव संवत्सर एवं नव वर्ष तथा वासंतिक नवरात्रि के अवसर पर नवरात्रि के दूसरे दिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को पार्षद प्रत्याशी सियाराम मौर्य की अगुवाई में आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ ईसीपुर मलावां से प्रारंभ कर कसेरूवा खुर्द, लाला की बाजार, कसेरूआ कला, सहसों चौराहा, सहसों बाजार एवं सहसों बाईपास होते हुए वापस ईसीपुर में समाप्ति की गई। शोभायात्रा में भक्त युवक, बच्चे, बुजुर्ग शामिल होकर मां जगदंबा एवं मर्यादा पुरुषोत्तम राम की उद्घोष करते हुए एवं धर्म ध्वज के साथ शोभायात्रा में रास्ते पर भक्ति संगीत पर थिरकते रहे। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से राममिलन, राजबहादुर, राजकरण पाल, राम बहादुर यादव, घनश्याम मौर्य, अशोक मौर्य सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल रहे।

### शुआट्स में 'एक्सप्रेशंस 23' का उद्घाटन




**नैनी।** जैकब इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइंजीनियरिंग, सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स), प्रयागराज में दो दिवसीय सांस्कृतिक युवा उत्सव 'एक्सप्रेशन 23' का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया। प्रोफेसर (डॉ.) आरिफ ए. ब्रॉडवे, निदेशक प्रसार, शुआट्स ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में इस तरह के आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। एक्सप्रेशंस के तहत वर्गीकृत विभिन्न कार्यक्रम ब्रेनवेव (निबंध, जैम, क्विज, वाद-विवाद, कविता, केस स्टडी और लघु कथा लेखन), टैलेन्टाइन (फेस पेंटिंग, मेहंदी, स्केचिंग, पेंटिंग, रंगोली, कोलाज मेकिंग, सामग्री शिल्प और फोटोग्राफी) और ग्लिटरमा (गायन, नृत्य, माइम, फैशन शो, नुक्कड़ नाटक और बैंड) हैं। उद्घाटन समारोह के बाद पहले दिन के कार्यक्रम शुरू हुए जिसमें गायन, नृत्य, फेस पेंटिंग, मेहंदी, लघु फिल्म, फोटोग्राफी, जैम, प्रश्नोत्तरी, बैंड, कविता, लघु कहानी लेखन आदि शामिल थे। प्रो. (डॉ.) रुबीना लॉरेंस, प्रो. (डॉ.) वीरू प्रकाश, प्रो. (डॉ.) आलोक मिल्टन लाल, राजीव कांत, डॉ. प्रगति शुक्ला और अन्य कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### सोलर लाइट लगाने के नाम पर जाल साज ने दो लाख ऐंठ लिया, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एन एस किसान सेवा केन्द्र इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप के संचालक को अपने बातों में फंसा कर जाल साज ने सोलर लाइट लगाने के लिए दो लाख रुपये ऐंठ लिया। जब पंप पर सोलह लाइट नहीं लगा तो संचालन ने कथित कंपनी को फोन किया। तो वह गालियां बकते हुए हत्या की धमकी दी। पंप संचालक ने जाल साज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुर निवासी मोहम्मद शमशाद अहमद पुत्र स्वर्गीय नईम उल्ला का कहना है कि वह ग्राम कहली स्थित एन एस किसान सेवा केन्द्र इंडियन ऑयल के नाम से पेट्रोल पंप चलाते हैं। मोहम्मद शमशाद के मुताबिक ग्राम बागी स्थित पेट्रोल पंप के संचालक हस्सू उर्फ हसनैन , मोहम्मद शोएब के सामने विमल स्वथोशन कंपनी के बृजेश कुमार पांडेय से सोलर लाइट लगाने की बात हुई । आरोप है कि मोहम्मद शमशाद अहमद ने आर टी जी एस के जरिए दो लाख भेज दिया और कुछ नगदी भी दिया। आरोप है कि कथित कंपनी एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद सोलर लाइट नहीं लगाया। पहले आज कल पर टालता रहा। बाद में फोन पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। जिसपर मोहम्मद शमशाद अहमद ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर विमल स्वथोशन कंपनी के बृजेश कुमार पांडेय के खिलाफ जाल साजी ,फ्राड, अमानत में ख्यानत का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**उरुवा।** जेसीआई (जूनियर चैंबर इंटरनेशनल) फाउंडेशन के माध्यम से नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम सिरसा में आयोजित किया गया। संस्था की पूजा गुप्ता निवासी सिरसा ने बताया कि जेसीआई संस्था हर फील्ड में काम कर रही है। ब्लड डोनेशन, फ्री मेडिकल कैंप,अनाथ आश्रम,वृद्धा आश्रम, सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए दान,नारी शक्ति सम्मान के लिए कार्यक्रम और ऐसे बहुत से कार्य कर रही है जिससे नारी शक्ति का सम्मान हो। उन्होंने कहा कि हर नारी शक्ति का सम्मान होना चाहिए क्योंकि वो अपने आप में एक शक्ति का प्रतीक है। चाहे वो गरीब हो या अमीर नारी तो नारी है,नारी दुर्गा है,काली है। कार्यक्रम में क्षेत्र की इच्छा विशिष्ट महिलाओं का सम्मान बुके और ट्राफी देकर किया गया। इस मौके पर मुख्य मुख्य अतिथि के रूप में सिरसा नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम कृष्ण यादव पप्पू तथा चौकी प्रभारी सिरसा जगदीश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मनाया गया हिंदू नव वर्ष


हिंदू नव वर्ष मनाते लोग

**नैनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मानस नगर में स्थित रूद्र आकृति सोसाइटी में रहने वाले 284 परिवारों के सभी सदस्यों ने मिलकर हिंदू नव वर्ष अर्थात वर्ष प्रतिपदा का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास की साथ मनाया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सोसायटी के सभी अंतः वासियों के द्वारा भारत माता की आरती गई। कार्यक्रम में रितेश केसरी एवं उनके साथियों के द्वारा माता दुर्गा एवं भगवान राम की सुंदर भजन की प्रस्तुति की गई सम्मुख बैठे लोगों ने तालियां बजाकर एवं नृत्य करते हुए भगवान की स्तुति की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत के सह प्रांत प्रचारक श्रीमान मुनि जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उनका स्वागत अंग वस्त्रम पहनाकर समिति के अध्यक्ष नीरज त्रिपाठी जी ने किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में नैनी जिला के जिला प्रचारक अतुल उपस्थित रहे। उनका स्वागत समिति के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे के द्वारा अंगवस्त्रम पहनाकर किया गया । सह विशिष्ट अतिथि के रूप में यमुनानगर के एसीपी अजीत सिंह चौहान उपस्थित रहे। जिनका स्वागत अंग वस्त्र पहनकर कार्यक्रम के संयोजक अमित गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सनातनी हिंदू परिवारों को श्रीमान मुनि जी ने संबोधित किया। उन्होंने अपना संबोधन ग्रामे ग्रामें सभा कार्या, ग्रामे ग्रामें कथा शुभा। पाठशाला मल्लशाला, प्रति पर्व महोत्सव।।

नाम के श्लोक से प्रारंभ किया अर्थात उन्होंने कहा प्रत्येक गांव में सभा का आयोजन हो, प्रत्येक गांव में प्रेरणादायक कथा सुनाई जाए, प्रत्येक गांव में पाठशाला और व्यायाम शाला हो तथा प्रत्येक पर्व महोत्सव की तरह मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही सृष्टि की रचना ब्रह्मा जी के द्वारा की गई थी, आज ही के दिन दयानंद सरस्वती जी के द्वारा आर्य समाज की स्थापना की गई , आज ही के दिन महाभारत के युद्ध में विजई होने के बाद महाराज युधिष्ठिर का राज्य अभिषेक भी हुआ था। उन्होंने बताया कि हमारा भारतीय पंचांग पूर्णतः वैज्ञानिक है। यह हमारी 27 नक्षत्र के आधार पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा अभ्यास न होने के कारण हमें हिंदी महीने के नाम नहीं आते हैं जबकि अंग्रेजी के महीने के नाम बच्चों को भी याद रहते हैं। यदि हम अपने परिवार में व्रत, पूजा, उपासना नियमित रूप से करने लगेंगे तो निश्चित रूप से हमारी आने वाली पीढियां को उनकी आदत हो जाएगी। उन्होंने अपने उद्बोधन में परिवारों में माता के महत्व को इंगित करते हुए कहा की परिवार में छोटा बच्चा अपने जीवन में सबसे अधिक अपनी माता से प्रभावित होता है। एक मां ही अपने बच्चों को संस्कार देने का कार्य करती है। परिवार में माता को अपने बच्चों पर नजर रखते हुए उन्हें संस्कार देने का काम करना चाहिए। उन्होंने माता जीजाबाई का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके संस्कार एवं लालन पालन का ही प्रभाव था कि शिवाजी ने मुगलों से युद्ध किया और भारत में हिंदू पद पादशाही की स्थापना की।

कार्यक्रम का संचालन श्री अरूण सिंह जी किया ।कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार आशीष कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विषेशानंद पांडे, संतोष पांडे मनोज गोस्वामी, अशोक मिश्रा अजय सिंह, प्रमोद त्रिपाठी विपिन सिंह, राजीव शुक्ला, कौशलेंद्र रावत, श्रीमती वंदना सिंह, प्रवीण राय, विवेक मिश्रा, जितेंद्र गौड़ एवं जितेंद्र पांडे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## प्रापर्टी डीलर को बदमाशों ने मारी गोली, घायल

**नैनी।** इंदलपुर गांव में बुधवार की रात प्रापर्टी डीलर को बदमाशों ने गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसने पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने उसे एसआरएन में भर्ती करा दिया। फिलहाल पुलिस घटना को संदिग्ध बता रही।

नैनी थाना क्षेत्र के इंदलपुर गांव निवासी इमरान पुत्र इदरीश प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है। उसका गांव में कई लोगों से रंजिश भी बताई जाती है। वह बुधवार की रात 9:00 बजे घर के बाहर टहल रहा था। उसी दौरान किसी ने उस पर फायर झोंक दिया। गोली उसकी पीठ पर जाकर लगी। वह घायल अवस्था में चौकी पहुंचकर घटना की जानकारी दी। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह का कहना है कि मामला संदिग्ध लग रहा है। घटना की जांच की जा रही है।

# अमर शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन


शहीद की पत्नी को अंग वस्त्र से सम्मानित करते हुए

**करछना।** अमर शहीद गिरीश कुमार शुक्ल स्मारक गुरुकुलम पब्लिक स्कूल हनुमान पुर में 23 मार्च शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित हुआ। जिसमें लोगों की ओर से अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया। और यमुनापार के अमर शहीद रहे गिरीश कुमार शुक्ल राघवेंद्र शुक्ल महेश यादव लालमणि यादव रमाकांत तिवारी संतोष कुमार तिवारी के परिजनों को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर व अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आओ झुक कर करे सलाम उन्हें जिनके हिस्से में ये मुकाम आता है कितने खुशनसीब हैं वो लोग जिनका लहू वतन के काम आता है से हुआ। इसके साथ ही साथ विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों की ओर से देशभक्ति गीत प्रेरण गीत शहीद गीत व सैनिक गीतों की प्रस्तुतियां हुई। जिसमें लोगों की आंखें नम हो गई । समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ बीके सिंह ने कहा कि यमुनापार में शहीद हुए सैनिकों के गांव में शहीद द्वार का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमर शहीद गिरीश कुमार शुक्ला गुरुकुलम पब्लिक स्कूल की जगह सैनिक पब्लिक स्कूल होगा। और विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों का यूनिफॉर्म मलेट्री रंग का होगा। उन्होंने विद्यालय के 480 नन्हे-मुन्ने बच्चों को मलेट्री यूनिफॉर्म उपलब्ध कराए जाने की घोषणा भी की। साथ ही साथ अतिथियों की ओर से शहीदों के नाम से पौध भी रोपे गए। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश द्विवेदी भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ला व जमुनापार जागृति मिशन के संयोजक डॉ भगवत पांडेय तथा भाजपा यमुनापार के जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल ने कहा कि देश धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाला ही शहीद होता है। शहीद पत्नी कविता शुक्ला की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के प्रबंधक शहीद पुत्र नागेंद्र शुक्ला और प्रधानाचार्य प्रकाश नारायण द्विवेदी की ओर से सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया गया । समारोह का संचालन भाजपा भडेवरा मंडल के महामंत्री राम मनोहर मिश्र व श्यामू शुक्ला ने बारी-बारी से किया। इस मौके पर भाजपा यमुनापार के जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु शुक्ला भडेवरा भाजपा मंडल के अध्यक्ष प्रदीप पांडेय व युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय प्रोटोकॉल मंत्री सुरेश शुक्ला संदीप तिवारी समाजसेवी धरवारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह प्रबंधक विनय कुमार, प्रभाकांत, विजय शंकर, पवन कुमार, कमला शंकर, अलख नारायण, विनय, राजकुमार, मुकुंद लाल, अमित, अशोक, रवि सिंह, नंदलाल, राजकुमार, अतुल, शिवम, राजेश पांडेय सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# सनातन धर्म के बल पर ही विश्व में स्थापित हो सकती है शांति : स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती


कार्यक्रम में उपस्थित स्वामी चितेंद्रानंद सरस्वती

**नैनी।** भारत तिब्बत सहयोग मंच प्रयागराज जिला काशी प्रांत के बैनर तले हिन्दू नव वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को न्यू अपेक्स आइटीआइ कालेज प्रांगण में विश्व कल्याण में सनातन संस्कृति और हिन्दुत्व की भूमिका विषय पर एक वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि भरत के नाम से हिन्दुस्तान देश का नामकरण भारत हुआ है। यहां की संस्कृति विश्व को एक माले में पिरोने का काम करती है। सनातन धर्म के बल पर ही पूरे विश्व में शांति की स्थापना की जा सकती है। मंच के मार्गदर्शक और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डा. इंद्रेश कुमार ने कहा कि इस नव वर्ष पर हम संकल्प लें कि हम एकता के सूत्र में बंधेंगे और संपूर्ण जगत को सिर्फ मानवता की दृष्टि से देखते हुए सबको एक मानेंगे। इस अवसर पर उन्होंने एक देश एक जगत का नारा देते हुए कहा इसीसे भगवान महादेव के निवास स्थान कैलाश मानसरोवर की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के काशी प्रांत युवा विभाग अध्यक्ष ई. हेमंत राज ने की। प्रयागराज महानगर अध्यक्ष योगराज मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मंच के काशी प्रांत अध्यक्ष आचार्य किशोर जी महाराज, राष्ट्रीय महिला कार्यकारिणी सदस्य रीता पासवान, जिला प्रभारी सरिता गिरि, मंच के सह प्रांत प्रचार प्रमुख हिमांशु दुबे, जिला संयोजक राज अग्रहरि गुप्ता, यमुनापार अध्यक्ष राम मणी तिवारी, युवा विभाग अध्यक्ष अजय मिश्रा, शुभम दुबे, अंकित गुप्ता, रमेश शुक्ला, सत्यानंद त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### निः शुल्क कैंप 24 को

**खीरी।** तहसील कोरांव अंतर्गत खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत व बाजार खीरी के बंधू श्याम मेडि केयर सेंटर में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 24 मार्च दिन शुक्रवार समय सुबह 10 बजे से 4 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें गठिया रोग आर्थराईटिस, पैर का दर्द, घुटने का दर्द और गर्दन दर्द, कंधे का दर्द किसी भी प्रकार का फ्रैक्चर इत्यादि समस्याओं के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग आकर इसका लाभ लें सकते हैं। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से डा. शिवम पांडेय हड्डी रोग विशेज्ञ मौजूद रहेंगे।

**आवश्यकता है**

**श्री महेंद्र सिंह यादव विधि महाविद्यालय, तरांव, कोरांव, प्रयागराज। सम्बद्ध-प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज।**
*त्रि-वर्षीय एल.एल.बी. पाठ्यक्रम हेतु-*
प्राचार्य-1 पद, सहाचार्य-9 पद।
**वेतन एवं योग्यता यूजीसी के मानकानुसार**
लाईब्रेरियन-1 पद, लिपिक-2 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर (हिन्दी टंकण)-1 पद, सुरक्षाकर्मी-4 पद, चपरासी-6 पद, माली-1 पद, सफाईकर्मी-8 पद।
विज्ञापन के 21 दिवस के अंदर महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में आवेदन जमा करें।
**मो0: 8953047016, 9455426733**

## ट्रेन से गिरकर युवक का पैर कटा, गंभीर

**नैनी।** नैनी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन से उतरते समय एक युवक का पैर कट गया। सूचना पाकर आरपीएफ नैनी की पुलिस पहुंची, आनन फानन में इलाज के लिए उसे स्वरूप रानी अस्पताल भिजवाया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन से उतरते वक्त राकेश विश्वकर्मा (40) वर्षीय पुत्र चंद्रिका प्रसाद विश्वकर्मा निवासी बनकटिया जिला महाराजगंज का बाया पैर कट गया। सूचना पाकर आरपीएफ नैनी की पुलिस पहुंची, आनन-फानन में इलाज के लिए उसे स्वरूप रानी अस्पताल भिजवाया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे बीएचयू के लिए रेफर कर दिया।

**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**ई-टेन्डर नं0 पीआरवाईजे-सिग-002-2022-23**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से डिप्टी चीफ सिग्नल एवं टेलीकॉम गति शक्ति यूनिट/संकेत एवं दूरसंचार/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा ई-टेण्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र. सं. | निविदा नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 002 | प्रयागराज मण्डलः प्रयागराज मंडल के इरादतगंज और चुर्क स्टेशन पर एस एंड टी का प्लेटफॉर्म ऊंचा करने का काम | 4903008.60 | 98100/- |

निविदा प्रपत्र का मूल्यः 0.00
कार्य सम्पादन की अवधिः बारह महीने
निविदा खुलने की तिथि: 19.04.2023
2.निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 3.धरोहर की राशि जमा करना एवं उसका रूपः निविदाओं को उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदादाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना उचित धरोहर राशि निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी और पूर्णतया अस्वीकृत कर दी जायेगी। 4.निविदा खुलने का समय तथा स्थानः निविदा पूर्व निर्धारित तिथि 12.30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। 5.निविदा की वैधताः निविदा खुलने के 60 दिन तक। 6. निविदा हैंडलिंग हेतु रेलवे के अधिकारः रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 7. सिग्नल बेयर ऑफ वर्क: शून्य
430/23(K)
@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन, मार्ग परिवर्तन**

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रयागराज स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 4 पर स्थापित वॉशेबल एप्रन (washable apron) के मरम्मत कार्य के दृष्टिगत पावर और ट्रैफिक ब्लॉक के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, आंशिक निरस्तीकरण/ ओरिजिनेशन तथा मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैं :-

**रेलगाड़ी का निरस्तीकरण**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहां से कहां तक | निरस्तीकरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 13309/13310 | चोपन-प्रयागराज जं. | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि 15.04.2023 से 29.05.2023 |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहां से कहां तक | आंशिक निरस्तीकरण /ओरिजिनेशन | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03333/03334 | सूबेदारगंज- पं. दीन दयाल उपाध्याय मेमू | प्रयागराज छिवकी-सूबेदारगंज-प्रयागराज छिवकी के मध्य | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि 15.04.2023 से 29.05.2023 |
| 2 | 04193/04194 | सूबेदारगंज- पं. दीन दयाल उपाध्याय मेमू | | |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहां से कहां तक | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04151 | कानपुर सेंट्रल-लोकमान्य तिलक (ट.) (साप्ताहिक) | कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज जं.-मानिकपुर-सतना | कानपुर सेंट्रल-बांदा-ओहन-सतना | 15.04.2023 से 29.05.2023 |
| 2 | 04152 | लोकमान्य तिलक (ट.)-कानपुर सेंट्रल (साप्ताहिक) | सतना-मानिकपुर-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल | सतना-ओहन-बांदा-कानपुर सेंट्रल | 15.04.2023 से 29.05.2023 |
| 3 | 22198 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कोलकाता (ट.) (साप्ताहिक) | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-गोविन्दपुरी-प्रयागराज जं.-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-पं.दीन दयाल उपाध्याय जं. | 15.04.2023 से 29.05.2023 |
| 4 | 12396 | अजमेर जं.-राजेन्द्र नगर (ट.) (साप्ताहिक) | आगरा कैंट-टूण्डला-प्रयागराज जं.-पं.दीन दयाल उपाध्याय जं. | आगरा कैंट-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-पं.दीन दयाल उपाध्याय जं. | 15.04.2023 से 29.05.2023 |

नोट: ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

**उत्तर मध्य रेलवे** G20
North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in



राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के कार्यों की आकर्षक प्रदर्शनी से पहले माँ सरस्वती की पूजा करते उमरे महाप्रबंधक

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 28.00 |
| न्यूनतम : | 16.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

## निः शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 25 को

**उतरांव।** श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट की ओर से विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर परीक्षण कैम्प का आयोजन गुंजन सर्विस सेंटर बरेठी बाजार में 25 मार्च दिन शनिवार को मोतियाबिंद का निः शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी नागेन्द्र सिंह उर्फ चच्चू ने दी है।

# माफिया अतीक के साढू इमरान की अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के बाद माफिया अतीक अहमद और उसके गिरोह से जुड़े लोगों के खिलाफ प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। अब प्रशासन ने अतीक के साढू इमरान की अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर की कार्रवाई की है। इमरान की बख्शीमोड़ा स्थित अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर की कार्रवाई हो रही है।

दिवंगत बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल और उसके दो सरकारी गनर की प्रयागराज में हत्या के बाद फरार शूटरों की तलाश में पुलिस और एसीआइटी की टीमें जांच में जुटी है। आरोपितों की तलाश और उनके अवैध कब्जे पर लगातार प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है।

चकिया में अतीक अहमद के करीबी आविद मटन चिकन शाप पर नोटिस चस्पा की गई है। चर्चा है कि आविद गुड्डू मुस्लिम का भाई है और अतीक अहमद से इसकी बहुत घनिष्ठा सम्बंध है । दस्तावेजों की पड़ताल के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी। पीडीए के संयुक्त सचिव अजय कुमार ने बताया कि नियम के विपरीत दुकान संचालित करने को लेकर नोटिस चस्पा की गई है।



इमरान की अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करता जेसीबी

# ओवर लोडिंग से पल्टा ट्रैक्टर, दब कर चालक की दर्दनाक मौत

**करछना।** ओवर लोडिंग के चलते मिट्टी लाद कर चढ़ाई के दौरान ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आने से चालक की दर्दनाक मौत दब कर हों गयी, घंटों मशक्कत के बाद मृतक का शव बाहर निकाला गया, जानकारी के अनुसार अवैध खनन को लेकर मिट्टी निकली जा रही थी, थाना क्षेत्र के ककरम सुलमई नहर की सड़क बन रही थी जहाँ यह ट्रैक्टर चालक चंद्रशेखर यादव उम्र 30 वर्ष पुत्र लालजी यादव निवासी बरहुला कलां कोरांव ट्रैक्टर चालक था मृतक अपने पिता की एकलौती संतान था उसके दो बच्चियां हैं पत्नी रतोल यादव का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची करछना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया ।



हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़

## संक्षेप

### डॉ लोहिया का सपना और अखिलेश यादव का संघर्ष समाजवाद लाएगा : नरेंद्र सिंह

**प्रयागराज।** समाजवादी आंदोलन के प्रणेता डॉ राममनोहर लोहिया जी की जन्म जयंती पर गुरुवार को शहर के सिविल लाइन्स स्थित उनकी प्रतिमा पर समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं उनके अनुयायियों ने फूल माला अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर उनके संघर्षों को याद करते हुए उनके विचारों पर चर्चा की गई। सपा के निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज को स्वस्थ और खुशहाल बनाने के लिए समाजवाद सबसे खूबसूरत सपनों है, जिसे भारत में सबसे पहले महात्मा गांधी ने देखा, उसे डॉ लोहिया ने कर्म योग में परिवर्तित किया। यह सही है कि कुछ लोग समाजवाद आने के इस कदर विरोधी हैं कि उन्हें समाजवाद शब्द में ही द्वेष नजर आने लगा है। नरेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि समाजवादी आंदोलन के प्रवर्तक डॉ लोहिया ने जिस समाजवाद का सपना देखा था अब वह अखिलेश यादव के संघर्षों से पूरा होता दिख रहा है। कहा कि लोहिया जी के हम सभी अनुयायियों को संकल्प लेना होगा कि अखिलेश यादव के हर संघर्ष में कदम से कदम मिलकर चलें। सपा के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन एवं पूर्व जिला प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने उपस्थित जनों से संकल्प के साथ समाजवादी आंदोलन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील के साथ डॉ लोहिया के विचारों एवं अखिलेश यादव जी के संघर्षों को आगे बढ़ाने की बात की। डॉ लोहिया के साथ धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव ह्लअमर रहें" के भी नारे लगे। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, सैयद इफ़्तेखार हुसैन, कमल सिंह यादव, दान बहादुर मधुर, हिमांशु कुमार सिंह, श्रीमती कमला यादव, कुलदीप यादव, सर्वेश यादव, अंजनी मिश्रा, इंजी विक्रम यादव, सचिन श्रीवास्तव, अवधेश वर्मा, रविन्द्र यादव एडवोकेट, दिनेश यादव, आर. एन. यादव, संजीव यादव, शेखर यादव सहित काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### गोवंश से लदा ट्रक कन्टेनर पलटा, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या पहुंची पुलिस फोर्स

**थरवई।** थाना क्षेत्र के कोखराज हड़िया एन एच 2 पर गोवंश लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे कई गोवंश की मौके पर मौत हो गई। घायल गोवंश का पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा इलाज किया गया। जिसमें मृत 14 बैल तीन गाय की मृत्यु हो गई थी। दो बैल एक गाय का इलाज किया गया। ट्रक में कुल बीस गोवंश लदे थे जिसमें 17 की मौत हो गई। गुरुवार की सुबह भोर में ही थाना क्षेत्र थरवई के डेरा गदाई गांव के निकट हाईवे मनसैता पुलके पास कानपुर से बनारस की ओर जा रही कंटेनरअनियंत्रित होकर पलट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी थरवई पुलिस को दी सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक थरवई लोकेंद्र त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सभी पशुओं को किसी तरह से बाहर निकलवाया गया उसके पश्चात पशु चिकित्सकों की टीम को बुलवाकर तत्काल घायल गौवशो का इलाज करवाया गया और मृत गोवंश का पोस्टमार्टम कराने के पश्चात जेसीबी से गड्ढा खोदवा कर दफनाया गया। मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव, थानाध्यक्ष फाफामऊ आशीष सिंह, उपजिलाधिकारी फूलपुर, नायब तहसीलदार रेनू, कानूनगो ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला, व पशु चिकित्सक टीम में पशु चिकित्साधिकारी मिथिलेश सिंह, डॉ ए के सिंह, डॉ प्रियदर्शना राव, डॉ शशि भूषण, राम जी आदि मौजूद रहे। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स जिसमें एसएसआई राजीव कुमार श्रीवास्तव, उप निरीक्षक सोहराब अहमद, अखिलेश कुमार, राहुल कुमार आदि बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहे उधर गोरक्षा विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता विष्णु दुबे निवासी देवरिया थाना थरवई ने पुलिस को तहरीर देकर एक नामजद व पांच अज्ञात लोगों पर गोवध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत कराया है।



# जिलाध्यक्ष के आश्वासन पर भाजपाइयों का धरना हुआ समाप्त



पुलिस टीम के साथ पहुंचे मेजा एसीपी और धरना स्थल पर इकट्ठा भाजपाई

**उरुवा।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मृति द्वार पर सपा झंडा के रंग में दिवंगत सपा संरक्षक व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा विधायक की तस्वीर का विरोध करते भाजपाइयों ने गुरुवार की शाम से धरना प्रदर्शन करना शुरू किया। करीब 1 घंटे चला धरना जिलाध्यक्ष के आश्वासन पर समाप्त हो गया। बता दें कि मेजा विधानसभा के रामनगर चिरैया मोड़ स्थित परानीपुर मार्ग पर मेजा विधायक संदीप पटेल ने अपने निधि से स्मृति द्वार दो दिन पूर्व लगवाया था। जिसमें सपा झंडे का रंग देकर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम के साथ उनका स्वयं का चित्र छपा था। उक्त स्मृति द्वार में सपा झंडे का रंग देकर बाबा साहब के चित्र के साथ दिवंगत सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव,राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और स्वयं मेजा विधायक संदीप पटेल की तस्वीर छपी थी। जिसका विरोध करते भाजपाइयों का कहना था कि स्मृति द्वार पर बाबा साहब की प्रतिमा और नाम के साथ सपा झंडे का रंग तथा सपा के पदाधिकारियों का नाम नहीं होना चाहिए। उनका कहना था कि स्मृति द्वार पर सिर्फ बाबा साहब का नाम और फोटो होना चाहिए। जिसका विरोध करते भाजपा उरुवा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधाकर शुक्ल आमरण अनशन की चेतावनी देते हुए गुरुवार की शाम 3 बजे समूह के साथ धरना स्थल पर इकट्ठा हो गए। धरना प्रदर्शन करने की सुनकर पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूलने लगे। मौके पर पहुंचे एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र तथा थानाध्यक्ष ज्ञानेश्वर बहुत समझाने की कोशिश की लेकिन भाजपाई मानने को तैयार नहीं थे। धरना शुरू होने के करीब 1 घंटे बाद भाजपा जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने फोन कर भाजपाइयों को बताया जिलाधिकारी प्रयागराज तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से वार्ता हो गई है। वार्ता में अधिकारियों का आश्वासन मिला है कि कुछ दिनों में संशोधन हो जाएगा। इतना सुनते ही धरना स्थल पर बैठे भाजपाइयों ने अपने जिलाध्यक्ष के कहने पर धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान गहमागहमी का माहौल बना रहा। बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर को हटाने की सुनकर बसपा के कुछ कार्यकर्ता पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। किसी तरह लोगों ने उन्हें यह बता कर शांत कराया कि बाबा की तस्वीर का कोई विरोध नहीं है विरोध सिर्फ सपा के झंडे और पदाधिकारियों के तस्वीर का है,तब जाकर मामला शांत हुआ। इस मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधाकर शुक्ल,वरिष्ठ भाजपा नेता जयशंकर पांडेय, उमाशंकर तिवारी गांधी, दिनेश तिवारी, विजय श्याम तिवारी, धीरज शर्मा चेतू, संतोष कुमार शुक्ल, नरेंद्र तिवारी सहित सैकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।

# राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के कार्यों की आकर्षक प्रदर्शनी आयोजित

**प्रयागराज।** सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार राजभाषा के प्रयोग में बहुआयामी प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में भंडार विभाग द्वारा किए जा रहे राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के कार्यों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में भंडार विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की सुरुचिपूर्ण प्रस्तुति की गई। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि हमारी रेलवे पूरी तरह हिंदी भाषी क्षेत्र में है और हम सब की मातृभाषा हिंदी है, अतः हमें पूरी कर्त०?यभावना और प्रतिबद्धता के साथ अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए ताकि राजभाषा हिंदी के निरंतर प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में हमारी रेलवे अग्रणी भूमिका निभाकर और सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन कर नई उपलब्धियाँ हासिल कर सके।

महाप्रबंधक ने भंडार विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और इस कार्य को निष्पादित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए पन्द्रह हजार रूपए के पुरस्कार की घोषणा की। इस क्रम में संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित मदों के अनुसार भंडार विभाग द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई।

कार्यक्रम के आरंभ में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक प्रताप सिंह शमी द्वारा महाप्रबंधक सतीश कुमार का स्वागत किया गया और और उन्हें विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता, सचिव/ महाप्रबंधक अजय सिंह, मुख्य सामग्री प्रबंधक/ विद्युत सुनील कुमार अग्रवाल, मुख्य सामग्री प्रबंधक/ विक्रय अनुराग अग्रवाल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/आईसी सुनील आजाद, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी चन्द्र भूषण पाण्डेय सहित राजभाषा तथा भंडार विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते उमरे महाप्रबंधक

### कौड़िहार बाजार में अवैध पशु बाजार बंद कराने पर हो रही इंस्पेक्टर नवाबगंज की प्रशंसा

**नवाबगंज।** मुख्यमंत्री ने पशु बाजार पर पूरी तरह से प्रदेश में रोक लगा रखी है। उसके बावजूद लखनऊ हाईवे से जुड़े कौड़िहार बाजार में कुछ लोगों द्वारा पशु बाजार लगवा कर अवैध वसूली करने का मामला थाना नवाबगंज पहुंचा तो इंस्पेक्टर नवाबगंज अनूप सिंह ने सख्ती से बाजार नहीं लगने का फरमान जारी किया। कहा कि अफसरों का आदेश लेकर आइए तभी बाजार लगेगी। इंस्पेक्टर नवाबगंज की इस कार्यवाही से बाजार में रह रहे लोगों में प्रसन्नता है। लोगों ने ईमानदार इंस्पेक्टर नवाबगंज की जमकर प्रशंसा की।

# गृह कर ना जमा करने पर नगर निगम ने की कुर्की की कार्यवाही

**प्रयागराज।** गृह कर वसूली अभियान के तहत नगर निगम की टीम गुरुवार को गृह कर ना जमा करने भवन स्वामियों के भवन पर कुर्की की कार्यवाही की है। नगर आयुक्त, नगर निगम प्रयागराज के नेतृत्व में गृहकर वसूली अभियान के तहत एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्त होने के दृष्टिगत गुरुवार को जोन-3 कटरा, वार्ड-10 के भवन संख्या 150 ए, चॉदपुर सलोरी भवन स्वामी मुन्ना लाल तथा जोन-4 अल्लापुर वार्ड-15 भवन संख्या-22/2ए, मास्टर जहरूह हसन रोड भवन स्वामी सुधीर कुमार अग्रवाल के भवनों पर नियमानुसार गृहकर बिल व डिमांड नोटिस तथा कुर्की सीलिंग की कार्यवाही की गयी।

जिन भवन स्वामियों की कुर्की की तिथि निर्धारित की गयी थी उन सभी 33 भवन स्वामियों द्वारा गृहकर की बकाया धनराशि रू0-33,63,890.00 के सापेक्ष रू0-8,11,747.00 नगर निगम कोष वसूली टीम द्वारा जमा कराया गया, अन्य द्वारा 31 मार्च के पूर्व जमा करने का आश्वासन दिया गया। उक्त कार्यवाही मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी के नेतृत्व में गठित टीम एवं जोन-1,2,3,4, तथा 5 के कर अधीक्षक तथा वसूली टीम के साथ नगर निगम दस्ता बल की मौजूदगी में कार्यवाही की गई।

### पुलिस ने बाजार में किया पैदल गस्त

**मेजा।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र ने पुलिस बल के साथ सिरसा बाजार में गुरुवार को पैदल गस्त किया गया । पुलिस ने गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व शराब की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी चेक किया,साथ ही साथ शराब की दुकानों वह सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों की भी चेकिंग की गई। इस दौरान चौकी प्रभारी सिरसा जगदीश, अरविन्द चौबे सहित दर्जनों पुलिसकर्मी रहे । पैदल गस्त से बाजार में अफरा तफरी का माहौल रहा ।



### अमरेश तिवारी बेहतर शिक्षा के लिए सम्मानित

**मेजा।** क्षेत्र के मेजा पब्लिक स्कूल विसहिजन कला के डायरेक्टर डॉ अमरेश चंद तिवारी को शिक्षा क्षेत्र में अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि गुरुवार को शम्भूनाथ इंजीनियरिंग कॉलेज झलवा के प्रोफेसर आशुतोष पाण्डेय ने मेजा क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम स्कूल चलाने और शिक्षा जगत में अच्छी पहल के लिए डॉ अमरेश चंद्र तिवारी को सम्मनित किया गया । अमरेश चंद तिवारी ने प्रोफेसर आशुतोष पाण्डेय को धन्यवाद दिया। इस दौरान मुख्य रूप से ई आलोक शुक्ल, राजू तिवारी, ओमशंकर मिश्र, शुभाष पाण्डेय, रजनीश तिवारी, राजन दुबे सहित दर्जनों लोग रहे।



### नवरात्र, रमजान में फैली है गंदगी, खराब पड़ी है स्ट्रीट लाइटें, नगर निगम है इससे अनजान

**झूंसी।** नवरात्र चल रहा है आज से माहे ए रमजान भी शुरू हो गया। क्षेत्र में हर तरफ फैली गंदगी स्वच्छता अभियान की पोल खोल रही है। सड़को पर फैली गंदगी से सब से दिक्कत रोजेदारों व मंदिर जाने वाले भक्तों को होगी। जगह जगह गंदगी का अंबार लगा है। कूड़े के ढेर से उठ रही दुर्गंध में लोगों का सांस लेना दूभर हो रहा है वहीं सड़कों पर लगी स्ट्रीट लाइटें भी खराब है। नाराज लोगों ने मामले की शिकायत प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से करने की बात कही। प्रयागराज स्वच्छता में भले ही टॉप टेन की सूची में शामिल है लेकिन शास्त्री ब्रिज पार करते ही झूंसी में खाली प्लाट कूड़ा घर बने है। कूड़ा न उठने से सड़को पर गंदगी है और कूड़े गंदगी के बीच लोग आ जा रहे है। हवेलियां पटनई के पास स्थित मस्जिद के पीछे कूड़े का ढेर लगा है। कोहना निवासी मो. रिजवान का कहना है कि कूड़े व गंदगी की वजह से सब से अधिक परेशानी नमाजियों को होगी। वही कोहना के तौहीद ने बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की कई बार शिकायत की जब मरम्मत नहीं हुई तो वह खुद ही मस्जिद की ओर जाने वाले रास्ते पर कई लाइट अपनी तरफ से लगवाया। यही हाल क्षेत्र के मंदिरो के आसपास का भी है। देवेंद्र मिश्रा उर्फ बुल्ली पंडित का कहना है कि नई झूंसी में स्थित किसी भी मंदिर के आसपास अभी तक स्ट्रीट लाइट नही लगी है।



# ‘प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माही, जलधि लांघी गए अचरज नाही’

**श्रीराम कथा**

### जेवनियां में वंचितों के श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने मुद्रिका प्रसंग पर विस्तार से किया वर्णन

### उत्तर प्रदेश किन्नर बोर्ड की सदस्य टीना माँ ने कथा व्यास का लिया आशीर्वाद

**मेजा।** दिव्यांगोंत्थान श्री राम सेवा न्यास के बैनर तले क्षेत्र के जेवनिया गांव में 21 मार्च से आयोजित पांच दिवसीय वंचितों के श्री राम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास डॉ अशोक हरिवंश ( भैया जी ) ने मुद्रिका प्रसंग पर विस्तार से वर्णन किया।उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम जब केवट को सीता द्वारा दी गई मुद्रिका को देना चाहा तो केवट ने मुद्रिका लेने से इंकार कर दिया। वही मुद्रिका जब हनुमान जी सीता की खोज में लंका जाने लगे तो राम ने हनुमान को पहचान के लिए अंगूठी दे थी।यदि केवट उस अंगूठी को ले लिया होता तो भगवान राम के पास माता सीता को देने के लिए कुछ भी नही था। उन्होंने कहा कि वही अंगूठी माता सीता को उनके मायके में मिली थी। जिसमें राम नाम लिखा था। फिर उसी अंगूठी को देखकर माता सीता जी के मन में संसय उत्पन्न हुआ था तो हनुमान जी ने सारी कथा माता सीता को सुनाई। वही अंगूठी जब सीता के पास पहुंची तो वह सुरक्षित रही।कथा व्यास ने अंगूठी का वर्णन करते हुए कहा कि यदि वही अंगूठी माता सीता के पास रही होती तो रावण माता सीता का हरण नही कर सकता था।अंगूठी का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि यदि वही अंगूठी भगवान राम ने हनुमान को न दिए होते तो हनुमान का समुद्र पर करना संभव न होता। कथा व्यास कहते हैं कि ‘प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माही, जलधि लांघी गए अचरज नाही।’ हनुमान ने भगवान राम द्वारा दी गई अंगूठी को अपने मुंह में रखकर समुद्र को पार किया।उन्होंने कहा कि हनुमान ने अंगूठी को मुंह में इसलिए रखा कि उसमे राम नाम लिखा था। जिसके मुख में राम नाम हो वह किसी भी कार्य को आसानी से कर सकता है। कथा व्यास ने आज की कथा केवट द्वारा मुद्रिका को वापस किए जाने से शुरू की।कथा व्यास ने अंत में श्रोताओं के बीच बैठकर रामनाम का कीर्तन किया। श्रोता श्रीराम कथा को सुनकर गदगद हो उठे। इस मौके पर आयोजक मंडल न्यास के अध्यक्ष अभिषेक तिवारी व पूर्व प्रधान रुचि तिवारी के साथ व्यास को माला पहनाकर मंचासीन किया। आयोजक मंडल ने उपस्थित श्रोताओं का आभार वयक्त किया। इस अवसर पर कथा सुनने पहुँची अपने दल बल के साथ उत्तर प्रदेश किन्नर बोर्ड की सदस्य टीना माँ ने कथा व्यास डॉ हरिवंश का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया । आयोजक अभिषेक तिवारी ने बताया कि आज डॉ हरिवंश (भैया जी) अतिरिक्त जगत गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी जय महराज की विशेष कथा होगी ।

इस दौरान मुख्य रूप से अष्टभुजा तिवारी, पूर्व प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ल, ई नित्यानंद उपाध्याय, प्रमुख प्रतिनिधि भोला गौतम, सिद्धान्त तिवारी, दयाशंकर शुक्ल, पप्पू उपाध्याय, दिनकर मिश्र, पुष्कर तिवारी, लवकुश शुक्ल, वसंते, आयोजक मंडल के गौरव पाण्डेय, राजू पाण्डेय, विकास तिवारी (विक्की), महीप सिंह, पमपम पाण्डेय, सहित सैकड़ों की संख्या में श्रोता मौजूद रहे।



कथा व्यास का स्वागत करतीं टीना माँ



वंचितों के बीच कथा कहते कथा व्यास हरिवंश भैया जी

## संक्षेप

### दबंगों ने युवक को पीटकर किया जख्मी

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के गौरा भरवारी में मामूली बात को लेकर सगे भाइयों ने युवक को पीट दिया। पुलिस ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार कराने के बाद दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गौरा निवासी रोहित का पड़ोसी मोहल्ले के रंजीत से पुराना विवाद चल रहा है। दोनों के बीच मामूली पर कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपित ने भाई के साथ मिल रोहित को सरेराह पीट दिया। युवक के साथ सरेराह मारपीट देख आस-पास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। बीच-बचाव करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़ित की तहरीर पर आरोपित रंजीत व उसके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### परिजन दे रहे फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी

**कौशाम्बी।** पइंसा थाना क्षेत्र की एक युवती ने गांव के ही युवक से प्रेम संबंध थे। महीने भर पहले दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। इसके बाद उसके घर वाले फर्जी केस में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। गुरुवार को पीड़िता ने अपर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। पइंसा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने बताया कि 20 फरवरी को प्रेमी युवक के साथ कोर्ट मैरिज कर लिया। इसके बाद से युवती के घर वाले आए दिन फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। आरोप है कि दो दिन पहले भी उसे व उसके पति के साथ अन्य ससुरालवालों को मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। इसकी शिकायत पीड़िता ने थाने में की लेकिन किसी ने उसकी एक नहीं सुनी। गुरुवार को पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की है।

### जिले में आलू खरीद के दो केंद्र खुले

**कौशाम्बी।** आलू किसानों के लिए राहत की खबर है। शासन के निर्देश पर जिले में किसानों के आलू खरीदने के लिए क्रय केंद्र खोल दिया गया है। यहां 650 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से आलू खरीदा जाएगा। खरीद करने के बाद आलू को कोल्ड स्टोर में रखा जाएगा। सरकार ने बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत मंडी समिति परिषद को आलू खरीदने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद जनपद में नवीन मंडी अजुहा और समदा स्थित मां शारदा कोल्ड स्टोर में आलू खरीद केंद्र खोला गया है। मंडी समिति अजुहा के सचिव दयाराम सिंह पटेल ने बताया कि आलू की खरीद के लिए केंद्र स्थापित कर दिया गया है। क्योंकि आलू की खरीद पहली बार की जा रही हैं। इसलिए खरीद से संबंधित सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। किसान आलू बेचने के लिए मंडी में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# कार की टक्कर से व्यापारी सहित साथी की मौत

## चरवा के चिल्लाशहबाजी पेट्रोल पंप के समीप हुआ हादसा



घटना के बाद रोते बिलखते परिजन



मृतक राजेन्द्र कुमार (फाइल फोटो)



मृतक संतोष कुमार (फाइल फोटो)

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली अंतर्गत चिल्लाशहबाजी स्थित पेट्रोल पंप के समीप बुधवार रात्रि को बाइक सवार दो लोगों को सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रही थी कि एक की मौके पर मौत हो गई, दूसरे को अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

पिपरी गांव निवासी राजेंद्र कुमार पटेल पुत्र विशाल (40) व संतोष कुमार विश्वकर्मा पुत्र महेश (45) दोनों लोग मनौरी स्थित दुकान को बंद कर बाइक में सवार होकर पिपरी गांव आ रहे थे। कहा जा रहा है कि जैसे उनकी बाइक चिल्लाशहबाजी गांव के समीप स्थित पेट्रोल पंप के समीप पहुंची कि बेकाबू कार ने टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों लोग जख्मी होकर सड़क पर तड़पने लगे। आसपास रहे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए ले जा रही थी कि राजेंद्र की मौत हो गई। वहीं पुलिस ने संतोष को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसने भी दम तोड़ दिया। उधर घटना की जानकारी पर पहुंचे मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुराहाल रहा। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं मृतक के परिवारीजनों की तहरीर पर पुलिस कार के खिलाफ लिखा पढ़ी शुरू कर दी थी।

## रकम दोगुना करने के नाम पर एक लाख की ठगी

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के सरसवां गांव के एक युवक से जालसाज ने एक लाख रुपये की ठगी की। रकम दोगुना करने के नाम पर रुपये लिए थे। समय पूरा होने के बाद युवक ने रकम मांगी तो आरोपित मारपीट पर अमादा हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित फरेबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सरसवां निवासी गुलशन सिंह ने बताया कि साल भर पहले प्रतापगढ़ कुंडा के अंशू ने उससे एक लाख रुपये रकम दोगुना करने के नाम पर लिया था। दो दिन पहले आरोपित से सैनी बस स्टाप के समीप उसकी मुलाकात हुई तो उसने दी गई रकम वापस मांगी। इस पर पहले तो आरोपित इधर-उधर किया इसके बाद उल्टा ही पांच लाख रुपये मांगने लगा। इस पर युवक ने विरोध किया तो आरोपित ली गई रकम देने से मुकर गया और मारपीट पर उतारू हो गया। पीड़ित सैनी थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नवरात्रि पर्व : कड़ावासिनी दरबार में लगातार चल रहा प्रसाद वितरण



प्रसाद वितरण करते समाजसेवी

**दारानगर, कौशाम्बी।** नवरात्रि के पावन पर्व पर हर कोई भक्तिभाव में दिख रहा है। वहीं कड़ावासिनी शीतला के दरबार में तो भक्तों की भारी भीड़ जमा हो रही है। लोग भगवती को प्रसन्न करने को धूप,द्वीप, नौ वद्य आदि से पूजन अर्चन करते देखे जा रहे हैं। ऐसे में समाजसेवी भी कोई चूक नहीं छोडना चाह रहे। कडाधाम में सचिन महराज द्वारा प्रत्येक दिन लगातार प्रसाद वितरण का कार्य कराया जा रहा है। इतना ही नहीं उन्होंने बताया कि यह प्रसाद वितरण कार्यक्रम पूरे नौ दिनों तक चलता रहेगा। इस दौरान कडावासिनी के दरबार पहुंचने वाले भक्तों के लिए भोजन,जल तो कोई हलवा वितरण कर पुण्य अर्जित कर रहे है। कार्यक्रम में अध्यक्ष उदय पंडा, अंकित पांडेय, रिंकू पांडेय ,अजय पंडा सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# भरसवां में तीन घरों से लाखों की चोरी

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के भरसवां गांव में बुधवार की रात चोरों ने तीन घरों में सेंधमारी की। चोर घरों से नकदी समेत लाखों के गहने आदि समेट ले गए। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार के साथ गांव के अन्य लोगों को सुबह हुई। पुलिस ने मौका-मुआयना के बाद पीड़ित परिवार की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। भरसवां गांव की चंदकेशिन पत्नी शिव बरन बुधवार की रात परिवार के साथ घर के बाहर बरामदे में सो रही थी। आधी रात घर के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर घुसे चोरों ने बक्से का ताला तोड़ 35 हजार रुपये नकदी के साथ करीब एक लाख के गहने आदि पार कर दिया। यहां के बाद चोरों ने पड़ोसी श्याम लाल के घर से 65 हजार रुपये नकदी के साथ सोने की अंगूठी, करधनी आदि करीब एक लाख का सामान समेट लिया। जाते-जाते चोरों ने दिनेश साहू के घर में सेंध लगाकर 20 हजार नकदी के साथ सवा लाख का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार के लोगों को सुबह हुई। एक ही रात तीन घरों में चोरी की भनक लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना करते हुए पीड़ित परिवार से तहरीर लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। गांव में हुई चोरी की घटना के बाद से गांव के लोग सहमे हुए है।

### नायब तहसीलदार ने शीतला दरबार में टेका मत्था

**कौशाम्बी।** नवरात्रि के पावन अवसर पर बृहस्पतिवार को सिराथू तहसील की नायब तहसीलदार अंकिता पाठक शीतला धाम पहुंचकर भगवती शीतला का दर्शन पूजन अर्चन किया। इस दौरान मन्दिर प्रबंध समिति अध्यक्ष उदय पांडेय ने विधि विधान से मां शीतला का दर्शन पूजन कराया। इस मौके पर मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विनोद त्यागी, महामंत्री सुधेश पंडा,निरीक्षक जुगेश कुमार, उपमंत्री अमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## दीवाल में सेंध कर घर से नगदी जेवर उठा ले गए चोर

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली अंतर्गत दौलतपुर कसार गांव में बुधवार की आधी रात्रि को चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए घर में मौजूद रही नगदी सहित जेवर आदि उठा ले जाने में कामयाब रहे। दूसरे दिन पीड़ित गृहस्वामी ने लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दिया है।

बता दें कि दौलतपुर कसार निवासी मैना गौतम पुत्र रामकुमारे के मुताबिक बुधवार की रात्रि चोरों ने उनके घर के पीछे की दीवाल में सेंध लगाकर अंदर प्रवेश किए। कमरे के अंदर रखी आलमारी का ताला तोड़कर उसमें मौजूद 28 हजार नगदी सहित एक सोने की अंगूठी, दो मंगलसूत्र, दो चांदी की अंगूठी,दो पायल,दो सोने की कील लेकर फरार हो गये। पीड़ित ने बृहस्पतिवार को चोरी की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दिया है। हालांकि पुलिस प्रकरण की छानबीन में जुट गई थी।

# निजी सेंटरों में गर्भवतियों को मिलेगी मुफ्त अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**कौशाम्बी।** सरकार ने गर्भवती महिलाओं को बड़ी राहत दी है। अब इन्हें अल्ट्रासाउंड की जांच के लिए जेब खाली नहीं करनी पड़ेगी। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने वाली गर्भवती की मुफ्त अल्ट्रासाउंड जांच के लिए जिले में दो सेंटर अनुबंधित है।

सीएमओ डॉ. सुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि अब गर्भवती महिलाओं का मुफ्त अल्ट्रासाउंड करने वाले निजी केंद्रों को ई-रुपे के बाउचर से मौके पर ही भुगतान कर दिया जाएगा। गर्भवती महिला के अल्ट्रासाउंड कराने के बाद वह केंद्र संचालक को ई-रुपे का बारकोड दिखाएगी। जिसे स्कैन करते ही जांच का पैसा सीधे केंद्र संचालक के खाते में पहुंच जाएगा। हमारा उद्देश्य जेएसवाई के तहत गर्भवती को सभी सेवाएं मुफ्त मुहैया कराना है। आरसीएच नोडल एवं अपर सीएमओ डॉ. एसके झा ने बताया कि प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत अभी जिले में सिराथू के वंदना अल्ट्रासाउंड व हिना अल्ट्रासाउंड सेंटर को अनुबंधित किया गया है। जहां पर गर्भवती महिलाओं की मुफ्त जांच हो रही है। जल्द ही जिले के और प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटरों को इसमें शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती को सभी सेवाएं मुफ्त दी जाती हैं। प्रत्येक माह की नौ तारीख को जनपद के सभी स्वास्थ्य इकाई व 24 तारीख को जनपद के सभी आठ प्रथम संदर्भन इकाई (फर्स्ट रेफरल यूनिट) इकाइयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस मनाया जाता है। मैटरनल हेल्थ कंसल्टेंट आकशदीप बताते हैं कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर उन गर्भवती महिलाओं का नाम, पता व मोबाइल नंबर जिले पर उपलब्ध कराएंगे, जिन्हें अल्ट्रासाउंड जांच लिखी गई है। इसके बाद जिला स्तर पर बनाकर ई-रुपे बाउचर बनाकर लाभार्थियों के मोबाइल पर भेज दिया जाएगा। ये बारकोड एक महीने तक मान्य रहेगा। इस अभियान में अब तक 96 वाउचर जेनरेट किए गए।

### सोलर पैनल से गरीबों के घरों में पहुंचेगी बिजली

**कौशाम्बी।** अब गरीबों के घर भी दुधिया रोशनी से जगमगाएंगे। प्रधानमंत्री सहज हर घर बिजली योजना के तहत 10 घर के पुरवा व मजरे में सोलर पैनल के जरिए घर-घर प्रकाश पहुंचेगा। अपर मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी को पत्र भेज ऐसे मजरों के गरीब घरों का विद्युतीकरण कराने का फरमान जारी किया है। शासन के फरमान के बाद डीएम ने अधिशासी अभियंता विद्युत को दिशा निर्देश जारी कर दिया है। इसके लिए कार्यदायी संस्था को भी नामित कर दिया गया है। यूपीनेडा विद्युतीकरण से वंचित मजरों में हर घर सोलर पैनल लगाएगा।

## विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**कौशाम्बी।** नरसिंहपुर कबरहा गांव में ब्याही युवती को ससुरालवालों ने शादी के छह माह बाद ही घर से निकाल दिया। मायके से नकदी व बाइक नहीं लाने पर उसके साथ मारपीट की गई। गुरुवार को पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के पभोषा गांव की रीना देवी ने बताया कि साल भर पहले उसकी शादी फतेहपुर के नरसिंहपुर कबरहा गांव में अभय के साथ हुई थी। शादी के बाद वह ससुराल पहुंची तो कुछ दिन सब ठीक रहा। जब वह पहली बार ससुराल से मायके के लिए निकली तो ससुरालवालों ने कहा कि अब आना तो बाइक के साथ 50 हजार रुपये नकदी लेकर ही आना। मायके पहुंचकर विवाहिता ने आपबीती परिजनों को बताई। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत हुई तो ससुराल वाले उसे बुला ले गए। इसके बाद मांग पूरी नहीं होने पर महीने भर पहले पिटाई करते हुए घर से निकाल दिया। गुरुवार को पीड़िता परिजनों के साथ मंझनपुर पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। एसपी ने महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# अपराध नियंत्रण में ढिलाई पर नपेगें मातहत : एसपी



कोतवाली लालगंज में परिसर का निरीक्षण करते एसपी

**लालगंज।** एसपी सतपाल अंतिल ने स्थानीय लालगंज कोतवाली का बुधवार की देर रात औचक निरीक्षण किया। वही पुलिस कप्तान ने नगर में पुलिस की पैदल गश्त में स्वयं शामिल होकर चेकिंग अभियान पर भी पैनी नजर डाली। एसपी सतपाल अंतिल देर शाम बाजार आ धमके। एसपी बाजार मे हो रही पैदल गश्त का निरीक्षण करते हुए स्वयं भी इसमे शामिल हो गये। रास्ते में पुलिस अधीक्षक ने दो पहिया वाहन सवारों को हेलमेट न लगाए जाने पर आगाह भी किया। पैदल गश्त के बाद एसपी कोतवाली पहुंचे। यहां अपराध से जुड़े अभिलेखों का निरीक्षण किया। एसपी ने अभिलेखों के साथ पुलिस बैरिक तथा महिला हेल्पडेस्क, कम्प्यूटर कक्ष, पुलिस मेस व जनसुनवाई कक्ष का भी विधिवत निरीक्षण किया। एसपी ने जनता के द्वारा प्रतिदिन दिये जाने वाले प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में धीमी प्रगति को लेकर नाराजगी जतायी। हालांकि पुलिस कप्तान मुकदमों में विवेचना के निस्तारण में प्रगति देख संतुष्ट दिखे। एसपी ने पिछले वर्ष मार्च माह में पांच सौ से अधिक विवेचनाओं के लंबित रहने के सापेक्ष इस वर्ष मार्च में मात्र एक सौ छः विवेचनाओं के लंबित रहने पर संतोष जताया। एसपी ने लालगंज कोतवाली तथा सीओ कार्यालय को अभिलेखों तथा भवन एवं साफ सफाई को लेकर शीघ्र ही प्रदेश के आईएसओ मानक के थाने व सीओ कार्यालय को हाईटेक करने पर जोर दिया। एसपी ने कोतवाली मे मौजूद शिकायतकर्ताओ से भी उनकी समस्याओं के बाबत पूछताछ की। निरीक्षण मे मौजूद प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने शिकायतो के समाधान कराए जाने के कडे निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अभिलेखो पर एसपी की पैनी नजर दिखी। इस दौरान दीवान ज्ञानचंद्र तिवारी की भी घिघ्घी बंधी दिखी। निरीक्षण के समय लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर भी मौजूद रहे। एसपी ने सीओ को भी अनुसूचित जाति एवं महिला उत्पीडन से जुडे मुकदमों के निस्तारण व शिकायतो के समाधान के बाबत तल्ख निर्देश दिये। करीब दो घंटे तक पुलिस अधीक्षक ने लालगंज बने रहने पर यहां हडकंप का माहौल दिखा। इसके बाद एसपी लीलापुर थाने पहुंचे और वहां भी अभिलेखो का निरीक्षण करते मातहतो को पुलिसिंग के टिप्स दिये।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में बिचौलिये के पैसा मांगने पर करें सूचित : परियोजना निदेशक

**प्रतापगढ़।** परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण डा0 आर0सी0 शर्मा ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण 2022-23 के अन्तर्गत स्वीकृत किये गये अधिकांश लाभार्थियों की प्रथम किस्त की धनराशि उनके बैंक खातों में अंतरित करायी जा चुकी है। कुछ लाभार्थियों से शिकायतें प्राप्त हो रही है कि प्रथम किस्त की धनराशि का उपभोग करने के पश्चात उनसे आवास की द्वितीय किस्त दिलाने के नाम पर धनराशि की मांग की जा रही है तथा यह कह कर धमकी दी जा रही है कि जब तक पैसा नहीं देगें, आवास की द्वितीय किस्त की धनराशि अवमुक्त नही करायी जायेगी। उन्होने समस्त लाभार्थियों को सूचित किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना पूर्णतयः निःशुल्क है। प्रथम किस्त की धनराशि से कम से कम नींव स्तर तक का निर्माण करने के पश्चात इसकी सूचना तत्काल सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारीध्विकास खण्ड को देते हुये कराये गये कार्य का जियोटैग करायें जिससे उन्हे नियमानुसार द्वितीय किस्त जारी किया जा सके। इस कार्य में यदि किसी भी बिचैलिये अथवा किसी भी व्यक्ति द्वारा धनराशि की मांग की जाती है तो इसकी सूचना विकास खण्ड कार्यालय या जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय को तत्काल उपलब्ध करायें। परियोजना निदेशक ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को भी निर्देश दिया है कि लाभार्थियों द्वारा प्रथम किस्त की धनराशि नियमानुसार उपभोग करने के तत्काल बाद जियोटैग कराते हुये द्वितीय किस्त के निर्गमन की कार्यवाही करें, किसी भी लाभार्थी से यदि इस आशय की शिकायत प्राप्त होती है कि उन्हें द्वितीय किस्त/तृतीय किस्त देने में जानबूझ कर विलम्ब किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### युवाओं को आत्मनिर्भर भविष्य निर्माण के लिए ज्ञानप्रद शिक्षा आवश्यक : पूर्णांशु



**लालगंज।** नगर स्थित सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का गुरूवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज एवं पूर्व प्रमुख पूणार्शु ओझा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविरार्थी छात्रा दीक्षा पाण्डेय एवं प्राची श्रीवास्तव तथा सेजल सोनी ने सरस्वती वंदना व अंजली मिश्रा एवं सुरभि तिवारी ने स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुति दी। शिविरार्थी छात्रा अर्पिता पाण्डेय, साक्षी शुक्ला, तनु तिवारी, प्रिया मिश्रा, शालिनी, आकांक्षा, लकी यादव ने महाविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि प्रमुख अमित सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के माध्यम से युवाओं मे अनुशासन तथा चरित्र निर्माण का बोध हुआ करता है। विशिष्ट अतिथि आचार्य रामअवधेश मिश्र ने युवाओं से भारतीय संस्कृति को आत्मसात किये जाने का आहवान किया। अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रमुख इं. पूणार्शु ओझा ने कहा कि उच्च शिक्षा के वृहद ज्ञान के साथ छात्र छात्राओ मे आत्मनिर्भरता के लिए व्यक्तित्व निर्माण की प्रेरणा हुआ करता है एनएसएस शिविर। अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल व बाबा नरेन्द्र ओझा ने भी मेधा शक्ति की सफलताओं का बखान किया। कार्यक्रम के संचालक एवं कार्यक्रमाधिकारी डा. अंबिकेश त्रिपाठी ने शिविर की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। प्राचार्य डा. अमित सिंह ने स्वागत तथा निदेशक संदीप मिश्र ने आभार जताया। समापन समारोह का संयोजन डा. धर्मेन्द्र बहादुर सिंह ने किया। कार्यक्रम में शिविर के दौरान वाद विवाद, लेखन, चित्रकला व रंगोली एवं जागरूकता से जुडे कार्यक्रमों मे सफल शिविरार्थियों को अतिथियो ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सावित्री वर्मा, सीता सिंह, अशोक तिवारी, डा. रजनी सिंह, डा. संतोष प्रजापति, नवीनचंद्रा आदि रहे।

### भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, मगन श्रद्धालु



**प्रतापगढ़।** सांगीपुर वार्ड में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर गुरूवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। अबीर गुलाल व पुष्प वर्षा के बीच निकली कलश यात्रा मे श्रद्धालु भगवान द्वारिकाधीश व भागवत भगवान के जयकारे मे भी उत्साहित दिखे। कलश यात्रा सरकारी अस्पताल गेट से चैक होते हुए कोतवाली के समीप हरिहरमंदिरम पहुंची। यहां भक्तों ने मां दुर्गा तथा द्वारिकाधीश समेत विभिन्न देवी देवताओं का दर्शन पूजन कर ज्ञान यज्ञ की सफलता की कामना की। कलश यात्रा इसके बाद आयोजन स्थली पहुंची। यहां कथाव्यास आचार्य विद्याभूषण शुक्ल ने भगवान श्रीकृष्ण के अनुपम चरित्र का बखान करते हुए कहा कि भगवान का भजन ही संसार का अलौकिक सुख है। उन्होने श्रद्धालुओं से कहा कि मन वचन व कर्म से शुद्ध होने पर स्वयं भगवत कृपा हो जाया करती है। आयोजन के संयोजक श्याम सुंदर तिवारी व निर्मला त्रिपाठी ने कथाव्यास विद्याभूषण का श्रीअभिषेक किया। सह संयोजक संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष तिवारी व सीमा त्रिपाठी तथा चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कथाव्यास का सारस्वत सम्मान किया। इस मौके पर शंभू तिवारी, ज्ञानू तिवारी, प्रदीप शुक्ला, आशीष त्रिपाठी, अखिलेश द्विवेदी, सुमित तिवारी, दिलीप पाण्डेय, लवकुश शुक्ला, आदि रहे।

## जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान अप्रैल में होगा संचालित

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग अभियान तथा दिनांक 17 से 30 अप्रैल 2023 के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि संचारी व विषाणु जनित रोगों के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। उन्होने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुये जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में 01 से 30 अप्रैल 2023 तक संचालित किया जायेगा। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 01 अप्रैल से पहले संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर लें। उन्होने कहा कि स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फागिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाये। तालाबों, नालों एवं नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि निगरानी समितियाँ डोर-टू-डोर सर्वे करें। अभियान के प्रारम्भ होने के उपरानत इस बात का ध्यान रखा जाये कि माइक्रो प्लानिंग फार्मेट में तिथिवार एवं क्षेत्रवार जिस प्रकार गतिविधियां अंकित की गई है वह उसी प्रकार तिथिवार एवं क्षेत्रवार संपादित की जाये जिससे सभी गतिविधियों की सुचारू रूप से मानीटरिंग सम्भव हो सके। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत व निकायों द्वारा स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, फागिंग व शुद्ध पेयजल के लिये लगातार कार्य किया जाये।

# दस साल से ऊपर के बने आधार को अपडेट जरूर कराएं : डीएम

**बैठक**

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आधार अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आधार अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निदान करने और नये आधार कार्ड बनाने की गति तेज करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं में आधार कार्ड की अनिवार्यता है ऐसे में व्यापक जनहित को देखते हुये आधार से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान आवश्यक है। इस कार्य में लापरवाही कदापि न बरती जाये। समीक्षा में बेसिक शिक्षा विभाग के आधार के टारगेट किट् 34 के सापेक्ष मात्र 18 किट एक्टिव पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आधार के अवशेष किट को एक्टिव किया जाये, लापरवाही न बरते। इसी प्रकार इण्डिया पोस्ट, बैंक एवं सीएससी बैंक के आधार किट् के टारगेट किट एवं एक्टिव किट की समीक्षा की गयी एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अनुरोध किया है कि आधार एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है इसके माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है इसलिये इसका अपडेटेड होना जरूरी और लाभदायक है, अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है। आधार की एक विशेषता है कि आप इसे आसानी से अपडेट करा सकते है विशेष तौर पर अपना पता और मोबाइल नम्बर हमेशा अपडेट रखें। उन्होने जनसामान्य से कहा है कि अगर आपका आधार बने हुये 10 साल या उससे अधिक हो गये है तो अपना आधार अपडेट जरूर करायें। आधार अपडेट के लिये अपने पते एवं पहचान का वैध प्रमाण लेकर अपने नजदीकी आधार केन्द्र आये और अपना आधार अपडेट करायें, इसके लिये निर्धारित शुल्क 50 रुपए है। उन्होने यह भी बताया कि आधार दो प्रकार से अपडेट करा सकते है जिसमें आनलाइन https://ssup-uidai-gov-in/ssup से आप पते एवं पहचान का वैध प्रमाण अपलोड कर सकते है जिसके लिये निर्धारित शुल्क 25 रुपए है तथा अपने नजदीकी आधार केन्द्र पर जाकर आप अपने आधार में अपडेट करा सकते है जिसके लिये शुल्क 50 रुपए है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनिल कुमार, क्षेत्रीय कार्यालय यूआईडीएआई के प्रभात कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# वैज्ञानिक सोच से ही जिले का विकास संभव

**बोले जिलाधिकारी**

जनपद स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में एवं जिला विज्ञान क्लब आजमगढ़ के तत्वाधान में जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, जाफरपुर में 'वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान' विषय पर जनपद स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा फीता काटकर एवं मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।



दीप जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि बच्चों की वैज्ञानिक सोच से ही जनपद का विकास संभव हो सकेगा। विद्यार्थी अपने अंदर वैज्ञानिक सोच जरूर विकसित करें। उन्होंने बच्चों के मॉडल को देखा और उनकी सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि विज्ञान में जब हम थ्योरी के आधार पर कोई ऐसा उपकरण बनाते हैं, जो आम जनमानस के लिए उपयोगी हो, तो वह विज्ञान के विज्ञार्थी की ओर से विज्ञान के लिए सबसे अच्छा उपहार है।

जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक इं.कुलभूषण सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होने बताया कि 2023 की राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम ह्लवैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञानह्व है। उन्होने बताया कि जनपद से, विभिन्न स्कूलों से आये हुए बच्चों में से श्रेष्ठ 15 मॉडल जनपद स्तर पर चुने गये। उन्होने बताया कि मण्डलीय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 25 मार्च को आयोजित की जायेगी। जनपद स्तर पर चयनित आजमगढ़, मऊ एवं बलिया के 15-15 मॉडल की प्रतियोगिता करायी जायेगी। जिसमें से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 10 मॉडलों का चयन किया जायेगा। इस अवसर पर इं.प्रेमानन्द पटेल, इं0.अरविन्द यादव, इं.अनुराग द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल सिंह व डॉयट वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र प्रताप सिंह, अराधना राय, प्रिती गोंड़, निरूपमा एवं मनीष गिरी आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉयट प्रवक्ता आशुतोष श्रीवास्तव ने किया।

**इन्हें किया गया पुरस्कृत**

**आजमगढ़।** प्रतियोगिता के दौरान प्रथम स्थान राजकीय बालिका इण्टर कालेज की विशाखा यादव को 3000 रुपए, द्वितीय स्थान राजकीय बालिका इण्टर कालेज की अंजू यादव को 2000 व तृतीय स्थान प्रतिभा निकेतन स्कूल से शिवम राज को एक हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। वैज्ञानिक सोच विकसित करने की सलाह देते हुए कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में होने वाली घटनाओं का यथासंभव वैज्ञानिक हल ढूंढने की कोशिश करनी चाहिये। यदि हम ऐसा करते हैं तो सही मायनों में हम वैज्ञानिक सोच की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

# संचारी रोग के विरुद्ध चलेगा घर-घर अभियान, एसडीएम ने ली बैठक



आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित करते एसडीएम।

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील के उप जिलाधिकारी कार्यालय पर संचारी रोग अभियान के लिए समन्वय बैठक हुई। आगामी एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग के विरुद्ध घर-घर दस्तक देंगी आशा आंगनवाड़ी।

उपजिलाधिकारी सगड़ी कार्यालय में सगड़ी तहसील क्षेत्र के स्वास्थ्य शिक्षा व बाल विकास पुष्टाहार विभाग की समन्वय बैठक एसडीएम राजीव रतन सिंह ने ली। इसमें संचारी रोग के विरुद्ध एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग माह में अभियान चलाकर सभी विभागों में समन्वय बनाकर तेजी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। एसडीएम ने बताया कि 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तहसील क्षेत्र के हर घर के दरवाजे पर आशा आंगनबाड़ी दस्तक देंगी। संचारी रोग से बचाव के उपाय की जानकारी देंगी वहीं उन्हें बीमारी से बचने की दवा व किट दी जाएगी। श्री सिंह ने लोगों को जागरूक करने और बीमारियों से बचाव के लिए समन्वय बनाकर उपाय करने पर जोर दिया। इस दौरान अजमतगढ़ बिलरियागंज महाराजगंज हरैया के सभी कर्मचारी प्रदीप कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी निर्भय नारायण सिंह, रविता राव, रविशंकर, डाली मिश्रा, उमेश चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### दर्जनों छात्राओं ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के मालटारी महाविद्यालय पर तीन दिवसीय हेल्थ चेकअप कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों की संख्या में छात्र छात्राओं ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लिया लाभ। श्री गांधी पीजी कालेज मालटारी में सिफ्सा के तत्वावधान में स्थापित कक्ष में तीन दिवसीय हेल्थ चेकअप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तीसरे दिन गुरुवार को कार्यक्रम अधिकारी, असिस्टेंट प्रो.राजेश कुमार यादव की उपस्थिति में महिला रोग विशेषज्ञ डा.कंचन वर्मा सीएचसी बिलरियागंज, ने कालेज की छात्राओं का हेल्थ परीक्षण किया तथा उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। असिस्टेंट प्रो.राजेश कुमार यादव ने हेल्थ चेकअप कार्यक्रम को छात्र छात्राओं के लिए अति उपयोगी बताया। वहीं डा.कंचन वर्मा द्वारा कालेज की छात्राओं सपना प्रजापति, रंजना भारती, अर्चना चैहान, अंकिता आर्या, माधुरी यादव, निधि त्रिपाठी सहित कुल 35 छात्राओं का हेल्थ चेकअप किया गया।

### उपसंचालक चकबंदी अधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई



**आजमगढ़।** अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त समिति चकबंदी विभाग के तत्वाधान में गुरुवार को नेहरू हाल के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उपसंचालक चकबंदी अधिकारी सुरेश जायसवाल को माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्रा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी जल राजन चैधरी ने किया। सर्वप्रथम कर्मचारी संयुक्त समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों सहित कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। वक्ताओं ने निवर्तमान चकबंदी अधिकारी के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें कर्मचारियों के प्रति एक लोकप्रिय अधिकारी के रूप में उनमें विश्वास व्यक्त किया। राकेश बहादुर सिंह, सूर्य प्रकाश, धीरेंद्र शुक्ला, प्रदीप सिंह, राधेश्याम वर्मा, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि उपसंचालक चकबंदी अधिकारी सुरेश जायसवाल के प्रति सच्चा सम्मान तभी होगा जब हम उनके बताए गए रास्ते पर चलकर चकबंदी विभाग की छवि को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इस अवसर पर अभिषेक श्रीवास्तव, सत्येंद्र मिश्रा, प्रदीप दुबे, राहुल पाल, रमेश यादव, अखिलेश सिंह, देवी दत्त दुबे, धीरज सिंह, चकलाल यादव, सत्येंद्र चैबे, सुभाष, मालती देवी आदि उपस्थित रहे। अंत में सुरेश जयसवाल ने अपने समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों के प्रति स्नेह व्यक्त किया। संचालन विवेक श्रीवास्तव ने किया।

### जब भी धर्म की हानि हुई, भगवान ने लिया अवतार



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के हरसिंहपुर में श्री शीलता माता मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में 22 से आरम्भ होकर 30 मार्च तक श्रीरामकथा का आयोजन चल रहा है जिसमें डॉ.उमाकान्ता नंद सरस्वती जी कथा वाचक हैं। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने मानवता के मयार्दाओं में रहकर लीला किया। सत्य सनातन धर्म उनके आदर्शों पर चल रहा है। धर्म की जब भी हानि हुई है उसकी स्थापना के लिए भगवान ने अवतार लिया है। उन्होंने कहा कि प्रेम की निशानी तो रामसेतु है। लोगों ने अन्य को बेवजह प्रेम के नाम पर तवज्जों दे दिया। जिस रामसेतु की स्थापना बानर भालू के सहयोग से हो गयी जिसके लिए उस सेतु का निर्माण हो गया। उससे बड़ा प्रेम का और उदाहरण क्या हो सकता है। उन्होंने छोटी कहानियों से जीवन में आने वाले तमाम परेशानियों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि समस्याओं को सिर पर ढोने से अच्छा है कि सब भगवान को सौंप दीजिए। मानव है तो मानवता का मिसाल दें। आजकल के आदमी से ज्यादा जानवर वफादार है। कथा की शुरूआत में लोगों ने श्री सरस्वती जी का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। अंत में श्री राम जी की आरती हुई। आरती धर्मेंद्र सिंह, मनोज कुमार श्रीवास्तव, दिवाकर सिंह, बंदना सिंह, डा.अंजना सिंह के कर कमलों से हुआ। इस अवसर पर राजेश सिंह, गोपाल सिंह, जयशंकर सिंह, राहुल शर्मा, सत्यप्रकाश सिंह, दुर्गेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### समपार बंद करने का ग्रामीणों ने किया विरोध



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जगरनाथ सराय गांव स्थित मानव रहित समपार बंद करने आये रेलवे कर्मियों को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। तकरीबन छ घंटे की मशक्कत के बाद अंडरपास बनाये जाने की टेंडर प्रक्रिया तक आवागमन सुचारू रहने के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल तैनात रहे। शाहगंज मऊ रेलखंड पर शासन के निर्देश पर समपार बंद किये जा रहे हैं। रेलवे विभाग बगल से दूसरे समपारों तक मार्ग निर्माण कर रहा है। क्षेत्र के जगरनाथ सराय समपार लंवे समय से रहा है। इससे बाकीपुर, असाउर, मैनी, मझगावा आदि गावों के लोग इसी के सहारे आवागमन करते रहे हैं। रेलवे विस्तार के दौरान यहां पर कर्मचारी की तैनाती कर फाटक भी लगा दिया था। ग्रामीणों को जब समपार के समाप्त होने की भनक लगी तो पूर्व में ही जनपद के सांसदो समेत विधायक से इसे सुचारू रखने की गुहार लगाई थी जिसपर सभी ने सहमति भी दी थी। इधर शासन द्वारा समपारों के बंद करने की प्रक्रिया के तहत गुरुवार को भोर में जेसीबी के साथ पहुंची टीम ने समपार पर बने रास्ते को तोड़ना शुरू किया तो भनक ग्रामीणों को लग गयी। ग्रामीणों के विरोध पर कार्य रुक गया। दिन में जब रेलवे अधिकारी पहुंचे तो ग्रामीणों से वार्ता शुरू हुई। अधिकारी बगल से बने रास्ते और आदेश की दुहाई देते रहे जबकि ग्रामीण अपनी व्यथा बताते रहे। सूचना पाकर पूर्व मंत्री सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव भी पहुंचे और ग्रामीणों की मांग का समर्थन किया। तकरीबन डेढ बजे एसडीएम सदर मौके पर पहुंचे। यहां पर ग्रामीणों से वार्ता के बाद सहमति पत्र दिया जिसमे समपार की जगह अंडरपास बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया होने तक समपार नही बंद होगा। इसके बाद बंद कर दिया जायेगा। इस आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

### निर्माण कार्यों की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक 25 को

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चैहान की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक आगामी 25 मार्च को अपरान्ह 4.30 बजे उनके कार्यालय सभागार में आहूत की गयी है, जिसमें मण्डल के तीनों जनपदों में 50 लाख एवं उससे अधिक लागत की तथा 50 करोड़ से अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की जायेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मण्डलीय अर्थ एवं संख्याधिकारी डा.नीरज श्रीवास्तव ने बैठक से सम्बन्धित समस्त कार्यदायी संस्थाओं तथा प्रशासकीय विभागों के मण्डलीय अधिकारियों से अद्यतन प्रगति के साथ समय से बैठक में उपस्थित होने की अपेक्षा की है।

### राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कल

**आजमगढ़।** मण्डल के जनपदों में कर करेत्तर राजस्व वसूली, अन्य राजस्व कार्यों आदि में हुई प्रगति की समीक्षा बैठक मण्डलायुक्त मनीष चैहान की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार में 25 मार्च को आयोजित की गयी है। यह जानकारी अपर आयुक्त (प्रशासन) हंसराज ने दी है। उन्होंने सम्बन्धित मण्डलीय, जनपदीय अधिकारियों से उक्त बैठक में समय से प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### विकास कार्यक्रमों की समीक्षा 27 को

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चैहान द्वारा 27 मार्च को पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपने कार्यालय सभागार में शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता से सम्बन्धित कार्यक्रमों की मण्डल के जनपदों में हुई प्रगति की समीक्षा की जायेगी। यह जानकारी देते हुए संयुक्त विकास आयुक्त एमएन पाण्डेय ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों से उक्त बैठक में पूर्ण विवरण के साथ समय से प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### रावण पर विजय प्राप्त करने हेतु श्रीराम ने की थी शक्ति देवी की आराधनाः पं.कौशल किशोर

**आजमगढ़।** शहर से सटे जाफरपुर गांव में श्रीरामकथा आयोजन समिति के तत्वाधान में चल रहे नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा में नौरात्र के प्रथम दिन बाल व्यास पं.कौशल किशोर जी महाराज ने कहा कि चैत्र मास में नवमी तिथि को जगद्निंयता ने श्रीराम के रूप में अवतार लिया और अश्विन मास के नवरात्र में नवमी पर्यन्त दशमी तिथि को रावण पर विजय प्राप्त कर धरती को भयमुक्त किया। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में चार नवरात्र आते हैं जिसमें दो प्रकट नवरात्र और दो गुप्त नवरात्र होते हैं। चैत्र नवरात्र में भगवान का जन्म होता है तो शारदीय नवरात्र में भगवान को विजय की प्राप्ति होती है।

# अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की का अश्लील विडियो बनाकर ब्लैक मेल करने वाले अभियुक्त को कस्बा मेंहनगर के मोहल्ला हरबंशपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।



मेंहनगर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

मेंहनगर थाने 20 मार्च को वादी मुकदाम द्वारा शिकायत किया गया था कि मेरी नाबालिग पौत्री को बहला फुसला कर उसका अश्लील विडीयो लगभग एक वर्ष पूर्व विपक्षी अतीक उर्फ छोटक पुत्र इसराईल निवासी कस्बा मेहनगर द्वारा बना लिया गया था जो मेरी पौत्री को दिखाकर धमकी देता था कई बार दस हजार रुपये, पन्द्रह हजार रुपये करके लगभग पाँच लाख रुपया ले चुका है। इन लोगो के डर की बजह से मेरी पौत्री ने स्कूल जाना बन्द कर दिया था। उक्त लोग रास्ते में स्कूल जाते मेरी पौत्री के साथ छेडखानी करते थे करीब एक महिने बाद मेरी पौत्री 18 मार्च को स्कूल गयी तो रास्ते में अतीक उर्फ छोटक ने फिर से मेरी पौत्री के साथ छेडछाड शुरू कर दी तथा पैसा मांगने लगा और कहा की यदि तुमने पैसा नहीं दिया तो तुम्हारे परिवार को जान से मार दूंगा जिससे मेरी पौत्री काफी डर गयी और स्कूल न जाकर घर वापस आकर रोकर सभी बाते हम परिवार वालो को बतायी जिससे मेरा पुरा परिवार डरा व सहमा है। जिसके आधार पर पाक्सो एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ किया। 23 मार्च को उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संम्बन्धित अभियुक्त अतीक उर्फ छोटक पुत्र इशराईल वार्ड 10 हरिवंश नगर कस्बा मेहनगर को अक्षैबर पुलिया कस्बा मेंहनगर से गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

### शराबी ने बुजुर्ग को किया घायल, हालत गंभीर

**फूलपुर (आजमगढ़)।** शराब के नशे में धुत एक ब्यक्ति ने मामूली विवाद में 65 वर्षीय बुजुर्ग के सर पर डंडे से मार बुरी तरह कर दिया। जख्मी बुजुर्ग को गम्भीर अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम गोबरहा निवासी कंचन पत्नी बलिराम ने गांव के ही सुक्खू पुत्र कलवारी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। उसका आरोप है कि बुधवार की शाम राजतिलक 65 वर्ष पुत्र भेजन अपने घर के सामने बैठा था। इसी बीच गांव का ही निवासी सुक्खू पुत्र कलवारी शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौज देते हुए जा रहा था। राजतिलक के बोलने मात्र से सुक्खू नाराज हो गया और गाली देने लगा। बुजुर्ग द्वारा बिरोध करने पर डंडे से सर पर हमला कर दिया। राजतिलक के शोर मचाते हुए जमीन पर गिरते देख आरोपी मौके से गायब हो गया। इधर राजतिलक के परिवार की महिलाएं दौड़ पड़ी शोर सुनकर अन्य ग्रामीण आ गए और राजतिलक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर लाये जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर अवस्था देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। राजतिलक की पुत्रबधू कंचन पत्नी बलिराम की तहरीर पर सुक्खू के खिलाफ फूलपुर थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जिलाधिकारी ने किया निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण

**जायजा**

कार्य की स्थिति व गुणवत्ता का लिया जायजा

**जनसंदेश न्यूज**



निमार्णाधीन विश्वविद्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने निमार्णाधीन महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय सहित अन्य निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के परामर्शी डिजाइन एसोसिएट के प्रोजेक्ट इंजीनियर अभिनव मिश्रा एवं सुशील कुमार तथा कांट्रैक्टर ऑरकान पावर इंफ्रा के क्षेत्रीय प्रबंधक उमाकांत प्रसाद एवं कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-5 के अधिशासी अभियंता उदय प्रकाश सिंह से परियोजना के सम्बन्ध में जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने आगामी सत्र में विश्वविद्यालय में कक्षाओं के चलाने हेतु अकादमिक एवं प्रशासनिक भवनों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कार्यों को जल्द से जल्द गुणवत्तायुक्त पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट जल राजन चैधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने विकास खण्ड मेंहनगर के ग्राम सेर्रा में जूनियर विद्यालय से जवाहर विश्वकर्मा के घर तक मनरेगा के अन्तर्गत कराये जा रहे इण्टरलाकिंग कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य कर रहे मजदूरों की संख्या, वेतन, एवं कार्य की गुणवत्ता की स्थिति का जायजा लिया। इसी के साथ ही सेर्रा ग्राम में सुरेन्द्र चैहान के खेत से श्याम नारायण राम के खेत तक मनरेगा के अन्तर्गत कराये जा रहे बाहा कार्य का निरीक्षण किया। इसके पश्चात सेर्रा ग्राम में गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने भूसा, चारा, पानी, छाया आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये। गौशाला में क्षमता से अधिक पशु पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त किया।

# सुरक्षा का विशेष प्रबंध करें सर्राफा व्यवसाई व ग्राहक सेवा केंद्र संचालक

**सलाह**

सीसी टीवी कैमरा अन्दर बाहर दोनों तरफ लगाएं

**जनसंदेश न्यूज**

**फूलपुर (आजमगढ़)।** फूलपुर कोतवाली प्रभारी ने सरार्फा व्यवसायी व ग्राहक सेवा केन्द्र संचालकों संघ बैठक कर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा दुकान के सामने सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया।



बैठक को सम्बोधित करते कोतवाली प्रभारी।

फूलपुर कोतवाली परिसर में सरार्फा व्यवसाई व ग्राहक सेवा केंद्र संचालको की बैठक प्रभारी निरीक्षक की उपस्थित में सम्पन्न हुई।

बैठक का मुख्य मुद्दा चोरी छिनैतियो चोरी के सामान या सोना चाँदी बिक्री करने वालो पर विशेष ध्यान दे, क्रय विक्रय करने वालो का नाम पता मोबाइल नम्बर अपने रजिस्टर में अंकित कर अपने को सुरक्षित रखे। अपनी दुकानों पर सीसी टीवी कैमरा अवश्य लगवाए। कही किसी जगह अपने आप को असुरक्षित महसूस करे तो सर्व प्रथम सर्वाजनिक स्थल पर पहुचने का प्रयास करे एक शौ बारह पर फोन से बात ना हो तो तत्काल हमे फोन करे निःशंकोच पैसा ट्रांजेक्शन करना हो बड़ा एमाउंट हो हमे अवगत कराएं हम पुलिस जवान भेजकर आप का पैसा बैक से दुकान या दुकान से बैक तक सुरक्षित करा देंगे।

ग्राहक सेवा केंद संचालक ज्यादा पैसा एक जगह न रखे और सीसी टीवी कैमरा अवश्य लगवाएं। थाना प्रभारी ने कहा किसी भी समस्या के लिए निःसंकोच बताए अगर हमारे सिपाहियों से भी कोई समस्या हो तो हमे अवगत कराएं हम आप की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है इस अवसर पर ब्यापार मण्डल अध्यक्ष अजय जायसवाल, सरार्फा अध्यक्ष मनोज उर्फ डिम्पल, राजित यादवं अखिलेश विश्ववकर्मा सहित अन्य ग्राहक सेवा केंद्र सरार्फा व्यवसायी उपस्थित रहे।

### जमसर ग्राम प्रधान चुनाव की पुनः होगी मतगणना

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** अजमतगढ़ ब्लाक के जमसर गांव के संपन्न हुए ग्राम प्रधान चुनाव की मतगणना फिर से होगी। इसके लिए कोर्ट ने आगामी 21 अप्रैल की तारीख तय की है। बता दें कि यहां पर एक वोट के अंतर से हार-जीत हुई थी। परिणाम घोषित होने के बाद दूसरा पक्ष तहसील न्यायालय में दोबारा मतगणना कराए जाने के लिए याचिका दाखिल किया था। कोर्ट के आदेश पर अब दोबारा इस गांव की मतगणना कराई जाएगी। जमसर गांव में बीते 19 अप्रैल 2021 को पंचायत चुनाव का मतदान हुआ था और 2 मई 2021 को मतगणना हुई थी। मतगणना में जमसर ग्राम सभा के प्रधान पद के प्रत्याशी सविता पत्नी रामाश्रय राय 582 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहीं, और रंजना राज पत्नी मनीराम 583 मत पाकर विजई हुई थी। जीत- हार के बीच सिर्फ एक वोट का अंतर रहा। सविता द्वारा कई बार रिकाउंटिंग के लिए कहा गया पर काउंटिंग न करा कर आनन- फानन में विजेता की घोषणा कर दी गई। इस मामले को लेकर सविता ने तहसीलदार कोर्ट सगड़ी में याचिका दाखिल किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने जसमर गांव की 21 अप्रैल 2023 को अजमतगढ़ सभागार में पुनः मतगणना कराने का आदेश दिया है। दो साल बाद मतगणना के आदेश पर सविता राय पत्नी रामाश्रय राय उत्साहित हैं।

# एसडीएम ने की भूमाफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई

## करोड़ों की कीमती भूमि को 10 साल बाद नवीन परती किया घोषित

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के बैजाबारी गांव में फर्जी तरीके से सपा कार्यकाल में ग्राम समाज की सड़क किनारे करोड़ों की जमीन को स्थानांतरित कर बेकार भूमि दी गई थी। उप जिलाधिकारी राजीव रतन सिंह ने भू माफिया पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पुनः करोड़ों की कीमती सरकारी भूमि को नवीन परती घोषित किया। वही भूमाफिया के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने के लिए निर्देशित किया।

बैजाबारी गांव में लाटघाट रौनापार सड़क के किनारे वर्ष 2012 में सपा कार्यकाल के दौरान लगभग 10 बिस्वा सरकारी भूमि को तात्कालीन ग्राम प्रधान दशी राम द्वारा रामकुबेर पुत्र भीम निवासी बैजाबारी को भूमि हस्तांतरित की गई थी। उनसे उसके बदले में गांव में 7 बिस्वा भूमि ली गई थी। सपा नेता सूर्यभान यादव के दबाव में फर्जी तरीके से सरकारी भूमि स्थांतरित की गई। भूमि स्थांतरित होने के उपरांत राम कुबेर के नाम से खतौनी में दर्ज हो गई।

एक साल पूर्व बैजाबारी ग्राम प्रधान व भूमि प्रबंध समिति के अध्यक्ष पार्वती देवी पत्नी लालू राम के संज्ञान में आने पर उपजिलाधिकारी सगड़ी न्यायालय में अपील की गई जिसमें उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रतन सिंह ने फर्जी तरीके से दबाव में स्थानांतरित भूमि को निरस्त करते हुए पुनः सरकारी भूमि नवीन परती के नाम से दर्ज करने के लिए आदेश दिया। उप जिलाधिकारी के आदेश से करोड़ों की कीमती सरकारी भूमि को भू-माफिया के द्वारा दबाव बनाकर फर्जी तरीके से अपने नाम खतौनी में दर्ज कराने का मामला उजागर हुआ।

# बलिदान दिवस पर याद किये गये भगत, राजगुरु व सुखदेव

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकताओं द्वारा बलिदान दिवस के अवसर पर श्री रामनगीना मिश्रा पीजी कॉलेज जोकहरा लाटघाट में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.विभूति नारायण सिंह एवं संचालन जिला संयोजक गौरव शर्मा ने किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।



शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रयास कार्यकर्ता।

मुख्य अतिथि प्रांत मंत्री सौरभ गौड़ ने कहा कि 23 मार्च कोई सामान्य तिथि नहीं है। जिस उम्र में विद्यार्थी पढ़ता है, खेलता है, उस उम्र में स्वंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले वीर शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को फांसी दी गई थी। स्वतंत्रता के बाद आज हमें जो विरासत मिली है उसको संभालने की जिम्मेदारी आज के विद्यार्थियों और युवाओं की है। शिव बालिका इंटर कॉलेज जीयनपुर में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विभाग संयोजक उत्कर्ष पाण्डेय ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी हमारे पूर्वज है उनका सम्मान करना हमारा दायित्व है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगो के बीच जाकर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। जीयनपुर नगर ईकाई के कार्यकर्ताओ द्वारा बड़ागांव पूनापार में बलिदान दिवस के अवसर पर शहीद सौदागर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विभाग संगठन मंत्री शिवम पाण्डेय ने कहा कि रिसर्च इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत विद्यार्थी परिषद के कार्यकत्ता ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों में गए थे। आज उन सभी परिवारों के लोग विद्यार्थी परिषद से जुड़े हैं। इस मौके पर आनंद सिंह, मनोज शाही, संजय पाण्डेय, अभिषेक राठौर, अमित शर्मा, आदित्य सिंह टिंकू सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में सहादत दिवस के अवसर पर प्रयास सामाजिक संगठन ने सर्फुद्दीनपुर स्थित एक मैरेज हाल में शहादत दिवस मनाया। मंच संचालन शायर व गीतकार आदित्य आजमी ने किया। इस दौरान कार्यकताओं व पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष रणजीत सिंह, प्रद्युम्न, मनोज, सुनील यादव, डा.हरगोविंद विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सैनी, अंगद साहनी, राणा बलवीर सिंह, महिमा चैधरी, साधना राय, मीरा चैहान, अनिल गोंड आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में 93वें शहीद दिवस के उपलक्ष्य में राहुल चिल्ड्रेन इंगलिश मीडियम एकेडमी के बच्चों ने रैली निकाली जो विद्यालय प्रांगण से डीएवी कालेज के रास्ते गांधी तिराहा होते हुए कुंवर सिंह उद्यान से त्रिमूर्ति तिराहा पहुंची। यहां स्थापित भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कक्षा सात की छात्रा सुहानी ने भगत सिंह पर एक सुन्दर गीत ह्यलाहौर की जेल में बैठा मां को लिखता परवानाह्ण गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आलोक यादव ने याद करें कुबार्नी तेरी हम सुनाया। दिशा श्रीवास्तव ने भगत सिंह के संघर्षों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सर्वजीत, एसडी यादव, बृजेश, सरिता, कुसुम आदि उपस्थित रहीं। इसी क्रम में बाबू केदारनाथ स्मारक जनसेवा संस्थान द्वारा संचालित भगत सिंह खेल एकेडमी निजामाबाद में महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा देश को दिए गए योगदान पर चर्चा की गयी। इस दौरान प्रतिभा खोज दौड़ कबड्डी तथा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पहलवान अमरजीत यादव ने कहा कि भारत मां के वीर सपूतों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाई इसलिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर डॉ.आदित्य सिंह, स्वतंत्र सोनकर, मिथिलेश कुमार यादव, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

### रोजगार उत्सव का आयोजन 27 को

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय राजकीय पालिटेक्निक में रोजगार उत्सव का आयोजन किया गया है तकनिकी शिक्षा प्राप्त बेरोजगारों के लिये रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मौका है। बता दे कि आगामी दिनांक 27 मार्च 2023 को राजकीय पॉलिटेक्निक अतरौलिया आजमगढ़ में बड़ा रोजगार उत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सात से अधिक बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भाग लेंगी एवं जो 300 से अधिक टेक्निकल (डिग्री, डिप्लोमा, आईटीआई) व नॉन टेक्निकल (12वीं) पास बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करायेगी। इस दौरान साक्षात्कार के पश्चात नौकरी दी जाएगी। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. सुबोध कान्त सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह रोजगार उत्सव राजकीय पॉलिटेक्निक अतरौलिया एवं इनोवेशन कम्स ज्वाइन्टली के संयुक्त प्रयास से लगाया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी 27 मार्च को सुबह 9 बजे संस्थान परिसर में पहुंचकर उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग हेतु अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण हेतु न तो संस्थान और न ही कंपनिया कोई भी पंजीकरण शुल्क लेंगी, पंजीकरण पूर्णतः निशुल्क है। संस्था के प्रधानाचार्य ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग लेने वाले अभ्यर्थियों को अपने साथ अपना नवीन बायोडाटा, नवीन पासपोर्ट फोटो, आधारकार्ड, बैंक अकाउण्ट का प्रुफ और अपने सभी डाक्युमेंट की फोटो कॉपी लानी होगी। शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। क्षेत्र के युवा इस अवसर का लाभ उठाएं।

**जनसंपादकीय**

# नए दौर में जापान और भारत

**प्रभात कुमार रॉय**



जापान और भारत के मध्य सदियों पुराने प्रगाढ़ सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध कायम रहे हैं. प्राचीन ऐतिहासिक दौर में भगवान गौतम बुद्ध का प्रबल पैगाम भारत से जापान की धरा पर पहुंचा था और जापान वस्तुतः बौद्ध धर्म से अनुप्राणित रहा है. जंग-ए-आजादी के दौर में इंडियन नेशनल आर्मी को जापान द्वारा सक्रिय सैन्य सहायता प्रदान की गई थी. आज के दौर में भारत और जापान के मध्य स्थापित हुए ऐतिहासिक संबंध नए शिखर को स्पर्श कर रहे हैं. जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने 27 घंटों की भारत यात्रा शुरू करने के पश्चात परस्पर कूटनीतिक संबंधों को एक और आयाम प्रदान किया गया. कूटनीतिक संबंध के इस आयाम के तहत हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की विस्तारवादी आक्रामकता से निपटने के लिए भारत और जापान अपनी रणनीतिक साझेदारी को अब और अधिक शक्तिशाली तौर पर निर्मित करेंगें. कोविड 19 के विकट दौर में हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत और जापान के मध्य रणनीतिक साझेदारी ने शानदार विस्तार ले लिया है. मुक्त, शांत और सुरक्षित हिंद प्रशांत क्षेत्र की खातिर जापान और भारत विगत वर्षों से ही कटिबद्ध रहे हैं और क्वाडिलेटरल डॉयलॉग अर्थात क्वाड रणनीतिक फ्रंट के दोनों राष्ट्र प्रमुख सदस्य हैं, क्वाड फ्रंट में अमेरिका और आस्ट्रेलिया भी शामिल हैं. क्वाड रणनीतिक फ्रंट को पुनर्जीवित करने में और आस्ट्रेलिया को इसमें शामिल कराने में भारत द्वारा विशिष्ट किरदार निभाया गया है. हिंद प्रशांत क्षेत्र की सैन्य सुरक्षा लिए आक्स एग्रीमेंट में भारत शामिल नहीं हुआ है, जोकि अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान और ब्रिटेन के मध्य अंजाम दिया गया है, आक्स एग्रीमेंट हिंद प्रशांत क्षेत्र में न्यूक्लियर पंडुबियों की तैनाती के संबंध में है. भारत वस्तुतः किसी सैन्य समझौते में शिरकत करने की नीति का अनुपालन नहीं करता है. 1971 की सोवियत संघ और भारत के मध्य संपन्न हुई 20 वर्षीय सैन्य संधि एक ऐतिहासिक अपवाद रही है. हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के विकट प्रश्न पर जापान के प्रधानमंत्री किशिदा आजकल भारत और जापान की संयुक्त कार्य योजना को अंतिम प्रारुप प्रदान करने में जुटे हुए हैं.जापान और भारत की इस कार्य योजना के तहत हिंद प्रशांत में संयुक्त तौर पर नेवल गश्त, रक्षा उपकरणों का आदान प्रदान, डिजिटल और साइबर सहयोग आदि अंजाम दिए जाएगें.

उल्लेखनीय है कि विश्वपटल पर आजकल भारत जी-20 और जापान जी-7 की कयादत कर रहे हैं. वसुधैव कुटुम्बकम की उदात्त भाव भंगिमा से ओतप्रोत रहे भारत जी-20 के वैश्विक मंच पर ग्लोबल साउथ के विकासशील मुल्कों की जबरदस्त आवाज बनकर उभरा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अल्फाजों में बयान करें तो जापान और भारत के मध्य स्थापित हुई और फिर परवान चढ़ी विशेष रणनीतिक साझेदारी वस्तुतः दोनों देशों के साझा जनतांत्रिक आदर्शों और मूल्यों तथा वैश्विक पटल पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मानपूर्वक परिपालन करने में निहित रही है. आजकल अंतरराष्ट्रीय यूक्रेन युद्ध के तनाव के भीषण दौर में इस शानदार साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान करने की अत्यंत आवश्यकता है. उल्लेखनीय है कि भारत और जापान के परस्पर कूटनीतिक ताल्लुकात में निरंतर गति से मजबूती आ रही है. सन 2000 से भारत और जापान का संबंध 'ग्लोबल पार्टनरशिप' का रहा, जोकि 2006 में 'स्ट्रेटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' में परिवर्तित हो गया. 2014 में भारत जापान संबंध ने नए शिखर को स्पर्श किया, जिसको 'स्पेशल स्ट्रेटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनशिप' कहा गया. भारत और जापान के मध्य निरंतर गति से बढ़ती हुई रणनीतिक साझेदारी से वस्तुतः हिंद प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्र में शान्ति, समृद्धि और स्थिरता को भी जबरदस्त बढ़ावा हासिल होगा. जापान के प्रधानमंत्री की कूटनीतिक यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के मध्य की गई प्रगति की गहन गंभीर समीक्षा अंजाम दी गई. रक्षा उपकरणों, तकनीकी सहयोग, व्यापार, स्वास्थ्य, और डिजिटल साझेदारी के सवालों पर विचारों का आदान-प्रदान अंजाम दिया गया. सेमिकन्डक्टर और अन्य क्रिटिकल टेक्नॉलाजी और भरोसेमंद सप्लाई चेन के महत्व पर भी दोनों राष्ट्रों के प्रतिनिधियों के मध्य सार्थक चर्चा हुई. विगत वर्ष जापान ने आगामी पांच वर्षों में भारत में 5 ट्रिलियन येन अर्थात तीन लाख बीस हजार करोड़ रुपयों का जापानी निवेश का लक्ष्य निश्चित किया था. जापान द्वारा भारत में आर्थिक निवेश करने की दिशा में शानदार प्रगति अंजाम दी गई. मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड ट्रेन प्रोजेक्ट के कार्य में तीव्रता आई. उल्लेखनीय है वर्ष 2023 को भारत और जापान द्वारा टूरिज्म एक्सचेंज वर्ष के तौर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया और टूरिज्म एक्सचेंज वर्ष के लिए दोनों देशों द्वारा कनक्टिंग हिमालय विद माऊंटेन फूजी थीम अर्थात हिमालय को जापान के फूजी पर्वत से संबद्ध करने का ज्वलंत थीम निर्मित किया गया. प्रधानमंत्री किशिदा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जापान के शहर हिरोशिमा में माह मई में आयोजित की जाने वाली जी-7 लीडर्स समिट के लिए भी बाकायदा आमंत्रित किया गया.

भीषण यूक्रेन युद्ध के दौर में जबकि जापान के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा का महत्व इसलिए और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि जी-7 का नेतृत्व करता हुआ राष्ट्र जापान और जी-20 की कयादत करता हुआ राष्ट्र भारत यदि संयुक्त तौर पर मिलकर, वस्तुतः विश्व को तृतीय विश्व युद्ध के कगार पर एक तरफ खड़े हुए नॉटो सैन्य संगठन और दूसरी तरफ सैन्य तौर पर सन्नद हुए रुस, चीन और ईरान गुट के मध्य मध्यस्थता अंजाम दे सकते हैं और विश्व पटल पर सामूहिक शांति और सुरक्षा के लिए प्रबल पहल कर सकते हैं. यूक्रेन युद्ध के कारण जापान जी-7 देशों के साथ मिलकर रुस के विरुद्ध कड़े आर्थिक प्रतिबंध आयद कर रहा है. जबकि भारत ने रुस के विरुद्ध आर्थिक प्रतिबंधों का विरोध करता है. द्वितीय विश्वयुद्ध में परमाणु बमों से अविस्मरणीय जख्मों को झेलने वाले जापान से अधिक युद्ध की विनाशकारी विभिषिका कौन सा देश समझ सकता है. भगवान बुद्ध के अनुगामी जापान और भारत राष्ट्र संयुक्त तौर पर मिलकर यकीनन विश्व को तृतीय विश्वयुद्ध की विभिषिका से बचा सकते हैं, जोकि यूक्रेन युद्ध के माध्यम से दुनिया के दरवाजे पर निरंतर अपनी विनाशकारी दस्तक दे रही है. द्वितीय विश्वयुद्ध में तो सिर्फ दो परमाणु बम दागे गए और विश्व पटल पर तकरीबन नौ करोड़ हलाक हुए और बेशुमार इंसान जख़्मी हुए थे, यदि तृतीय विश्वयुद्ध अंजाम दिया गया तो ना जाने कितने परमाणु और हाईड्रोजन बम दागे जाऐगें और फिर करोड़ों अरबों इंसान हलाक हो जाएगें.

**(लेखक प्रतिरक्षा मामलों के विशेषज्ञ और स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# आरएसएस, भाजपा और नरेन्द्र मोदी का विरोध

**समय- संदर्भ**

**रविभूषण**



कुछ कवियों-लेखकों, पत्रकारों-सम्पादकों, मीडियाकर्मियों-संस्कृतिकर्मियों, आलोचकों-विचारकों, बुद्धिजीवियों-सक्रियतावादियों, रंगकर्मियों-फिल्मकारों आदि के अतिरिक्त आरएसएस, भाजपा और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का मुखर विरोधी कौन है? राजनीतिक दलों में वाम और कम्युनिस्ट दलों के अलावा कौन ऐसा भारतीय राजनीतिक दल है, जो वैचारिक धरातल पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की वैचारिकी-सैद्धान्तिकी से पूर्णतः असहमत है। राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन में शामिल सभी दल क्या आरएसएस, भाजपा और मोदी के समर्थक हैं? क्या राजग से छिटके दल सचमुच भाजपा के विरोधी हैं या फिर कभी उनके साथ जुड़ सकते हैं?

अगला भारतीय आम चुनाव (2024) अभी एक वर्ष आगे है। 18वीं लोकसभा का चुनाव मई 2024 या उसके पहले निर्धारित है। चुनाव के पहले, चुनाव के समय और चुनाव के बाद गठबंधन चुनावी राजनीति में महत्वपूर्ण है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दलों में कुछ हलचलें और सक्रियताएँ आरंभ हो चुकी हैं। विपक्षी एकता मात्र चाहने से संभव नहीं होगी। इस समय लोकसभा में छत्तीस राजनीतिक दलों के सांसद विराजमान हैं। भाजपा से जुड़े राजनीतिक दलों के अलावा जो अन्य राजनीतिक दल हैं, क्या उन सब में एकता संभव है? गठबंधन और महागठबंधन का अपना एक इतिहास है। साठ के दशक में कांग्रेस विरोधी-स्वर समाजवादियों में जितने प्रखर थे, आज उनमें भाजपा विरोधी स्वर उतना प्रमुख नहीं है। उस समय लोहिया (23.3.1910-12.10.1967) कांग्रेस के प्रमुख विरोधी थे। काँग्रेस विरोधी लोहिया से कई कदम आगे है भाजपा। काँग्रेस मुक्त भारत की बात मोदी और अमित शाह ने की है। लोहिया समाजवादी थे और मोदी-शाह की विचारधारा 'हिन्दुत्व' की संघी विचारधारा है। भाजपा-समाजवादी मिलन एक सच्चाई भी है।

पहली बार 1967 के चुनाव में नौ राज्यों में कांग्रेस विरोधी दलों की सरकारें बनी थीं, जो अधिक समय तक टिकी नहीं रह सकीं। 1977 के चुनाव में सभी विपक्षी दल एकजुट नहीं हुए थे। विपक्षी दल समयझसमय पर मिलते और अलग होते रहे हैं। चुनावी राजनीति की अपनी मजबूरीयां हैं जिनसे कोई भी विपक्षी दल मुक्त नहीं है। विपक्षी दलों की एकता का आधार कभी वैचारिक नहीं रहा है। अठारहवीं लोकसभा चुनाव (2024) को लेकर अभी से जो कुछ पहल हो रही है, उसका मुख्य मुद्दा भाजपा को हराना है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद राहुल 'विपक्षी जोड़ो अभियान' नहीं चला रहे हैं। उनके नेतृत्व में विपक्षी दलों की एकता संभव नहीं दिखाई दे रही है। कांग्रेस देश का सर्वाधिक पुराना राजनीतिक दल है, जिसे मोदी की आक्रामक राजनीति ने काफी क्षति पहुँचायी है। काँग्रेस सहित किसी भी राजनीतिक दल ने शायद ही कभी इसकी कोई कल्पना की होगी। राजनीति में नेतृत्व का प्रश्न बड़ा प्रश्न है। नरेन्द्र मोदी के समक्ष आज भाजपा ही नहीं, आरएसएस का भी कद छोटा हो चुका है। ऐसे व्यक्ति को चुनौती देने वाला कोई भी व्यक्ति आज भारतीय राजनीति में नहीं है। चुनाव जीतने के लिए मोदी की तुलना में किसी को खड़ा नहीं किया जा सकता। विपक्षी दलों की एकता में नेतृत्व से कहीं अधिक महत्वपूर्ण आज के सवाल हैं। विपक्षी एकता क्यों? क्यों भाजपा को हराना जरूरी है? मतदाताओं के समक्ष आज के सभी सवाल महत्वपूर्ण होने चाहिए।

राहुल गांधी ने संसद के भीतर और बाहर मोदी से जैसे सवाल पूछे हैं, अडाणी से उनकी मैत्री और एक कॉरपोरेट को हर तरह से आर्थिक लाभ देने और दिलाने से जुड़े तीखे सवाल किए हैं, वैसे सवाल अन्य किसी नेता ने नहीं किए हैं। ममता बनर्जी अब राहुल गांधी के नेतृत्व पर प्रश्न कर रही हैं। उनके अनुसार राहुल गांधी का नेतृत्व विपक्षी दलों को स्वीकार्य नहीं होगा। विपक्षी एकता की इच्छा अनेक क्षेत्रीय दलों के नेताओं की है, पर नेतृत्व के सवाल पर उनमें एकता नही है। राहुल गांधी के नेतृत्व पर अभी तक केवल ममता बनर्जी ने ही विरोध प्रकट किया है। पहले के दो लोकसभा चुनावों (2014 और 2019) में नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्ष का चेहरा राहुल गांधी ही थे, जिसमें विपक्ष ही नहीं, उससे कहीं अधिक काँग्रेस बुरी तरह पराजित हुई। काँग्रेस संसद में विरोधी दल के रूप में मान्यता तक प्राप्त नहीं कर सकी। 2014 में भाजपा को 282 सीटों के साथ बहुमत मिला था और 2019 में उसकी सीट संख्या 21 और बढ़कर 303 हो गई। नेतृत्व के सवाल पर विपक्षी दल कभी एकमत नहीं हो सकते। काँग्रेस से अलग एक दूसरे मोर्चे के गठन को लेकर राजनीतिक दल सक्रिय हो रहे हैं। तीसरे मोर्चे का अर्थ है भाजपा और कांग्रेस के विरुद्ध अन्य राजनीतिक दलों का गठबंधन। 1989 के बाद ऐसे मोर्चे बनते और छिन्न-भिन्न होते रहे हैं। 1989-91 में जनता दल के नेतृत्व वाले राजनीतिक दलों ने एक गठबंधन बनाया था, जिसकी सरकार 1989 से 1990 के बीच रही। यह एक राष्ट्रीय मोर्चा (नेशनल फ्रंट) था, जिसके अध्यक्ष नंदामुरी तारक रामराव थे, जिन्हें एन. टी. रामराव (28.5.1923 - 18.1.1996) के नाम से अधिक जाना जाता है। विश्वनाथ प्रताप सिंह (25.6.1931-27.11.2008) इस मोर्चे के संयोजक थे, जो भारत के सातवें प्रधान मंत्री (2.12.1989-10.11.1990) बने। उनके बाद चन्द्रशेखर (17.4.1927 - 8.7.2007) प्रधान मंत्री बने 10 नवम्बर 1990 से 21 जून 1991 तक। इस 'नेशनल फ्रंट' के महासचिव तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के पी. उपेन्द्र ( 14.7.1936 झ 16.11.2009) थे। 1991 में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) मोर्चा का हिस्सा बना था। यह मोर्चा 1996 के लोकसभा चुनाव के पहले टूट गया। इसके एक वर्ष पहले तेदेपा विभाजित हो गयी थी। अल्पसंख्यक गुट एन. टी. रामराव के साथ था और बहुसंख्यक गुट चन्द्रबाबू नायडू के साथ। अब चन्द्रबाबू नायडू के स्वर्णिम दिन बीत चुके हैं।

राष्ट्रीय मोर्चा के बाद संयुक्त मोर्चा का गठन 1996 के बाद तेरह राजनीतिक दलों (जनता दल, समाजवादी पार्टी, द्रमुक, तेदेपा, अगप, अखिल भारतीय इन्दिरा कांग्रेस (तिवारी), वाम मोर्चा (चार दल), तमिल मनीला कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी) ने मिलकर किया था। इस मोर्चे की केन्द्र में 1996-1998 के बीच दो सरकारें बनीं। पहली सरकार में जनता दल के हरदनहल्ली डोडेगौडा देवगौड़ा (एच.डी. देवगौड़ा, 18.5.1933) प्रधानमंत्री बने और उनके बाद इस मोर्चे के दूसरे प्रधानमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल (4.12.1919-30.11.2012) थे। 1996 का जनादेश खंडित जनादेश था। उस चुनाव में भाजपा को सर्वाधिक सीटें प्राप्त हुई थीं झ 161, भाजपा को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया गया था। भाजपा ने सरकार बनायी, अटल बिहारी वाजपेयी प्रधान मंत्री बने, पर यह सरकार मात्र तेरह दिनों की सरकार थी। देवेगौड़ा की सरकार के गिरने के बाद संयुक्त मोर्चा को सत्ता से विदाई हो गयी। इसके कई वर्ष बाद तमिलनाडु विधान सभा की विपक्ष नेता और अन्ना द्रमुक की महासचिव जे. जयललिता (24.2.1948-5.12.2016) ने 18 जून 2007 को 'संयुक्त राष्ट्रीय प्रगतिशील गठबंधन' नाम से तीसरा मोर्चा बनाने की घोषणा की थी। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती (15.1.1956) इस मोर्चे में शामिल हुई थीं और उन्होंने अन्य नेताओं से अनुरोध किया था कि उन्हें प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में घोषित किया जाय। 2009 के चुनाव के पहले यह मोर्चा या गठबंधन अधिक सक्रिय था। विपक्षी दलों की एकता में आज कई अड़चने हैं। एक अड़चन प्रधानमंत्री पद को लेकर है। 'कौन बनेगा प्रधान मंत्री' नेताओं के बीच एक मुख्य सवाल रहा है। विपक्षी दलों के कई नेताओं की महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की रही है। ऐसे नेताओं के लिए पद महत्वपूर्ण रहा है। इस पदाकांक्षा से मुक्त या अलग शायद ही कोई नेता हो। अब राजनीति में, चुनाव में, सबकी आकांक्षा पद और धन की प्राप्ति है।

गठबंधन के बाद राजनीतिक दलों ने 'महागठबंधन' भी किया है। महागठबंधन भी काँग्रेस और भाजपा विरोधी था। भाजपा-काँग्रेस विरोधी गठबंधन की सरकार काँग्रेस के शामिल हुए या उसके समर्थन के बिना नहीं बन सकती। भाजपा और कांग्रेस विरोधी सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर भी 543 में से बहुमत के लिए 272 सीटें नहीं ला सकते। राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के 1998 में हुए गठन के बाद 2004 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) का गठन हुआ। भाजपा ने बहुमत में आने के बाद भी राजग को कायम रखा है। राजग के गठन के समय इसके सदस्यों की संख्या तेरह थी। इसका नेतृत्व भाजपा करती है। जिस समय राजग का गठन हुआ था, भाजपा की विचारधारा के समान केवल शिवसेना की विचारधारा थी। अब शिव सेना दो भागों में विभक्त हो चुकी है और दोनों अपनी विचारधारा समान मानते हैं। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना का गठबंधन कांग्रेस और राकांपा से है, जिनकी विचारधारा शिवसेना की विचारधारा की विरोधी है। इस समय भाजपा के सहयोगी दलों के सांसदों की संख्या लोकसभा में मात्र 29 है और यह गठबंधन कायम है। वाजपेयी की तेरह दिनों की सरकार के बाद भाजपा लोकसभा में एक सीट का साथ और उसका महत्व समझ चुकी है। चुनाव में वह कांँग्रेस और अन्य दलों की तुलना में कहीं अधिक व्यावहारिक और 'कैलकुलेटिव' है। लोकसभा की 543 सीटों में अभी राजग की सीट संख्या 332 है, राज्यसभा की 245 सीटों में उसकी 110 सीट है और राज्य विधान सभाओं की कुल 4 हजार 36 सीटों में से वह 1 हजार 806 सीटों पर मौजूद है। उसकी तुलना में संप्रग की स्थिति कहीं अधिक कमजोर है। लोकसभा में उसके 114 और राज्य सभा में 64 सांसद है। राज्य विधानसभाओं में उसकी कुल सीट संख्या 1 हजार 234 है। इन दोनों गठबंधनों की तुलना में तीसरे मोर्चे का कोई भी गठन स्थायी नहीं रहा है। तीसरा मोर्चा, संयुक्त मोर्चा, राष्ट्रीय मोर्चा अपने जन्म के कुछ वर्ष बाद ही समाप्त हो जाता है।

कांग्रेस और भाजपा विरोधी गठबंधन अल्पकालिक रहा है। कांग्रेस विरोध सफल हो चुका है और भाजपा विरोध असफल रहा है। इस असफलता के बाद भी राजनीतिक दलों ने कुछ नहीं सीखा है। अभी भाजपा की सरकार गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, असम और उत्तराखण्ड में है। त्रिपुरा सिक्किम, पुडुचेरी, नगालैण्ड, मेघालय, मणिपुर, महाराष्ट्र, हरियाणा और अरुणाचल प्रदेश में उसकी सरकार अन्य दलों के साथ है। इसी प्रकार कांँग्रेस की सरकार राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश में है और अन्य दलों के साथ उसकी सरकार बिहार, झारखण्ड और तमिलनाडु में है। जिन तीन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहाँ लोकसभा की कुल सीट 40 है और जिन तीन राज्यों में वह अन्य दलों के साथ सरकार में है, वहाँ लोकसभा की कुल 93 सीटें है। इस प्रकार कांग्रेस और उनके सह?योगी दलों के सांसदों की संख्या लोकसभा में कुल 133 है - बहुमत की संख्या की आधी संख्या से भी कम। दूसरी ओर भाजपा को अपनी सरकार और सहयोगी दलों के साथ उसकी सरकार जिन राज्यों में है, उन राज्यों की कुल लोकसभा सीट 253 है, जो बहुमत से कम है। क्षेत्रीय दलों की सांसद संख्या कांग्रेस से अधिक और भाजपा से कम है। ऐसी स्थिति में सभी क्षेत्रीय दलों की एकजुटता का भी विशेष अर्थ इसलिए नहीं है क्योंकि उसे सरकार बनाने में कांग्रेस का सहयोग प्राप्त करना उसके लिए आवश्यक होगा।

आरएसएस, भाजपा और मोदी सब एक साथ हैं। इनमें से किसी एक का विरोध चुनाव में अधिक मानी नहीं रखता और किसी भी दल में इतनी शक्ति नहीं है कि वह इन तीनों का एक साथ सार्थक विरोध कर सके। चुनाव के पहले के विरोध और चुनाव में विरोध के बीच अंतर है। कुछ नेताओं में प्रधानमंत्री बनने की आकांक्षा अब भी है। पश्चिम बंगाल में लोकसभा की सीट 42, बिहार में 40, तमिलनाडु में 39, और महाराष्ट्र में 48 है। अगर भाजपा और मोदी विरोध 'जेन्युइन' है, तो विरोधी नेताओं को प्रधानमंत्री बनने का सपना देखना छोड़ देना चाहिए। राहुल गांधी अकेले ऐसे नेता हैं, जिन्होंने एक साथ आरएसएस, भाजपा, मोदी और अडाणी का विरोध किया है। पाँच वर्ष पहले सुप्रीम कोर्ट के पाँच वरिष्ठ जजों ने प्रेस-कांफ्रेंस कर लोकतंत्र के समाप्त होते जाने के प्रति चिंताएँ प्रकट की थीं। आज सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को जिस तरह 'ट्रोल' किया जा रहा है, उसे समझने की जरूरत है। कानून मंत्री ने पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट और सेवा-निवृत्त जजों को लेकर जो टिप्पणियां की हैं, वे सामान्य नहीं है। देश में बार-बार संविधान और लोकतंत्र को बचाने की बातें कही जा रही हैं। यह कहा जा रहा है कि फासीवाद आ चुका है और देश कॉरपोरेट के हवाले किया जा रहा है।

जो सत्ता में है, वह कहीं अधिक शक्तिशाली है। विरोधी दल एक जुट होकर ही सत्ता हासिल कर सकते हैं, 2024 का लोकसभा चुनाव जीत सकते हैं। अखिलेश यादव का कोलकाता में ममता बनर्जी से मिलना, ममता बनर्जी का नवीन पटनायक से तथा अन्य मुख्य मंत्रियों से मिलने का एक अर्थ है, पर मुख्य सवाल लोकतंत्र और स्वायत्त संस्थाओं को बचाने का है, तलवारें सबकी गर्दन पर लटक रही हैं। ऊपर से विरोध और भीतर से समर्थन कोई नयी बात नहीं है। केजरीवाल मुख्यमंत्रियों का एक प्रगतिशील ग्रुप गठित करना चाहते हैं। इस समय प्रान्तीय स्तर पर गठबंधन जरूरी है। क्या यह संभव है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा को हराने के लिए तृणमूल कांग्रेस, वामदल और कांग्रेस एक साथ होंगे? यह असंभव है। पिछले लोकसभा चुनाव (2019) में वहाँ भाजपा को 18 सीटें मिली थीं जो 2014 में मात्र 2 थीं। 2014 में तृणमूल कांग्रेस को 42 में से 34 सीटें प्राप्त हुई थीं, जो 2019 में घटकर 22 हो गयीं। पश्चिम बंगाल में सपा और बीजद की, उत्तर प्रदेश में तृणमूल कांग्रेस और बीजद की, ओडिशा में सपा और तृणमूल कांग्रेस की, दिल्ली में तृणमूल कांँग्रेस, सपा, बीजद, झामुमो, रांकपा और भारास (भारत राष्ट्र समिति, तेलंगाना) की क्या कोई भूमिका है?


आगामी लोकसभा चुनाव (2024) में भाजपा को हराने के लिए क्षेत्रीय दलों को अपने-अपने राज्यों में प्रभावशाली राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन करना होगा। इसके बिना भाजपा को हराना कठिन है। अगर सचमुच आरएसएस, भाजपा और नरेंद्र मोदी के विरोध में किसी भी दल का कोई नेता है तो उसे कुछ पाने के लिए बहुत कुछ छोड़ना होगा। अपना अहंकार छोड़ना होगा और कुछ समझौते भी करने होंगे। पुराने चुनाव तौर-तरीकों से नरेन्द्र मोदी को सत्ताच्युत नहीं किया जा सकता। अंत में बड़ा सवाल यही है की आरएसएस, भाजपा और नरेन्द्र मोदी का सही विरोधी और विरोधी दल कौन है? यह समय भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने का है, न की एक साथ भाजपा और कांग्रेस विरोधी मोर्चा बनाने का।

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# भारतीय विवाह संस्था अथवा व्यक्तिगत आजादी

**प्रसंगवश**

**डॉ. विशेष गुप्ता**



अभी हाल ही में समलैंगिक विवाह के मामले में केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा पेश करते हुए साफ कहा है कि वह समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के पक्ष में नहीं है। सरकार का स्पष्ट मत है कि भारतीय समाज में विवाह स्त्री व पुरुष के बीच एक ऐसा भावनात्मक रिश्ता है जो सन्तति को जन्म दे सके। अगर समलैंगिक विवाह को मान्यता प्रदान की जाती है तो सामाजिक रुप से स्वीकृत विवाह संस्था और व्यक्तिगत आजादी से जुड़े कानूनों के बीच टकराव की स्थिति बनेगी। उच्चतम न्यायालय ने पिछले दिनों ही सुनवाई में मदद के लिए केन्द्र सरकार व अटार्नी जनरल को नोटिस जारी करके सरकार से इस मसले पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा था। गौरतलब है कि प्रधान न्यायधीश डीवाई चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने समलैंगिक विवाह करने के अधिकार पर अमल करने और स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत अपने विवाह को पंजीकृत करने के निर्देश देने की मॉग कर रहे दो समलैंगिक जोड़ों की ओर से पेश वरिष्ठ वकीलों की दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी किये थे। उस समय कोर्ट को यह भी बताया गया था कि केरल हाई कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट में भी ऐसी याचिकायें लंबित हैं। याचिकाकताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी का साफ कहना था कि इस मसले पर वह किसी धर्म की भावनाओं को आहत किये बिना केवल स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत समलैंगिक विवाह की कानूनी मान्यता देने की मॉग कर रहे हैं। दरअसल देखा जाय तो यह मुद्दा नवतेज सिहँ जौहर (समलैंगिक संबध) और पुत्ता स्वामी (निजता का अधिकार) मामले में दिये गये फैसले की आगामी कड़ी है। पिछले दिनों ही शीर्ष अदालत में दो याचिकायें और दाखिल की गईं थीं। इनमें एक हैदराबाद के सुप्रियो चक्रवर्ती व अभय डॉगं ने दाखिल की थी और दूसरी याचिका फिरोज महरोत्रा व उदयराज की ओर से दाखिल की गई थी। दोनों याचिकाओं के परीक्षण पर शीर्ष अदालत ने अपनी सहमति दे दी थी। परन्तु इसी के साथ साथ विशेष विवाह कानून के तहत विवाह की समानता की मॉग वाली एक और याचिका भी वकील शादान फरासत की ओर दाखिल की गई है जो विचार के लिए वह अभी लंबित है।

उच्चतम न्यायालय के इस लचीले रूख के तहत समलैंगिक विवाहों को लेकर देश में एक अच्छा खासा तीव्र विमर्श शुरू हो गया था। परन्तु केन्द्र सरकार के भारतीय विवाह संस्था के संरक्षण से जुड़े इस हलफनामे के बाद इस मसले पर विचार के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक संविधान पीठ का गठन कर दिया है जो इसके सभी पहलुओं पर विचार करने के पश्चात अपना निर्णय देगी। स्मरण रहे इसके पक्षकारों ने अपनी लैंगिकता को लेकर पिछले दिनों दिल्ली, चेन्नई, बंगलौर एवं भुवनेश्वर में गे-प्राइड परेड का आयोजन करते हुए समलैंगिक रिश्तों को बनाये रखने की बकालत की थी । इसके पक्षकारों का साफ कहना था कि यह कानून 1860 में लार्ड मैकाले के द्वारा बनाया गया था जो हमारे जीवन जीने की स्वतत्रंता को बाधित करता है। हालॉकि भारत में भी साढ़े चार साल पहले तक समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी में रखा गया था। परन्तु सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दो समलैंगिकों को साथ रहने की आजादी प्रदान कर दी गई। दूसरी ओर धारा 377 समाप्त करने पर केन्द्र सरकार के प्रयासों का उस समय विभिन्न धर्म गुरूओं ने भी कड़ा विरोध किया था। समलैंगिक व्यवहार से जुडी घटनायें अभी तक विदेशों में अधिक सुनाई पड़ती थी। परन्तु अपने देश में भी समलैंगिक सम्बन्धों का ढांचा अब खुलकर सामने आ रहा है। पिछले दिनों दोस्ताना, माई ब्रदर निखिल, हनीमून ट्रेवल, पेज थ्री , फायर तथा गर्ल फ्रैन्ड जैसी फिल्मों ने अपने कथानक के माध्यम से दर्शकों को समलैंगिक सम्बन्धों के विषय में सोचने व, विचार करने को मजबूर कर दिया था।

देश की आजादी के पूर्व एवं बाद में समलैंगिकता को लेकर कई बार बहस-मुबाहिसों का दौर चला , परन्तु देर-सबेर यह बहस पृष्ठभूमि में जाती रही। वर्तमान में समलैंगिक यौन व्यवहार से जुड़े उस माहौल को लेकर आज जो विमर्श शुरू हुआ है उसका तात्पर्य यह है कि यदि समाज का कोई वर्ग अपनी सामाजिक- सांस्कृतिक मान्यताओं से बगावत करते हुए कोई विपरीत रास्ता अपनाता है तो क्या समाज को उन्हें इस विकल्प को चुनने की आजादी दे देनी चाहिए ? हालांकि अभी यह विमर्श अपनी शैश्वास्था में है । परन्तु न्यायालय के लचीले रूख के कारण इस विमर्श में तेजी आने की पूर्ण सम्भावनाऐं हैं। देखा जाय तो अभी हमारा समाज मानसिक तौर पर इतना आधुनिक नहीं हो पाया है जो इस प्रकार के प्रकृति के विरूद्ध एवं असामान्य व्यवहार को सीधे तौर पर स्वीकार कर सके। लेकिन यहाँ यह भी यथार्थ है कि वर्तमान की सामाजिक व्यवस्था में इस प्रकार के समलैंगिक सम्बन्ध रखने वालों से सीधे रूप से मुँह भी नहीं मोड़ा जा सकता। यह एक ऐतिहासिक कडवी सच्चाई है कि समलैंगिकता इतिहास में किसी न किसी रूप में विद्यमान रही है। लेकिन हम उसकी चर्चा करने में हिचकिचाते रहे हैं। अधिकांशतः इस प्रकार का व्यवहार वहाँ अधिक पाया जाता रहा है जहाँ एकलिंगीय लोगों का बाहुल्य रहा हो। इनमें मानसिक चिकित्सालयों, जेल, हॉस्टल, विभिन्न प्रकार के सुरक्षाबलों तथा दरबार के नबावों से जुड़ा समलैंगिक व्यवहार पुरूषों में अधिक दिखाई पड़ता है। दूसरी ओर महिला कालेज , हॉस्टल, महिला आश्रम के साथ में अविवाहित कन्याओं , विधवा व परित्यक्ता इत्यादि महिलाओं के बीच में समलैंगिक व्यवहार प्रचलन में रहा है। परन्तु अब सेवा के नये-नये क्षेत्रों के आ जाने से स्त्री-पुरूषों की आर्थिक स्वतन्त्रता तथा सामाजिक दायित्वों से मुक्ति बोध भी उन्हें समलैंगिक व्यवहार का अनुकरण करने को मजबूर कर रहा है।

सही बात तो यह है कि समलैंगिक व्यवहार अथवा विवाह आज भी एक असामान्य एवं अप्राकृतिक व्यवहार की श्रेणी में आता है। कहना न होगा कि मुस्लिम देशों ने अभी भी इस प्रकार के व्यवहार पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा रखा है। सच यह है कि समलैंगिक व्यवहार का ढांचा भले ही आदिकाल से चला आ रहा हो, परन्तु वह हमेशा से ही निन्दा का विषय रहा है। 20वीं सदी की शुरूआत तक आते-आते समलैंगिक व्यवहार को एक मानसिक रोग समझा जाता रहा था। परन्तु वैश्विक संस्कृति के संक्रमण के साथ-साथ विदेशों से आकर समलैंगिक व्यवहार से जुड़ी अपसंस्कृति अब अपने देश की आवोहवा में भी तेजी से घुल-मिल रही है । ब्रिटेन में पिछले दिनों समलैंगिक विवाहों को वैद्य करार दे दिया गया। इसका आश्चर्यजनक पहलू यह रहा है कि ब्रिटेन में इस कानून के बनने के बाद लगभग पांच हजार समलैंगिक जोड़ों ने विवाह रचाये। इसी के साथ वहाँ अब इन समलैंगिक जोड़ों को कर निर्धारण, अन्य लाभ प्राप्ति तथा विरासत जैसे मामलों पर अपना हक जताने का अधिकार भी मिल रहा है। ब्रिटेन के अलावा डेनमार्क (1989), नार्वे (1996), स्वीडन (1996), आयरलैण्ड (1996), चीन (1997), नीदरलैण्ड (2001), जर्मनी (2001), फिनलैंड (2002), बेल्जियम (2003), न्यूजीलैण्ड (2004), कनाडा (2005), स्पेन (2005), तथा नैपाल (2007),अमेरिका (2022) के अलावा यूरोपीय संघ के 27 देशों , एशिया के वियतनाम, फिलिपाइन्स, थाईलैण्ड तथा दक्षिण अफ्रीका के चाड, कांगों तथा मैडागास्कर इत्यादि राज्यों में समलैंगिक व्यवहार से जुडे कानून प्रभावी हैं। समलैंगिक व्यवहार के पक्षधर अब भारत में भी इस प्रकार के व्यवहार से जुड़े कानूनों की वकालत करते दिखाई दे रहे हैं। आप स्वीकार करें या न करें मगर सच्चाई यह है कि समलैंगिक यौन व्यवहार से जुड़ी घटनाओं को कानून की शिथिलता से नियन्त्रित नहीं किया जा सकता। यह तो समाज में पनपता एक विसंगत व्यवहार है जिसकी जड़ों पर समाज-मनौवैज्ञानिक प्रहार करना आवश्यक है। समलैंगिकता के विषय में प्रसिद्ध मनौवैज्ञानिक सिग्मड फ्रायड का मत है कि प्रत्येक व्यक्ति के मन में नर व मादा दोनों के लिए बरावर का आकर्षण रहता है। परन्तु जब माता-पिता और बच्चों के बीच का संवाद असामान्य व सामाजिक सम्बन्धों का ताना-बाना तनावपूर्ण रहने लगता है, तब स्वभावतः एक अनजाने भय के चलते बच्चों का व्यवहार समलैंगिक होने की सम्भावनायें बढ जाती हैं । मानवीय व्यवहार का समाज- मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त यह बताता है कि लैंगिकता (सैक्सुअलिटी) सामाजिक सीख के माध्यम से ही आत्मसात होती है। उल्लेखनीय है कि किशोरावस्था ही वह अवस्था है जहाँ से नर व मादा के बीच यौन व्यवहार का अनुभव प्रारम्भ होता है। कई बार परिवारों में अत्यधिक प्रतिबन्ध अथवा विपरीत लिंगियों से लम्बे समय तक संवादहीनता के चलते किशोर स्वयं को असहज अनुभव करने लगते है। इस असहजता के चलते ही किशोर- किशोरियों में समलैंगिक व्यवहार से सामंजस्य बैठाने के भाव घर करने लगते हैं। साथ ही यदि विषम लिंगीय यौन व्यवहार अप्रसन्नतापूर्ण, असन्तुष्ट अथवा अतिकष्टकारी रहा हो, तब भी स्त्री-पुरूष संमलिंगीय व्यवहार के प्रति खुशी एवं संतुष्टि का अनुभव करने लगते हैं। निष्कर्षतः लोगों का यह समलैंगिक व्यवहार कहीं न कहीं उनके पारिवारिक एवं सामाजिक अंसुन्तलन का परिणाम अधिक है। जीवन का यह असन्तुलन चाहे बच्चों के माता-पिता से संवादहीनता के कारण हो, या पति-पत्नी के बीच जीवन की नीरसता या असंतुष्टि के चलते हो, या फिर वह स्त्री के यौन उत्पीड़न से जुडी निर्दयता के कारण हो, अथवा इस प्रकार का व्यवहार विपरीत लिंगीय व्यवहार से विरक्ति के कारण ही क्यो न हो, ये सभी घटनायें सामान्य जीवन की असंतुष्ट भावना की ओर संकेत करती हैं। कडवी सच्चाई यह है कि पारिवारिक व सामाजिक जीवन में लैगिंक असुरक्षा ही समलैंगिक व्यवहार की जननी है।

कहना न होगा कि विरासत में प्राप्त सांस्कृतिक सीमाओं से पूर्णतयाः बाहर जाकर यदि कोई व्यक्ति व्यवहार के मानकीकृत मानदण्डों के विपरीत व्यवहार का कोई विकल्प चुनता है तो यह उनकी निजी जिन्दगी की आजादी का हिस्सा तो हो सकता है, परन्तु साफतौर पर यह पारिवारिक संस्कृति एवं संस्था के लिए चुनौती जरूर रहेगी। दरअसल आज समलैंगिकता का यह मसला केवल साथ साथ रहने का ही मसला नहीं है,बल्कि विशेषज्ञों का मानना है कि समलैंगिकों को यह अधिकार न मिलने से उन्हें अनेक अधिकारों से वंचित होने का बड़ा खतरा भी है। इतना जरुर है कि इस मसले पर कानूनी जिद्दोजहद से भविष्य में समलैंगिक व्यवहार जैसी विसंगतियों में और अधिक तेजी आने की सम्भावनायें तो रहेंगी ही। अब देखना यह है कि केन्द्र सरकार के उचित व संस्कृतिरक्षक पक्ष को भार प्रदान करते हुए देश की सर्वोच्च अदालत भारतीय विवाह संस्था और समलैंगिक लोगों की व्यक्तिगत आजादी के बीच किस प्रकार समायोजन करती है।

**(पूर्व प्राचार्य/ प्रोफेसर, समाजशास्त्र, निवर्तमान अध्यक्ष,उ0प्र0 बाल अधिकार संरक्षण आयोग, संपर्क 9412245301)**

**व्यंग्य**



# आम चुनाव आम आदमी और खास लोग

**अरुण अर्णव खरे**

आम चुनाव पाँच साल में एक बार आते हैं` इसमें उतरने वाले लोग इसे लोकतंत्र का उत्सव कहते हैं` यह ऐसा उत्सव है जिसमें आम लोग खास लोगों को चुनते हैं और खास लोग उत्सव से पहले आम लोगों के घर-घर जाकर उनके मन में उनके खास होने का भ्रम पैदा करते हैं` लेकिन आम आदमी सीधी सी यह बात नहीं समझता कि भ्रमित हुआ आदमी कभी खास नहीं हो सकता` हाथ जोड़ कर आम आदमी के दरवाजे पर पहुँचने वाले खास लोगों का मकसद पूरा होते ही एक रस्म अदायगी के तहत खास बनाए गए आम आदमी को उसके मूल रूप में वापस धम्म से पटक दिया जाता है` आम आदमी को खास आदमी के चोले से बाहर आने में कुछ समय लगता है और फिर वह पाली गई अपेक्षाओं के बोझ तले दब कर स्वयं को असहाय महसूस करने लगता है` ऐसे में वह फिर से आम आदमी बनकर बड़ी राहत महसूस करता है`

सही मायनों में आम चुनाव में आम लोगों की भूमिका केवल वोट डालने की होती है` यही कारण है कि कोई भी पार्टी आम चुनावों में आम लोगों को टिकट देने का खतरा मोल नहीं लेती` हर पार्टी एक खास पैमाने पर टिकट देती है और अनेक खास कोणों से अपने उम्मीदवार को परखती है` मौटे तौर पर उम्मीदवार किस खास जाति, धर्म का है, किन खास धाराओं में उस पर मुकदमे दर्ज हैं, वोट कबाड़ने के लिए कौन-कौन सी खास भाव-भंगिमाएँ धारण कर सकता है, यह देखा जाता है` तत्पश्चात समुदायों के हिसाब से उस पर पोशाक, टोपी, पगड़ी और दाड़ी फबती है या नहीं, इसको परखा जाता है` फिर जिस तरह से प्रेम और युद्ध में सब जायज है वैसे ही चुनाव जीतने की राह में सारे हथकंडे जायज हैं, इस फलसफे पर वह खरा उतरता है या नहीं, इसे जाँचा जाता है` तब नंबर आता है आँखों में धूल झोंकने, जुमलों की कसीदाकारी करने और पार्टी फंड को सुद्दढ़ बनाने की काबिलियत देखने का` ऐसी अनेक खास बातें हैं जिनपर उम्मीदवारों को खरा उतरना पड़ता है` जाहिर है कि इतनी कसौटियों पर कसा गया उम्मीदवार खास ही होगा` पर अंत में आलाकमान से खास नजदीकी या रिश्तेदारी सब पर भारी पड़ जाती है और इस खासमखास उम्मीदवार को जिताने की जिम्मेदारी ऊपर वर्णित सभी खास लोगों पर आ जाती है`

इतनी खासियतों वाले ये खास लोग चुने जाने पर खास ही बने रहते हैं और पाँच सालों तक आम लोगों को खास तवज्जो नहीं देते` वे जानते हैं कि आम आदमी को असमय तवज्जो देना, मतलब बेवजह परेशानियों को निमंत्रण देना है` दो वक्त की रोटी कमाने, लव जेहाद और धार्मिक उन्माद जैसे मुद्दों में उलझा आम आदमी, तवज्जो देने से बेमतलब बेरोजगारी, महँगाई, पीठ से चिपके पेट और बिजली-पानी की समस्याएँ बताने लग जाता है` उसके मन में ऐसे-ऐसे प्रश्न आने लगते हैं कि उत्तर देते नहीं बनता` इनके उत्तर देना मतलब फजीहत कराना है` ऐसे प्रश्नों से बचना बेहतर विकल्प होता है` न बच पाने की स्थिति में खास लोग प्रश्न का उत्तर प्रश्न से देते हैं या फिर पुरानी सरकारों पर दोष मढ़कर देते हैं` इतने से भी बात न बने तो पाकिस्तान की स्थिति सामने ले आना सबसे कारगर तरीका होता है बच निकलने का` ऊपर वर्णित समस्याएँ सनातन हैं और इनका सनातन बने रहना न केवल खास लोगों को भाता है अपितु उनके अस्तित्व के लिए भी जरूरी है` चुनावी मौसम में ही इन समस्याओं पर बात करने की परंपरा देश में है` यदि ये समस्याएँ नहीं रहीं तो आम आदमी भी आज के आम आदमी की तरह निरीह नहीं रह जाएगा` चुनावी मौसम में एक माह के लिए खास बनाया गया आम आदमी बारामासी खास आदमी बन जाएगा`

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

# जगत कल्याणी के जयघोष से गूंजा विंध्य दरबार


मां के दर्शन को लाइन में लगे भक्त


प्रसाद का वितरण करते डायरेक्टर द्वय


शोभायात्रा निकालते लोग

**नवरात्र**

## माता के पट खुलते ही दर्शन को उमड़े आस्थावान

## रंग बिरंगी रोशनी से जगमग हुआ विंध्याचल धाम

## विंध्य की गलियों में देर रात तक लगी रही कतारें

**मीरजापुर।** विंध्याचल वासंतिक नवरात्र के दूसरे दिन गुरूवार को जगत कल्याणी मां के जयघोष से संपूर्ण धाम गूंज उठा। गुरुवार को भोर से ही विंध्य की गलियां भक्तों से पटी रही। ब्रह्म मुहूर्त में माता की भव्य मंगला आरती पूजन के बाद मंदिर के पट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए गए। तरह-तरह के पुष्पों एवं आभूषणों से मां का दिव्य श्रृंगार का दर्शन पाकर भक्त भाव विह्वल हो उठे। नवरात्र में देवी मंदिर की आकर्षक फूलों रंगीन रोशनी से की गई सजावट अलौकिक छटा बिखेर रही थी। चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन गुरुवार को देवी धाम में देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता के ब्रह्मचारिणी स्वरूप का दर्शन किया। मंदिर जाने वाली प्रमुख गलियों में भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। विंध्य धाम पहुंचने के बाद भक्तों ने माता को नारियल चुनरी धूप दीप नैवेद्य एवं प्रसाद समर्पित कर बड़े ही श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना की। बुजुर्गों से लेकर महिलाओं पुरुषों युवक-युवतियों और बच्चों तक सभी ने बड़े ही श्रद्धा भाव से मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर घर परिवार में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। माता का दर्शन पूजन करने के पूर्व श्रद्धालुओं ने विंध्याचल के विभिन्न घाटों पर जाकर गंगा स्नान भी किया। माता का दर्शन पूजन करने के उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अष्टभुजा पहाड़ पर विराजमान महाकाली और मां अष्टभुजी दरबार में अपनी हाजिरी लगाकर त्रिकोण परिक्रमा भी किया। देवी मंदिरों के छतों और आसपास आसन पर बैठकर नर नारी साधकों ने वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच पूजन पाठ एवं अनुष्ठान किया चैत्र नवरात्र में तरह-तरह के देशी विदेशी फूल पत्तियों रंग-बिरंगे लाइटों से देवी धाम की सजावट की छटा देखते ही बन रही थी। जनपद के आलाधिकारी भी संपूर्ण मेला क्षेत्र में भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे ताकि दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कतो का सामना ना करना पड़े। वही श्री विंध्य पंडा समाज के पदाधिकारी और सदस्य गण श्रद्धालुओं की सेवा में तल्लीन दिखाई दिए।

### दर्शनार्थियों की सेवा को तैनात किए गये आरएएफ के जवान

विंध्याचल चैत्र नवरात्र मेले के दूसरे दिन विंध्याचल धाम में शांति व्यवस्था सुरक्षा की दृष्टि से आरएफ 91 बटालियन की 140 महिला एवं पुरुष जवानों की तैनाती की गई जो मेला क्षेत्र में जगह-जगह चप्पे पर तैनात हैं। मां विंध्यवासिनी मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं की खड़े कतारों एवं विंध्याचल धाम की गलियों में जवान गश्त करते रहे। आर ए एफ कंपनी कमांडर आरपी यादव के नेतृत्व में 140 महिला पुरुष जवानों की तैनाती शांति व्यवस्था की दृष्टि से लगाए गए हैं। सीओ सीटी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि बताया कि मां विंध्यवासिनी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा ड्रोन कैमरा से पीएससी एवं अन्य पुलिस के जवानों की निगरानी की जा रही है ताकि कोई अप्रिय घटना न घट सके। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद किए गए हैं।

### मेला क्षेत्र में भ्रमण करते रहे अधिकारी

चैत्र नवरात्र मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा भाव में कोई कमी ना रह जाए इसके लिए पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिससे धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा भाव ठीक ढंग से किया जाए। वही दिन भर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह सहित कई अन्य आला अधिकारी श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे।

### मऊ से मेला ड्यूटी में आए पुलिसकर्मी की बाइक चोरी

नवरात्रि मेले में चोरों की भी सक्रियता बढ़ गई है। उन्हें पुलिस का भी भय नहीं है। तमाम सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी चोर और जेब कतरे मेला क्षेत्र में सक्रियता बनाए हुए हैं। बुधवार को देर रात नवरात्र के प्रथम दिन चोरों ने वदीर्धारी की बाइक पार कर दिया। जिसकी जानकारी होते ही वर्दीधारी पुलिसकर्मी जवान देर रात तक परेशान देखा गया। जानकारी के अनुसार मऊ जनपद से मेला ड्यूटी पर आए पुलिसकर्मी श्रीप्रकाश सिंह विंध्याचल रोडवेज डिपो परिसर में अपनी बाइक हीरो होंडा स्प्लेंडर खड़ी कर ड्यूटी कर रहे थे। रात्रि में तकरीबन 11:30 बजे ड्यूटी से निवृत्त होकर जब वह अपने बाइक के पास पहुंचे थे तो बाइक गायब देखकर उनके होश उड़ गए। काफी देर तक वह बाइक की खोजबीन में भटकते हुए नजर आए। बाइक की चाबी उनके जेब में पड़ा हुआ था और बाइक का लॉक तोड़कर चोर उसे पार कर ले गए थे।

### नवरात्र में मां गंगा महाआरती का हुआ शुभारंभ

मीरजापुर। विन्ध्याचल स्थित माँ विंध्यवासिनी धाम पक्केघाट पर विन्ध्य विकास परिषद के तत्वावधान में अध्यक्ष जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के आदेशानुसार नवरात्र के प्रथम दिन माँ गंगा महाआरती का शुभारंभ भव्य रूप में किया गया। जो नवरात्र में प्रतिदिन चलेगा। जिसमें गंगाघाटों को सुंदर रोलेक्स, पन्नी, फूल माला व झालरों से घाटों को दुल्हन की तरह सजाया गया। पांच अर्चकों द्वारा माँ गंगा की महा आरती उतारी गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एआरओ जोनल मजिस्ट्रेट लक्ष्मण उपस्थित हुए। गंगा आरती में रिद्धि सिध्दि रूप में माताओं बहनों द्वारा 51 की संख्या में आरती की थाली लेकर माँ गंगा की आरती उतारी गईं। जिसमें मुख्य रूप से आरती प्रमुख रामानन्द तिवारी, जितेंद्र मिश्रा, प्रशांत उपाध्याय, साजन तिवारी धीरज तिवारी, गगन माली, आनन्द तिवारी बलवंत सिंह, दिनेश, विश्वनाथ, रितिक, राहुल, हिमांशु मिश्रा अन्य भक्त उपस्थित हुए।

### नवरात्रि तक किया जायेगा भण्डारे का आयोजन

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में डैफोडिल्स, अमेरा व द रिट्रीट के सौजन्य से निःशुल्क प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अमरदीप सिंह व अपराजिता सिंह ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर माँ के दर्शन के लिए दूर दूर से दर्शनार्थी आते हैं। जिनकी सुविधाओ के लिए यह प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। साथ ही यह भी बताया कि ऐसे पुनीत कार्य प्रत्येक लोगों को करना चाहिए जिससे दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो सके।

### मां दुर्गा के चरणों में टेका मत्था

**चुनार।** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन दिन गुरुवार को हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने नारियल चुनरी अढ़ौल का माला आदि प्रसाद लेकर मां दुर्गा, मां दक्षिणेश्वर काली के दरबार में मत्था टेक भोग लगा कर आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, आदि ने श्रद्धालुओं को बारी बारी से दर्शन पूजन कराए। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा काली अपने प्रत्येक भक्तों की मुरादें पूरी करती है। वहीं सीखड़ में मां विंध्यवासिनी स्वरूप मवैया देवी का सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने दर्शन मां का दर्शन किए।

### हिंदू नववर्ष पर भगवान श्रीराम जन्मोत्सव की निकाली गई शोभा यात्रा

**चुनार।** नगर के दुर्गा जी मोड़ से गुरूवार को हिंदू नववर्ष एवं भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ इंजीनियर राज बहादुर सिंह प्रबंधक राजदीप महाविद्यालय कैलहट ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त शोभा यात्रा सौरभ सिंह नगर अध्यक्ष बजरंगदल चुनार के नेतृत्व में हजारों की संख्या में विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य श्रीराम भक्तों ने तिरंगे के साथ भगवा ध्वज लहराते हुए डीजे पर जय श्रीराम के धुन पर थिरकते हुए लाठी एवं तलवार भाजते चल रहे थे। भगवान श्रीराम के भक्तों की संख्या बढ़ता गया। चुनार नगर पहुंचने पर उक्त शोभा यात्रा एक विशाल रूप धारण कर लिया। दुर्गा जी मोड़ से चुनार नगर तक भगवा रंग ही दिखाई दे रहा था। समूचा चुनार नगर भगवा मय हो गया। इस दौरान बचाऊ लाल सेठ, विजय बहादुर सिंह, विजय वर्मा, जगदीश गुप्ता, चंद्रहास गुप्ता, अभिलाष राय, राम आसरे यादव, अजय शेखर पांडेय, अखिलेश मिश्र बच्ची, पंकज सोनी, आशीष, पवन, अंशु, राहुल, चेतनरायन मौर्या, भोला मौर्या, रंजित मौर्या, सूरज सिंह, कमलेश यादव, महेश वर्मा, गोलू साहनी, काजू गुप्ता, रिंकू चौधरी सहित हजारों की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विंध्य महोत्सव का हुआ भव्य-दिव्य आगाज

**मीरजापुर।** विंध्याचल स्थित रोडवेज परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित विंध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिए लोगों के न केवल भीड़ उमड़ रही है बल्कि नवरात्र के प्रथम दिन से ही देश के कोने-कोने से नामचीन कलाकारों का कार्यक्रम में भाग लेने का क्रम जारी है। इसी क्रम में पद्मश्री मालिनी अवस्थी पट खोलो रे..... आई मां भगवती तोरे द्वारे भवानी पट खोलो रे कि सुंदर प्रस्तुति कर लोगों को हर्षित कर दिया। पद्मश्री एवं पद्म विभूषण छन्नूलाल की पुत्री प्रोफेसर नम्रता मिश्रा ने अपनी पूरी टीम के साथ दक्षिण भारती गणेश वंदना प्रस्तुत कर लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए लल्लू तिवारी कार्यक्रम में भाग ले रहे कलाकारों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम का सफल संचालन किया। विंध्य महोत्सव कार्यक्रम स्थल पर मां दुर्गा के नौ रूपों का आकर्षक झांकी लोगों के लिए श्रद्धा के साथ-साथ आकर्षण का केंद्र भी रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रकाश शुक्ला, अपर जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय इत्यादि प्रमुख ने कलाकारों का माल्यार्पण कर मां विंध्यवासिनी की प्रतिमा एवं चुनरी प्रदान कर उनका सम्मान किया।


पद्मश्री मालिनी अवस्थी को सम्मानित करतीं डीएम

# वर्चस्व की जंग को लेकर बीएचयू में भिड़े दो गुट

## रात में हुई पत्थरबाजी से छात्र की हालत हुई नाजुक

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के बरकछा बीएचयू साउथ कैम्पस में बुधवार की रात्रि में शिवालिक छात्रावास में बीवोक व बीकॉम के छात्रों के बीच में वर्चस्व की जंग को लेकर छात्र गुटों में मारपीट हो गई। घटना के बाद विंध्याचल छात्रावास के छात्र भी पहुंच गए, जहां जमकर पत्थरबाजी हुई।

इस घटना में बीकॉम सेकेंड ईयर का छात्र पवन सिंह चौहान उम्र 20 वर्ष गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे बीएचयू के सुरक्षाकर्मियों ने छात्र को बाहर निकाला, जहां इलाज के लिए मंडलीय अस्पताल ले जाया गया।

छात्र के सिर में गंभीर चोट देखते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। धरने पर बैठे छात्र आदित्य आर्या ने कहा कि बीवोक के छात्र नशे में हॉस्टल में तांडव करते है। रात में भी ऐसा ही किया। हम लोग विरोध करते है तो मारपीट की जाती है। ऐसे में हम लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा।

छात्र प्रिंस रस्तोगी ने कहा कि बीएचयू प्रशासन बीवोक के छात्रों को संरक्षण देता है। बीकॉम के छात्रों के साथ भेदभाव किया जाता है। वो लोग मारपीट भी करते है तो हम लोगों को ही प्रशासन धमकाती है।

> बीएचयू में मारपीट की सूचना के बाद पुलिस बल भेजा गया था। पूरे मामले में गहराई से जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर जांच कराने के बाद मुकदमा दर्ज कराकर आरोपियों पर कार्यवाई की जाएगी।
>
> शैलेन्द्र त्रिपाठी, सीओ सदर

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित 02 शातिर आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अहरौरा पुलिस बल को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 05 मार्च 2023 को थाना अहरौरा पर पंजीकृत धारा 3(1)उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप(निवारण)अधिनियम में बड़ी कार्यवाही करते हुए गुरूवार को प्र0नि0थाना अहरौरा कुमुद शेखर सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना अहरौरा क्षेत्र से गैंगेस्टर एक्ट के वांछित 02 आरोपियों अतुल कुमार पुत्र जयराम निवासी सिरसिया मिश्र थाना खामपार देवरिया, धर्मवीर प्रसाद पुत्र नन्दलाल प्रसाद निवासी भठवां तिवारी थाना खामपार देवरिया को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों का एक सुसंगठित गैंग है जिसका गैंग लीडर अभियुक्त अतुल कुमार उपरोक्त है तथा धर्मवीर प्रसाद सदस्य हैं जो मिलकर मादक पदार्थों की तस्करी करने का काम करते है।

# विश्व टीबी दिवस पर किया जायेगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**अभियान**

## जिला क्षय रोग अधिकारी ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

**मीरजापुर।** विश्व टीवी दिवस के अवसर पर 24 मार्च को जिले में टीवी रोगियों और टीवी रोग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा रैली आयोजन के साथ साथ सेमिनार और जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

जानकारी देते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर यू एन सिंह ने बताया कि 24 मार्च को पूरे विश्व में टीवी दिवस मनाया जात है। जिले में भी टीबी रोग से संबंधित जानकारी और लोगों को जागरूक करने के लिए रैली समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी डा यू एन सिंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष टीवी से बहुत लोगों की मौत हो जाती है। भारत के प्रधानमंत्री का सपना है कि 2025 तक टीबी रोग से देश को मुक्ति मिले इसके लिए व्यापक रूप से प्रचार एवं प्रसार किया जा रहा है। शुक्रवार को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर जिले में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन कर जिले की जनता को टीबी रोग से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में कुल 2743 टीवी रोगी हैं जिन्हें जिनका उपचार विभाग की देखरेख में किया जा रहा है। वही 1561 टीवी रोगियों को विभाग की सक्रियता के चलते स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा गोद भी लिया गया है। डा यू एन सिंह ने बताया कि टीबी रोग जानलेवा है, समय पर उपचार अगर मिल जाए तो यह लोगों का नुकसान नहीं करता। साथ ही टीबी रोगी को बिना किसी संकोच के उपचार कराना चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव समेत सभी स्टाफ मौजूद रहे।



पत्रकारों को संबोधित करते डा. यूएन सिंह

# आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को करें रात्रि गश्त : एएसपी नक्सल

**निर्देश**

## एएसपी ने थाना व गड़बड़ा धाम का किया निरीक्षण दिया निर्देश

**हलिया।** एडीशनल एसपी नक्सल ओपी सिंह ने गुरुवार दोपहर हलिया थाना व गड़बड़ा धाम मेला का औचक निरीक्षण कर थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह को कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। एडीशनल एसपी ने थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। एडीशनल एसपी ने अपराध रजिस्ट्रर, महिला अपराध रजिस्ट्रर जनशिकायत रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। एडिशनल एसपी ने लंबित व भूमि व महिला अपराध संबंधी संवेदनशील मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश थानाध्यक्ष को दिया। फरियादियों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने व अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु रात्रिगश्त में तेजी लाने का निर्देश दिया। एडिशनल एसपी ने मौजूद एस आई और पुलिसकर्मियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए कहा। एडिशनल एसपी ने बताया कि हलिया थाना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। एडीशनल एसपी इसके बाद गड़बड़ा धाम पहुंचकर मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और नवरात्र मेले को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने मां शीतला का दर्शन पूजन कर नवरात्रि मेला सकुशल संपन्न होने की कामना की। एडिशनल एसपी ने मेला क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने व चोर उचक्कों तथा अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। महिला दर्शनार्थियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में पर्याप्त संख्या में महिला आरक्षियों को तैनात करने का निर्देश थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह को दिया। इस दौरान एस एस आई सुभाषचन्द्र यादव, चौकी प्रभारी मतवार रविप्रकाश एस आई विजय यादव आदि मौजूद रहे।


हलिया थाने का निरीक्षण करते एएसपी नक्सल

### दहेज हत्या के आरोप में अभियुक्ता गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना जिगना मीरजापुर पर 17 सितम्बर 2022 को वादी फूलचन्द्र सोनकर पुत्र डंगर सोनकर निवासी विजयपुर थाना विन्ध्याचल मीरजापुर द्वारा नामजद के विरूद्ध बावत की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जान से मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना जिगना पर धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/ 4 डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक जिगना को निर्देश दिये गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में गुरूवार को प्र0नि0थाना जिगना अरविन्द कुमार पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना जिगना क्षेत्र से नामजद अभियुक्ता लालती देवी(मृतका की सास) पत्नी नन्दा निवासिनी भौरुपुर थाना जिगना मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्ता के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# कमरे में बंद भालू को ले गई कानपुर की टीम

## मौके पर भालू देखने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

जनसंदेश न्यूज

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बघेड़ा कला गांव में मकान में घुसे भालू को रेस्क्यू कर पिंजड़े में बंद कर लिया गया। कई लोगों को घायल करने के बाद भालू बघेड़ा कला गांव में एक मकान में घुस गया था। गुरुवार को कानपुर से आई डाक्टरों की टीम ने दो बजकर नौ मिनट पर बेहोशी का इंजेक्शन फायर कर भालू को बेहोश कर दिया। बेहोशी हालत में उसे पिजड़े में बंद कर लिया गया। वन क्षेत्राधिकारी लालगंज के कार्यालय ले जाया गया। उसे लालगंज स्थित वन विभाग के कार्यालय ले जाया गया। भालू देखने के लिए आसपास के गांवों से भारी भीड़ पहुंची। डीएफओ अरविंद राज मिश्रा ने बताया कि ग्रामीणों के हमले में भालू घायल हो गया है। पहले उसका दवा इलाज करना होगा। उसे कहां और किस जंगल में छोड़ना होगा यह अभी निश्चित नहीं हो पाया है। अधिकारियों के निर्देश पर उसे छोड़ा जाएगा। वन क्षेत्राधिकारी लालगंज के के सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने किसी तरह से ग्रामीणों के हमले से उसे बचाया। वन क्षेत्राधिकारी चुनार एस पी ओझा वन दरोगा यादवेन्द्र आर पी कुशवाहा जिगना थाना प्रभारी अरविंद पांडेय मौके पर डटे रहे।


भालू को देखने को उमड़े ग्रामीण

## संक्षेप

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रमुख ने किया शुभारंभ



**मीरजापुर।** जनपद के आईटीआई कालेज में विश्वकर्मा श्रम योजना के अंतर्गत छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोन ब्लाक प्रमुख मीनाक्षी सिंह, व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहे। अपने सम्बोधन में ब्लॉक प्रमुख ने कहा प्रशिक्षण में नाई, बढ़ई, कुम्हार, दर्जी व लोहार का प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है जिसमें सब बढ़ चढ़कर प्रशिक्षण के लिए भाग ले सकते है जिससे लोगों को इस रोजगार के तहत परिवार के लोगों के लिए जीविकोपार्जन हेतु एक मजबूत साधन मिल सकेगा। कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र अशोक कुमार, प्रभारी प्रधानचार्य उमाशंकर सिंह, रेशमा आरा, अनिल कुमार वर्मा के द्वारा किया गया।

### हम सब की धार्मिक धरोहर हैं मां गंगा : अरविन्द कुमार द्विवेदी



**मीरजापुर।** नमामि गंगे योजनान्तर्गत मैराथन दौड़ का आयोजन ग्राम पंचायत चौहान पट्टी में ग्राम प्रधान अरविन्द कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। नमामि गंगे योजनान्तर्गत मैराथन दौड़ के साथ गंगा जी की आरती एवं पुरस्कार वितरण किया। यह जानकारी देते हुए प्रधान अरविंद कुमार द्विवेदी ने बताया कि यह कार्यक्रम कई दिनों से चल रहा है। इसके पहले गंगा सफाई अभियान, गंगा को स्वच्छ रखने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया था। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए बुधवार की शाम मशाल जुलूस का भी आयोजन किया गया था। मौके पर मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान ने कहा कि मां गंगा हम सब की धार्मिक धरोहर हैं। इन्हें स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है और हम सभी को गंगा स्वच्छता में आगे आना चाहिए। इस दौरान प्रधान अरविन्द कुमार द्विवेदी साथ सचिव आलोक कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

### पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ 25 हजार का इनामियां बदमाश



**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मेवड़ी गांव में स्थित बाणसागर नहर पुलिया के पास विगत रात हुए मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से 25 हजार का इनामी बदमाश घायल हो गया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बदमाश के पास से एक तमंचा जिंदा कारतूस और खोखा बरामद किया गया है। लालगंज थाना की मेवाड़ी गांव के सामने बाणसागर पुलिया के पास पिकअप लेकर जा रहे बदमाश को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाश ने अपने तमंचा से फायर कर दिया। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए घेराबंदी कर पिकअप में बैठे बदमाश को निशाने पर लिया तो इसमें बदमाश घायल हो गया। सोनभद्र जिले के करमा थाना अंतर्गत बहरा गांव का निवासी 27 वर्षीय रहमान बस तस्करी का काम करता है। जिसकी पुलिस को काफी दिनों से तलाश थी। पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस टीम में थाना प्रभारी ज्ञानू पिया एसओजी टीम के प्रभारी माधव सिंह स्वाट टीम प्रभारी राजेश चौबे पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### अंतिम संस्कार में शामिल होने आया बालक गंगा में समाया

**कछवां।** स्थानीय थाना क्षेत्र में स्थित बरैनी गंगा घाट पर बुधवार की शाम अंतिम संस्कार के पश्चात गंगा स्नान के दौरान एक सत्रह वर्षीय बालक गंगा में डूब गया। वाराणसी के राजातालाब थाना अंतर्गत पनियारा गांव निवासी निगम कुमार पुत्र राजेश कुमार उम्र 17 वर्ष बुधवार की दोपहर अपने जीजा की माता के अंतिम संस्कार में बरैनी घाट आया हुआ था। अंतिम संस्कार के बाद गंगा में स्नान करने लगा। इस दौरान गहरे पानी में चला गया। और चिल्लाने लगा यह देख मौजूद लोग मूक दर्शक बने रहे और वे लोग भी चिल्लाने लगे लेकिन किसी की हिम्मत नहीं जुटी। वहीं अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद लोगों में किसी को भी तैरना नहीं आता था। शोरगुल की आवाज सुनकर गंगा में मछली मार रहे नाविकों ने तत्काल गंगा में गोता लगाकर खोजबीन किया। लेकिन सफलता हासिल नहीं हुई तो पुलिस को सूचना दिया गया। जिसकी सूचना पर थाना प्रभारी रामस्वरूप वर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और तत्काल स्थानीय गोताखोरों का मदद लिया लेकिन असफल रहे। वहीं दूसरे दिन गुरुवार की सुबह पहुंची एसडीआरएफ की टीम भी बालक की तलाश में जुटी रही लेकिन खबर लिखे जाने तक डूबे बालक का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया।

### पशु आरोग्य मेले का किया गया आयोजन

**राजगढ़।** विकास खंड राजगढ़ के ग्राम पंचायत खोराडीह अन्तर्गत चंदनपुर बस्ती में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिवर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर का उदघाटन ग्राम प्रधान महेश प्रसाद द्वारा गौ पूजन से किया गया। मेले में कुल 250 बड़े पशु और 850 भेड़ बकरियों का रजिस्ट्रेशन हुआ। शिविर में 150 गाय और 68 भैंस का इलाज किया गया। वहीं 25 पशुओं के बांझपन का इलाज, 4 पशुओं का बधियाकरण 2 भैंस 1 गाय का कृत्रिम गभार्धान किया गया। डा0 आलोक पाण्डेय द्वारा पशुओं में होने वाली बीमारी से बचाव व टीकाकारण की जानकारी दी गई। तथा पशु चिकित्साधिकारी डा एम एम अली द्वारा पशुपालन घटक से के सी सी फार्म के बारे में जानकारी दी गई। मेले में पशु मित्र शिव कुमार, संदीप कुमार,जय कुमार, रोजित अंसारी व दर्जनों पशुपालक मौजूद रहे।

### छेड़खानी व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना राजगढ़ मीरजापुर पर 18 मार्च 2023 को थाना राजगढ़ क्षेत्रान्तर्गत निवासिनी एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त(दामाद) के विरुद्ध वादी की नाबालिग नातिन के साथ छेड़खानी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना राजगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना राजगढ़ पर पंजीकृत धारा 376,354क भा.द.वि. व 5/6 पाक्सो एक्ट में विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए गुरूवार को प्र0नि0थाना राजगढ़ राणा प्रताप यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से नामजद आरोपी नुरुद्दीन पुत्र बफ्तअली थाना राजगढ़ मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से चालक की मौत

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चील्ह चौराहा पर वृहस्पतिवार की शाम अपने ही ट्रैक्टर की चपेट में आने से चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पवन सिंह 35 पुत्र भोला सिंह निवासी बंजारी थाना गोपीगंज जिगना क्षेत्र से गंगा बालू लादकर गोपीगंज की तरफ ट्रैक्टर जा रहा था कि बालू लदा ट्रैक्टर जैसे ही चील्ह चौराहा स्थित पाषाण विभाग की चुंगी के पास पहुंचा था कि ट्रैक्टर डिवाइडर से टकरा गया जिससे ड्राइवर नीचे गिर गया और अपने ही ट्रैक्टर से कुचल कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से ड्राइवर को बाहर निकाल कर एंबुलेंस बुलाकर जिला अस्पताल भेजवाया। जहां देखते ही डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पवन सिंह चार भाइयों में चौथे नंबर का भाई था।

### भारतीय टीम में खेलेंगे जिले के चार खिलाड़ी

कछवां। क्षेत्र के दिव्य शक्ति व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के चार व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ियों का इंटरनेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप 2023 में चयन हुआ। वहीं आगामी 24 मार्च से 28 मार्च तक गुजरात में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप 2023 के लिए मां वैष्णवी फाउंडेशन कछवां द्वारा संचालित दिव्य शक्ति व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के चार खिलाड़ियों में बसंत लाल बिंद निवासी भटौली, आशीष कुमार यादव निवासी तिवारीपुर, अमित कुमार व सलमान निवासी नगर पंचायत कछवां जोकि भारतीय टीम की ओर से चयनित होने पर जिला समेत क्षेत्र का मान और सम्मान बढ़ाया। इस दौरान मां वैष्णवी फाउंडेशन के प्रबंधक राजबली बिंद ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया और क्रिकेट में तन मन से खेल कर अपने क्षेत्र के साथ ही साथ जिले का नाम रोशन करने का अग्रिम शुभकामनाएं व बधाईयां भी दिया।

### निजी विद्यालय के संचालकों की बैठक सम्पन्न

लालगंज। लालगंज विकासखंड निजी विद्यालयों के संचालकों की बैठक एडब्लूएस स्कूल में गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक में प्रवेश व यू डाइस में आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा हुई। बैठक में जनचेतना इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार पटेल ने कहा प्रवेश में बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए और विद्यालय के वातावरण को शैक्षणिक गतिविधियों से संपन्न किया जाए। ब्रह्मर्षि देवराहा बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य श्यामधर मौर्य ने कहा कि किसी विद्यालय कोई दूसरे विद्यालय के बारे में सहयोग करने की जरूरत है और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। शासन के द्वारा बनाए गए निर्देश के अनुसार उम्र और शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संचालक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा कि संचालक एक दूसरे से संवाद बनाए रखें और प्रवेश संबंधी समस्याओं को वार्ता से दूर करें। बैठक में सुरेंद्र पांडे, राजेश श्रीवास्तव, काशी नरेश पांडेय,व बीवीएम स्कूल की सुफिया बेगम, उमाशंकर पांडे आदि शामिल हुए।

# स्पोर्ट्स

### मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच एलिमिनेटर मैच आज

दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग के 20वें मैच में यूपी वॉरियर्स को पांच विकेट से शिकस्त दे दी। इस जीत के साथ ही दिल्ली की टीम ने फाइनल में जगह बना ली। वह अंक तालिका में शीर्ष पर रही। मंगलवार (21 मार्च) को दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। यूपी वॉरियर्स की टीम ने 20 ओवर में छह विकेट पर 138 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 17.5 ओवर में 142 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स को शीर्ष पर रहने का फायदा मिलेगा। उसे एलिमिनेटर मैच में नहीं खेलना पड़ेगा। फाइनल मुकाबला 26 मार्च को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं, अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहने वाली मुंबई इंडियंस और तीसरे पायदान पर रहने वाली यूपी वॉरियर्स के बीच एलिमिनेटर मैच 24 मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा।



# आईएसएसएफ पिस्टल/राइफल विश्व कप में भारत के नाम हुआ एक रजत और एक कांस्य पदक

## टूर्नामेंट में पदकों की संख्या चार, भारत के लिए वरुण तोमर और रिदम सांगवान की एयर पिस्टल मिश्रित टीम जोड़ी ने दूसरा स्थान पाया



**भोपाल।** भारत ने गुरुवार को यहां आईएसएसएफ पिस्टल/राइफल विश्व कप में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। इससे भारत के टूर्नामेंट में पदकों की संख्या चार हो गयी है जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हैं। भारत के लिए वरुण तोमर और रिदम सांगवान की एयर पिस्टल मिश्रित टीम जोड़ी ने दूसरा स्थान जबकि रूद्रांक्ष पाटिल और आर नर्मदा नितिन ने एयर राइफल स्पर्धा में तीसरा स्थान प्राप्त किया। चीन ने टूर्नामेंट में दिन के दोनों स्वर्ण पदक जीते। वरूण ने बुधवार को एयर पिस्टल में व्यक्तिगत कांस्य पदक भी जीता था। उन्होंने रिदम सांगवान के साथ मिलकर चीन की कियान वेई और लियू जिनयाओ की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्वर्ण पदक दौर में 11-17 से हार गई। वहीं दिव्या टीएस और सरबजोत सिंह की दूसरी भारतीय टीम एक अंक से कांस्य पदक से चूक गयी और 574 के स्कोर से पांचवें स्थान पर रही।

वहीं पिछले महीने काहिरा में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली रूद्रांक्ष और आर नर्मदा की जोड़ी घरेलू सरजमीं पर वही जादू नहीं दिखा सकी और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। कांस्य पदक के मैच में भारतीय जोड़ी ने चीन के झांग कियोंगुए और यु हाओनान को 16-8 से शिकस्त दी। वहीं इस स्पर्धा में हृदय हजारिका और तिलोत्मा सेन की दूसरी भारतीय जोड़ी नौंवे स्थान पर रही। *एजेंसी*

### ब्रेट ली ने रोहित शर्मा को सुनाई खरी-खरी, बोले- अपने सबसे खतरनाक गेंदबाज को नहीं पहचान पा रहे कप्तान



वनडे विश्व कप 2023 की तैयारियों में जुटी टीम इंडिया की उम्मीदों पर ऑस्ट्रेलिया ने पानी फेर दिया है। चेन्नई में बुधवार को खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज के तीसरे और आखिरी वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को 21 रन हराकर सीरीज 2-1 से जीत ली है। भारतीय टीम की इस हार के साथ ही उस पर सवाल उठने लगे हैं। खिलाड़ियों के साथ ही कप्तान रोहित शर्मा पर निशाना साधा जा रहा है। इसी बीच ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व स्टार गेंदबाज ब्रेट ली ने भी भारतीय टीम मैनेजमेंट के साथ रोहित शर्मा को भी खरी-खरी सुनाई है। उन्होंने कहा कि भारत के पास प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पास सबसे खतरनाक गेंदबाज है, लेकिन कप्तान उसे पहचान नहीं पा रहे हैं।

### जॉनी बेयरस्टो आईपीएल से बाहर लियाम लिविंगस्टोन को हरी झंडी



**नई दिल्ली।** पांव की चोट से उबर रहे इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो अपने देश के क्रिकेट बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं मिलने के कारण इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल 31 मार्च से शुरू हो रहा है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने हालांकि ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन को इस टी20 टूनामेंट में खेलने की अनुमति दे दी है जिन्होंने घुटने और टखने की चोट से उबरने के बाद वापसी की है। पंजाब किंग्स ने आईपीएल नीलामी के दौरान लिविंगस्टोन और बेयरस्टो को क्रमशः 11.50 करोड़ रुपये और 6.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब किंग्स के लिए कुछ अच्छी और कुछ बुरी खबर है क्योंकि इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेने के लिए लियाम लिविंगस्टोन को हरी झंडी दे दी है, लेकिन जॉनी बेयरस्टो को इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से रोक दिया है। उन्होंने बेयरस्टो को एनओसी नहीं दी है। बेयरस्टो सितंबर में गोल्फ कोर्स में फिसलने से कई फ्रैक्चर होने के कारण टी20 विश्व कप तथा पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे में नहीं खेल पाए थे।

# पीवी सिंधु-एचएस प्रणय स्विस ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में

## रादुकानू, स्टीफंस और मर्रे मियामी ओपन के पहले दौर में बाहर

**बासेल।** भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु और एचएस प्रणय ने यहां महिला और पुरुष एकल में अपने-अपने मैच जीतकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूनामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने पुरुष एकल के पहले दौर में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट चीन के शि यू क्यूई से दूसरा गेम गंवाने के बावजूद 21-17 19-21 21-17 से जीत दर्ज की।

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और यहां चौथी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर में स्विट्जरलैंड की जेनजीरा स्टैडेलमैन को एकतरफा मुकाबले में 21-9 21-16 से हराकर अपने खिताब की रक्षा के लिए शानदार शुरूआत की। प्रणय का अगला मुकाबला फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से होगा, जबकि सिंधू का सामना इंडोनेशिया की 20 वर्षीय पुत्री कुसुमा वारदानी से होगा, जो 2022 एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं।



पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन एमा रादुकानू और सलोनी स्टीफंस मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई जबकि विश्व की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को पसली की चोट के कारण प्रतियोगिता से हटना पड़ा। अमेरिकी ओपन में 2019 की चैंपियन बियांका आंद्रिस्कु ने रादुकानू को 6-3, 3-6, 6-2 से पराजित किया। आंद्रिस्कु का अगला मुकाबला दसवीं रैंकिंग की मरिया सक्कारी से होगा जिन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। महिला एकल के एक अन्य मुकाबले में शेल्बी रोजर्स ने स्टीफंस को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। रोजर्स का सामना अब ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। इस बीच पुरुष वर्ग में दुसान लाजोविच ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन एंडी मर्रे को 6-4, 7-5 से हराया।

### आईपीएल मैचों से नहीं हटेगा राष्ट्रीय टीम का कोई खिलाड़ी, कप्तान रोहित शर्मा ने ऐसा क्यों कहा?



**चेन्नई।** भारतीय टीम में चोटिल खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा को नहीं लगता कि कार्यभार प्रबंधन के तहत राष्ट्रीय टीम का कोई खिलाड़ी 31 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों से हटेगा। जसप्रीत बुमराह से लेकर श्रेयस अय्यर तक राष्ट्रीय टीम के चोटिल खिलाड़ियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है और रोहित ने कहा की अक्टूबर-नवंबर में स्वदेश में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप से पहले कार्यभार प्रबंधन की जिम्मेदारी आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों और स्वयं खिलाड़ियों पर होगी। ऑस्ट्रेलिया के हाथों तीसरा और अंतिम वनडे 21 रन से हारने और श्रृंखला 1-2 से गंवाने के बाद रोहित ने पत्रकारों से कहा, यह चिंताजनक है।

हमें उन खिलाड़ियों की कमी खल रही है जिन्हें वास्तव में अंतिम एकादश में शामिल रहना था। उन्होंने कहा,वे (खिलाड़ी) सभी वयस्क हैं। इसलिए वे अपने शरीर का अच्छी तरह से ध्यान रख सकते हैं और अगर उन्हें लगता है कि क्रिकेट अधिक हो रही है तो वे इस बारे में बात कर सकते हैं और एक या दो मैचों से विश्राम ले सकते हैं। वैसे मुझे संदेह है कि ऐसा होगा। आईपीएल 28 मई को समाप्त होगा जिसके बाद भारतीय खिलाड़ियों को लंदन के ओवल में सात जून से शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलने के लिए केवल एक सप्ताह से अधिक का ही समय मिल पाएगा। रोहित ने कहा कि 50 ओवरों के विश्व कप को देखते हुए भारतीय टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों के कार्यभार प्रबंधन को लेकर आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों को संकेत दे दिए हैं। उन्होंने कहा, यह सब अब फ्रेंचाइजी पर निर्भर है। खिलाड़ियों पर अब फ्रेंचाइजी का अधिकार है इसलिए हमने उन्हें कुछ हद तक संकेत दे दिए हैं। आखिर में यह फ्रेंचाइजी का फैसला होगा और सबसे महत्वपूर्ण यह खिलाड़ियों की जिम्मेदारी है कि वह अपने शरीर का ध्यान रखें। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी द्विपक्षीय श्रृंखला के दौरान बुमराह की सेवाएं नहीं मिली जबकि अहमदाबाद में चौथे और अंतिम टेस्ट मैच के दौरान अय्यर के पीठ की चोट फिर से उभर आई और वह इसके बाद वनडे श्रृंखला में नहीं खेल पाए। रोहित ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो खिलाड़ियों को फिट रखने के लिए हर कोई अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा है। हम खिलाड़ियों के प्रबंधन पर काफी ध्यान दे रहे हैं और इसलिए हमने बीच-बीच में कुछ खिलाड़ियों को विश्राम भी दिया।

उन्होंने कहा, हम अपनी तरफ से उनके कार्यभार प्रबंधन को लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। मैं विशेषज्ञ नहीं हूं जो आपको बता सकूं कि चोट फिर से क्यों उभर रही हैं। हमारी चिकित्सा टीम इस पर ध्यान दे रही है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि विश्वकप तक हमारे 15 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तैयार रहें। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अय्यर का आईपीएल के शुरूआती मैचों में खेलने की संभावना नहीं है। रोहित ने कहा, निश्चित तौर पर जब आप बहुत अधिक क्रिकेट खेलते हैं तो चोटिल होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए इस पर बहुत अधिक गौर नहीं करते हुए आप उन्हीं चीजों पर नियंत्रण कर सकते हैं जो आपके हाथ में हैं। चोटिल होने पर खिलाड़ियों को भी निराशा होती है। वह खेलना चाहते हैं इसलिए यह दुखद है लेकिन आखिर में आप इस मामले में कुछ खास नहीं कर सकते।

# आईपीएल टीमों से जुड़ने से पहले भारत की सफेद गेंद के खिलाड़ी लेंगे ब्रेक, श्रेयस अय्यर की होगी सर्जरी

## विश्व कप को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों के कार्यभार प्रबंधन पर कड़ी नजर रखी जा रही

**नई दिल्ली।** भारत के जो खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला का हिस्सा हैं, उन्हें 31 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में अपनी टीमों के शिविरों से जुड़ने से पहले तीन से चार दिन का संक्षिप्त ब्रेक मिलेगा। गत चैम्पियन गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स अहमदाबाद में सत्र के शुरूआती मुकाबले में आमने सामने होंगे। समझा जा सकता है कि विश्व कप को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों के कार्यभार प्रबंधन पर कड़ी नजर रखी जा रही है जिससे उन्हें आराम देना सर्वोपरि है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, कुछ खिलाड़ी सीधे ही आईपीएल टीमों से जुड़ सकते हैं लेकिन उनके पास तीन-चार दिन का ब्रेक लेने का विकल्प होगा ताकि वे अपनी आईपीएल टीमों से जुड़ने से पहले घर पर कुछ आराम कर सकें। अगर खिलाड़ी सीधे ट्रेनिंग शिविर से जुड़ते हैं तो भी संभव नहीं है कि वे कम से कम अगले 72 घंटों में ट्रेनिंग करेंगे। बोर्ड के सूत्रों के अनुसार श्रेयस अय्यर पीठ की सर्जरी करायेंगे और आईपीएल का हिस्सा नहीं होंगे। यह फैसला खिलाड़ी के सर्वश्रेष्ठ हित को ध्यान में रखते हुए किया गया है क्योंकि अभी सर्जरी से उन्हें अक्टूबर में होने वाले विश्व कप से पहले वापसी का मौका मिल सकता है। हालांकि इस समय उनके विश्व कप टीम में जगह बनाने की संभावना काफी कम दिख रही है। जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा दो खिलाड़ी हैं जो पहले ही पीठ की सर्जरी करा चुके हैं।



### इरफान के बेटे ने 'झूमे जो पठान' पर लगाए ठुमके शाहरुख खान बोले- 'ये तुमसे ज्यादा टैलेंटेड निकला'



**नई दिल्ली।** क्रिकेटर इरफान पठान ने अपने बेटे का एक वीडियो शाहरुख खान की कमबैक फिल्म 'पठान' फिल्म के गाने 'झूमे जो पठान' पर थिरकने हुए सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इरफान पठान के नन्हे से बेटे का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जब इस वीडियो पर शाहरुख खान की नजर पड़ी तो वह भी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए।

क्रिकेटर इरफान पठान ने अपने बेटे का वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'खान साहब प्लीज अपनी लिस्ट में एक और सबसे क्यूटेस्ट फैन को शामिल करें। वीडियो में इरफान पठान के नन्हे से बेटे को मोबाइल पर गाने 'झूमे जो पठान' को सुनते हुए और लास्ट में उस पर थिरकते हुए देखा जा सकता है। वहीं शाहरुख खान ने इस क्लिप पर रिएक्शन देते हुए और इसे दोबारा पोस्ट भी किया। उन्होंने ट्वीट किया, 'ये तुमसे ज्यादा टैलेंटेड निकला...छोटा पठान'। 'पठान' को सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट किया है और यशराज फिल्म्स ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम मुख्य भुमिका में हैं। यह फिल्म 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

# विश्व कप से पहले सुनील गावस्कर ने किया आगाह, आईपीएल आ रहा है लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार नहीं भूलनी चाहिए

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि भारतीय टीम को 31 मार्च से शुरू हो रही लुभावनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू होने के उत्साह में आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में मिली हार को भूलने की गलती नहीं करनी चाहिए। भारत को बुधवार को चेन्नई में तीसरे और अंतिम वनडे में 21 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसने आस्ट्रेलिया से श्रृंखला 1-2 से गंवा दी। महान बल्लेबाज गावस्कर ने कहा कि रोहित शर्मा के खिलाड़ी अक्टूबर-नवंबर में देश की मेजबानी में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हो सकते हैं। गावस्कर ने ह्यस्टार स्पोर्ट्सह्न से कहा, ह्यह्यनिश्चित रूप से, अब आईपीएल (31 मार्च से) शुरू हो रहा है। इसे (श्रृंखला की हार को) भूलना नहीं चाहिए। भारत कभी कभार इसे भूलने की गलती कर सकता है लेकिन किसी को ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि विश्व कप में हम फिर से आस्ट्रेलिया से भिड़ सकते हैं। उन्होंने कहा, यह (तीसरे वनडे में हार) ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों द्वारा बनाये गये दबाव की वजह से मिली थी। बाउंड्री लगना बंद हो गया था और वे (भारतीय बल्लेबाज) एक रन भी नहीं बना पा रहे थे। जब ऐसा होता है तो आप ऐसा कुछ खेलने की कोशिश करते हो जिसके आप आदी नहीं हो। उन्हें इसी चीज को देखना होगा। जीत के लिये 270 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 49.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गयी थी जिससे उसने मैच के साथ श्रृंखला भी गंवा दी। भारत के लिये विराट कोहली (54 रन) और केएल राहुल (32 रन) के बीच तीसरे विकेट के लिए 69 रन तथा सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (30 रन) और शुभमन गिल (37 रन) के बीच 65 रन की भागीदारी ही महत्वपूर्ण रही। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर ने कहा, जब आप 270 रन या करीब 300 रन के लक्ष्य का पीछा करते हो तो आपको करीब 90 या 100 रन की एक भागीदारी की जरूरत होती है जिससे आप लक्ष्य के करीब पहुंचते हो। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा, हां, मैच के दौरान दो भागीदारियां बनी थीं जिसमें एक राहुल और कोहली के बीच थी, लेकिन आपको इसी तरह की या इससे बड़े रन की एक और साझेदारी की जरूरत थी। गावस्कर ने कहा, ऑस्ट्रेलिया का क्षेत्ररक्षण भी लाजवाब रहा। उनकी गेंदबाजी काफी अच्छी थी। उन्होंने कसी गेंदबाजी की, ह्यस्टंप टू स्टंपह्न गेंद डाली लेकिन उनका क्षेत्ररक्षण भी काफी अच्छा था। यही अंतर रहा।



### गुजरात टाइटंस के भविष्य के कप्तान हो सकते हैं शुभमन गिल : विक्रम सोलंकी

**मुंबई।** गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी का मानना है कि भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की क्रिकेट की समझ बहुत अच्छी है और वह भविष्य में इस फ्रेंचाइजी टीम के कप्तान बन सकते हैं। गिल पिछले छह महीने से भारतीय टीम का अहम हिस्सा बने हुए हैं और इस बीच उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में दोहरा शतक लगाना भी शामिल है। उन्होंने पिछले साल गुजरात टाइटंस को आईपीएल खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। हार्दिक पांड्या का लगातार दूसरे सत्र में गुजरात टाइटंस की अगुवाई करना तय है लेकिन टीम प्रबंधन गिल को भविष्य के कप्तान के रूप में देखता है। सोलंकी ने गुरुवार को वर्चुअल मीडिया सत्र में पत्रकारों से कहा, शुभमन के अंदर एक नेतृत्वकर्ता छिपा है और वह काफी जिम्मेदारी लेता है। मेरे हिसाब से यह महत्वपूर्ण नहीं है कि आपके नाम के आगे कप्तान होने का चिन्ह लगे होने पर ही आप अपनी भूमिका निभाओ। उन्होंने कहा, शुभमन ने पिछले साल भी अपने आचरण और खेल के प्रति अपने पेशेवर रवैए के कारण नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभाई थी। सोलंकी ने कहा, क्या मैं यह सोचता हूं कि शुभमन भविष्य का कप्तान होगा। हां, निश्चित तौर पर लेकिन इस बारे में अभी कोई फैसला नहीं किया गया है। उसमें नेतृत्व करने के गुण हैं, वह बहुत परिपक्व है और काफी प्रतिभाशाली है। उन्होंने कहा, उसके पास बहुत अच्छा क्रिकेटिया दिमाग है और हम शुभमन के साथ चर्चा जारी रखेंगे और जो भी फैसला करेंगे उसमें उसकी राय जरूर लेंगे। गुजरात टाइटंस आईपीएल में अपना पहला मैच 31 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेलेगा।



# झारखंड में नई रोजगार नीति के खिलाफ युवाओं का प्रदर्शन, पुलिस ने भांजी लाठियां, दागे आंसू गैस के गोले

## छात्र नेता जयराम महतो को पुलिस ने हिरासत में लिया, पुलिस छावनी में बदला विधानसभा का एरिया, पुलिस पर भी पत्थरों से हमला

**नई दिल्ली।** झारखंड सरकार की नई नियोजन नीति (भर्ती नीति) के विरोध में युवाओं ने गुरुवार को उग्र प्रदर्शन किया। विधानसभा का घेराव करने जा रहे युवाओं पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया। आंसू गैस के गोले छोड़े। छात्र नेता जयराम महतो को पुलिस ने हिरासत में लिया है।



नियोजन नीति के खिलाफ झारखंड यूथ एसोसिएशन, झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले प्रदेशभर से युवा विधानसभा का घेराव करने पहुंचे हैं। युवा नियोजन नीति में कमियां और आरक्षण रोस्टर में गड़बड़ी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ने लगे। पुलिस ने जगन्नाथ मंदिर के पास बैरिकेडिंग करके उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। इस पर पुलिस सख्ती से उन्हें हटाने लगी। अब भी युवा जगन्नाथ मंदिर के पास बैठे हुए हैं। छात्र नेता जयराम महतो को छोड़ने की मांग कर रहे हैं।

अभी झारखंड विधानसभा का सत्र चल रहा है। युवाओं के आंदोलन को देखते हुए विधानसभा के आसपास काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। लगभग 500 की संख्या में युवा हैं जो विधानसभा घेरने पहुंचे।

***पहले सीएम हाउस घेराव का लिया था निर्णय***

20 मार्च को सीएम हाउस घेराव की रणनीति थी। एक दिन पहले मंत्री आलमगीर आलम और स्टूडेंट लीडर्स की बातचीत के बाद इसे स्थगित कर दिया गया था। 20 मार्च को ही जिलावार आरक्षण रोस्टर व 21 मार्च को सहायक प्रयोगशाला परीक्षा की वैकेंसी निकाल दी गई। इसमें कई गड़गड़ी व अनियमिता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इसमें दिख रही गड़बड़ियों की वजह से राज्य के छात्र आक्रोशित हो गए। राज्य के विभिन्न जिलों में युवाओं ने 22 मार्च को जिलावार सरकार का पुतला दहन किया। फिर उन्होंने विधानसभा घेराव की घोषणा की।

हेमंत सोरेन सरकार की तरफ से 15 दिन पहले नई नियोजन नीति लाई गई है। इस नीति के मुताबिक आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को 50%, ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थियों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। शेष 40% अनरिजर्व है। इसी 40% को बवाल मचा है। इसमें झारखंड के अभ्यर्थी समेत बाहर के राज्यों के कैंडिडेट्स को भी शामिल किया गया है। झारखंड के युवा इसे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। वह चाह रहे हैं कि इस 40% में भी सिर्फ झारखंड के युवाओं को ही मौका दिया जाए।

हेमंत सोरेन सरकार की तरफ से जिलावार आरक्षण रोस्टर जारी किया गया है। आंदलोनरत अभ्यर्थियों का कहना है कि एक तरफ सरकार राज्य में ओबीसी को 27% ओबीसी आरक्षण देने की बात कह रही है, लेकिन जिलेवार जारी रोस्टर में कई त्रुटियां हैं। नई नियोजन नीति के बाद सरकारी विज्ञप्तियां भी जारी होने लगी हैं। ये नियुक्तियां जेएसएससी की तरफ से निकाली गई हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि इस विज्ञप्ति में भी कई त्रुटियां हैं। ***एजेंसी***

### सुकमा में जवानों से मुठभेड़ के बाद पांच नक्सली गिरफ्तार, पांच के घायल होने का दावा

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में गृहमंत्री के दौरे से पहले नक्सली गतिविधियां बढ़ गई हैं। सुकमा में गुरुवार सुबह जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली वहां से भाग निकले। इस दौरान जवानों ने पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुठभेड़ में चार से पांच नक्सलियों के घायल होने का दावा अफसरों ने किया है। बताया जा रहा है कि यह नक्सली नेशनल हाईवे पर वारदात के लिए पहुंचे थे। फिलहाल इलाके में सर्चिंग जारी है। इससे पहले देर रात दंतेवाड़ा में भी मुठभेड़ हुई थी। सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली थी कि एराबोर क्षेत्र में नक्सलियों की कोटा एरिया कमेटी ग्राम कोत्तालेण्ड्रा जंगल के पास मौजूद है। नक्सली नेशनल हाईवे-30 पर किसी वारदात को अंजाम देने के लिए एकत्र हुए हैं। इस पर एराबोर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह और कोंटा थाना प्रभारी शिवानंद सिंह के नेतृत्व में दोनों थानों से पुलिस बल व डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के जवानों को रवाना किया गया।

## नई सीरीज 'कॉल मी बे' में नजर आएंगी अनन्या पांडे, शूटिंग शुरू



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे वेबसीरीज कॉल मी बे में नजर आयेंगी। अनन्या पांडे आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज कॉल मी बे में मुख्य भूमिका निभाने जा रही हैं। वरुण धवन ने एक मजेदार वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्होंने अनन्या पांडे को बे के रूप में पेश किया।' वीडियो में, अनन्या वरुण को फैशन की बारीकियों पर कुछ कहते हुए दिखाई देती हैं। सीरीज की शूटिंग शुरू हो चुकी है। कॉल मी बे एक अरबपति फैशनिस्टा बे (अनन्या पांडे द्वारा अभिनीत) की कहानी है, जिसे उसके अमीर परिवार ने सेक्स स्कैंडल के कारण त्याग दिया है। फिर वह अकेली पड़ जाती है और कई पूर्वाग्रहों के इर्द-गिर्द अपनी यात्रा में खुद को खोजती है। शो के प्रोड्यूसर करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा हैं और निर्देशन कॉलिन डीकुन्हा ने किया है। इशिता मोइत्रा द्वारा रचित सीरीज कॉल मी बे जल्द ही प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

## खास खबर

### अब लगेगा तमिलनाडु में ऑनलाइन जुए पर बैन

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा ने गुरुवार को एक बार फिर सर्वसम्मति से ऑनलाइन जुए पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को पारित कर दिया है। राज्यपाल आरएन रवि ने इसे पुनर्विचार के लिए सरकार को वापस कर दिया था। विधेयक को पेश करते हुए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि वह कई जिंदगियों के नुकसान को देखते हुए इसे "भारी मन" से पेश कर रहे हैं। मालूम हो कि ऑनलाइन जुए में पैसा गंवाने के बाद हाल में कई लोगों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।
कई सदस्यों ने बिल पर अपना समर्थन व्यक्त किया और इसे वापस करने के लिए राज्यपाल रवि का विरोध किया। स्पीकर एम अप्पावु ने बाद में घोषणा की कि बिल को सर्वसम्मति से अपनाया गया था। इस बीच, विपक्ष के नेता के पलानीस्वामी और पार्टी के अन्य विधायकों ने विपक्ष के नेता ओ पन्नीरसेल्वम को इस मुद्दे पर बोलने की अनुमति देने पर विपक्ष के नेता और के पलानीस्वामी और पार्टी के अन्य विधायकों द्वारा नेतृत्व के मुद्दे पर विपक्षी अन्नाद्रमुक में दरार दिखाई, जिससे हंगामे की स्थिति पैदा हो गई।

### अतीक के साढ़ू इमरान के अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

करेली के बक्शी मोड़ा में अतीक अहमद के साढ़ू इमरान जई की 300 बीघा अवैध प्लाटिंग पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम ने बुलडोजर चला दिया। इमरान दर्जनों मुकदमों में नामजद है। शहर में करेली, पुरामुफ्ती, धूमनगंज के कई इलाकों के साथ कई अन्य शहरों में भी उसकी प्लॉटिंग का काम चल रहा है। शूटर और बमबाज गुड्डू मुस्लिम के चकिया स्थित चिकन की दुकान पर भी बुलडोजर चलेगा। बुधवार को पीडीए ने उसकी दुकान पर नोटिस चस्पा कर दिया है। साथ ही उसके घर पर भी ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा किया गया है। पीडीए किसी भी समय ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर सकती है।

## राज ठाकरे के ऐक्शन का रिएक्शन

### एक दिन में हटी मुंबई की 'अवैध' दरगाह एकनाथ शिंदे को दी थी चेतावनी



**मुंबई।** मुंबई में माहिम बीच पर बनी एक दरगाह को गुरुवार सुबह बीएमसी ने हटा दिया। पुलिस की भारी मौजूदगी के बीच बुलडोजर से दरगाह हटाई गई। बीएमसी मलबे को भी ट्रकों में भरकर ले गई है। दरअसल, बुधवार को एमएनएस नेता राज ठाकरे ने कहा था कि माहिम के पास समुद्र में अतिक्रमण करके एक मजार बनाई गई है। अगर इसे नहीं तोड़ा गया तो उसके पास बड़ा गणपति का मंदिर बनाएंगे। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि कोस्टल रेगुलेशन जोन को ध्यान में रखते हुए दरगाह को हटाने का फैसला लिया गया। कोस्टल रेगुलेशन जोन एक्ट के तहत समुद्र के अंदर किसी तरह का निर्माण नहीं किया जा सकता है। इसमें कुछ गलत नहीं है। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि हम बालासाहेब ठाकरे के विजन पर विश्वास करते हैं। पहले बालासाहेब ऐसे मुद्दों को उठाया करते थे, अब राज ठाकरे उठा रहे हैं। राज ठाकरे की वजह से हमें पता चला कि उफे एक्ट का उल्लंघन हो रहा है, इसलिए हमने एक्शन लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दरगाह को हटाने का आदेश मुंबई के रेजिडेंट कलेक्टर ने दिया। सुबह 8 बजे कलेक्टर और डीसीपी समेत 6 अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। राज ठाकरे ने बुधवार को शिवाजी पार्क में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मुंबई में माहिम के पास समुद्र में बन रही एक दरगाह का वीडियो दिखाया। उन्होंने कहा कि कुछ सालों पहले तक यहां कुछ नहीं था। अब अनधिकृत तरीके से यहां मजार बनाई जा रही है।

### दिल्ली में पांचवीं कक्षा की छात्रा से स्कूल में सामूहिक दुष्कर्म, चपरासी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के दिल्ली नगर निगम के स्कूल के अंदर पांचवीं कक्षा की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। स्कूल के चपरासी ने छात्रा को नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश किया और तीन बाहरी लोगों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य की शिकायत पर गाजीपुर थाना पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, अपहरण, पाक्सो समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी पंजीकृत की है। पुलिस ने आरोपित चपरासी अजय (54) को गिरफ्तार कर लिया है, बाकी आरोपितों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। निगम उपायुक्त वंदना राव ने चपरासी को निलंबित कर दिया है। पीड़ित परिवार गाजीपुर थाना क्षेत्र में रहता है। पीड़िता के परिवार में माता-पिता व बड़ा भाई है। 10 वर्षीय पीड़िता इलाके के एक निगम स्कूल पांचवीं कक्षा में पढ़ाई करती है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 14 मार्च को पीड़िता की स्कूल की आखिरी परीक्षा थी, वह उसमें अनुपस्थित थी। कक्षा की शिक्षिका ने स्वजन को फोन किया, पीड़िता के भाई ने फोन उठाया और बताया कि स्कूल के चपरासी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी बहन के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण किया

## लाल बहादुर शास्त्री के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए बोले-देश में खाद्यान्न संकट को देखते हुए देश में एक दिन के उपवास का आहवान ने भारतीय किसानों को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास पर खेती करने की उनकी पहल व देश में खाद्यान्न संकट को देखते हुए देश में एक दिन के उपवास का आहवान ने भारतीय किसानों को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया। कृषि मंत्री तोमर विक्रम संवत 2080 व विश्व जल दिवस के अवसर पर धानुका समूह द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि शास्त्री का व्यक्तित्व अतुलनीय था। 1965 में खाद्यान्न संकट के चरम पर उन्होंने न केवल अपने सरकारी आवास पर खेती की, बल्कि 'जय जवान, जय किसान' के नारे के साथ देश के किसानों को खेत में जाने का आह्वान भी किया, ताकि एक देश के रूप में हम खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनें और कभी दूसरों पर निर्भर न रहना पड़े। शास्त्री जी की तरह आज लोग हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनुसरण करते हैं। श्री मोदी के आहवान पर कैसे लोगों ने पीएम के आह्वान पर गैस सब्सिडी त्याग दी, जिसके परिणामस्वरूप उज्जवला योजना की शुरूआत हुई और करीब 9 करोड़ महिलाओं को इस लाभ मिला। कृषि मंत्री तोमर ने केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह की मौजूदगी में स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र और उनके नाती संजय नाथ सिंह द्वारा उनके जीवन पर लिखी गई एक पुस्तिका का भी अनावरण किया। इस अवसर पर धानुका समूह के अध्यक्ष आर.जी. अग्रवाल ने कहा कि एक अनुमान के अनुसार, भारत में कृषि प्रयोजनों के लिए 70-80% पानी का उपयोग किया जाता है। लगातार घटते भूजल स्तर को देखते हुए पारंपरिक बाढ़ सिंचाई तकनीक के बजाय ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई तकनीक को बढ़ावा देने की अत्यधिक आवश्यकता है। इस तरह की सटीक सिंचाई प्रणाली ने 60% से अधिक बंजर भूमि वाले इजराइल जैसे देश को उच्च गुणवत्ता और उच्च उपज वाली फसलों का उत्पादन करने वाले कृषि क्षेत्र में एक विश्व नेता के रूप में फलने-फूलने में सक्षम बनाया है। हमें एक देश के रूप में सटीक खेती (प्रिसिजन फार्मिंग) को बड़े पैमाने पर अपनाने की जरूरत है, जिसके परिणामस्वरूप फसल की गुणवत्ता, उत्पादन और लाभप्रदता में वृद्धि के साथ-साथ पानी की भी बचत होगी। कार्यक्रम में शास्त्री जी के पुत्र अनिल शास्त्री, नाती व उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य सिद्धार्थ नाथ सिंह, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, संसद सदस्य वीरेंद्र सिंह और राजेंद्र अग्रवाल, एम्स के निदेशक डॉ. एन. श्रीनिवासन, कृषि आयुक्त श्री पी.के. सिंह, आईसीएआर डॉ. आर.एस. पराडिया, अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्य भूषण जैन, भारतीय विकास परिषद के सुरेश जैन और धानुका समूह के अध्यक्ष आर.जी. अग्रवाल समेत कई गणमान्य शामिल थे।

## अशरफ के राज उगलवाने की तैयारी

### पुलिस ने लल्ला को रिमांड पर लेने की कोर्ट में दी अर्जी, 27 मार्च को सुनवाई



**लखनऊ।** बरेली जिला जेल में बंद अशरफ मामले में बिथरी चैनपुर थाने में दर्ज मुकदमे के विवेचक सीओ थर्ड आशीष प्रताप सिंह की ओर से लल्ला गद्दी की पुलिस कस्टडी रिमांड लेने के लिए गुरुवार को अर्जी दी। विशेष अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए 27 मार्च की तारीख तय की है। उमेश पाल हत्याकांड के तार बरेली जेल में बंद अशरफ से जुड़े मिले हैं। जेल में अशरफ से उसके गुर्गे बिना पर्ची के मुलाकात करते थे। इनमें बारादरी थाना इलाके के चक महमूद का रहने वाला लल्ला गद्दी भी शामिल है। इस मामले में थाना बिथरी चैनपुर में मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होने के बाद लल्ला गद्दी फरार हो गया था। एसओजी की टीम ने सोमवार की रात सेटेलाइट बस अड्डे से नाटकीय तरीके से लल्ला गद्दी को पकड़ा था। उसके पकड़े जाने का छह सेकेंड का वीडियो भी सामने आया, जिससे एसआईटी को उसका चालान करना पड़ा। अशरफ से जुड़े राज उगलवाने के लिए पुलिस लल्ला गद्दी को रिमांड पर लेना चाहती है। इसकी अर्जी अदालत में दी गई है। लल्ला के पास दो मोबाइल थे। फरवरी में एक और उसके बाद मार्च में दूसरा मोबाइल नया सिम डालकर चलाने की पुष्टि हुई है। दोनों मोबाइलों को गुजरात की फॉरेंसिक लैब भेजेगी।

## पुलिस के पास अतीक की पत्नी की बिना नकाब नहीं है कोई फोटो

### पुलिस का दावा- इसी का फायदा उठाकर शाइस्ता भाग गई विदेश

**प्रयागराज।** माफिया अतीक की बीवी शाइस्ता परवीन के विदेश भागने की आशंका जताई गई है। ऐसे में उसे विदेश जाने से रोकने के लिए लुकआउट नोटिस जारी किया जाएगा। इसके लिए पुलिस की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। उमेश हत्याकांड के मुकदमे में शाइस्ता भी अतीक समेत अन्य के साथ नामजद अभियुक्त है। पुलिस का कहना है कि शाइस्ता परवीन की नकाब वाली फोटो ही सार्वजनिक हुई है, जबकि बेनकाब वाली तस्वीर के बारे में सभी को नहीं पता है। इसी का फायदा उठा फर्जी पासपोर्ट बनवाकर विदेश भाग सकती है।



उमेश पाल हत्याकांड में अतीक गिरोह के गिरफ्तार पांच मददगारों से पूछताछ में पता चला कि अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन भी साजिश की सभी बैठकों में बराबर शामिल होती थी। उसने आखिरी बैठक में शूटरों से कहा था कि इंशाल्लाह, हमें उमेश को जान से मारकर कामयाब होना है। उसने शूटरों से कहा कि यह हक की लड़ाई है जिसे जीतना ही होगा। जो जीतेगा वही जी सकेगा। वह ग्रुप काल में भी शामिल रहती थी। 24 फरवरी को उमेश पाल की हत्या के बाद उनकी पत्नी जया पाल ने धूमनगंज थाने में अतीक अहमद और अशरफ के साथ शाइस्ता परवीन को भी आपराधिक साजिश में नामजद अभियुक्त बनाया था। पुलिस जांच में शाइस्ता की भूमिका उजागर होती गई।

अब तक गिरफ्तार अपराधियों के बयान से यह साबित हो चुका है कि शाइस्ता परवीन शुरू से ही इस सनसनीखेज वारदात के षड़यंत्र से जुड़ी रही है। अब मंगलवार को नकदी और दस हथियारों के साथ गिरफ्तार पांच लोगों से पूछताछ में भी शाइस्ता की कारगुजारियों के बारे में पता चला है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अतीक के घरेलू नौकर कैश अहमद तथा मुंशी राकेश कुमार उर्फ लाला ने स्वीकारा कि उमेश पाल के कत्ल के लिए चकिया वाले घर में शूटरों की बैठक होती थी। इस दौरान जेल में बंद अतीक और अशरफ भी ग्रुप वीडियो काल से जुड़ते और रेकी करने से लेकर गोली मारकर भागने के तरीके पर अपनी बात रखते थे। इन्हीं बैठकों के दौरान शाइस्ता बार-बार कहती रहती थी कि बहुत हो गया, अब इस काम को अंजाम देकर अपनी इज्जत वापस लानी है, हमारा नाम गूंजना चाहिए। उसे मारकर कामयाब होना है।

## कूट्टू से बना भोजन खाने से सौ से ज्यादा लोग बीमार

### मेरठ में मचा हड़कंप, दुकानदार को पुलिस ने उठाया



**मेरठ।** मेरठ के मोहल्ला गौतमनगर में गुरुवार को कुट्टू के आटे से बने खाद्य पदार्थ खाने से एक परिवार के दर्जन भर लोगों की हालत बिगड़ गई। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेरठ के मोहल्ला गौतमनगर, गणेशपुरी समेत क्षेत्र की 14 गलियों में गुरुवार को नवरात्र के व्रत के दौरान लोगों को कुट्टू के आटे से बना भोजन करना महंगा पड़ गया। यहां कुट्टू के आटे से बने खाद्य पदार्थ खाने से विभिन्न परिवारों में बच्चों समेत तकरीबन सौ से ज्यादा लोगों की हालत बिगड़ गई। बीमार हुए लोगों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं सूचना पर पुलिस व फूड इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस ने एक दुकानदार को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं फूड इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंचकर जिन दुकानों से आटा खरीदा गया था, वहां से सैंपल जांच के लिए भिजवाए और लोगों से पूछताछ की। अभी क्षेत्र में दहशत बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार आज मोहल्ला गौतम नगर में गणेशपुरी मेरठ में जहरीला कुट्टू के आटे से बने खाद्य पदार्थ खाने से दर्जनों लोग वह बच्चे बीमार हो गए, जिसमें कुछ लोग गंभीर रूप से बीमार हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

# तीन दिन कुरुक्षेत्र में रुका था भगोड़ा अमृतपाल, हिरासत में ली गई महिला

## उत्तराखंड भाग जाने की है आशंका

**चंडीगढ़।** खालिस्तान समर्थक व भगोड़े अमृतपाल सिंह के 11 साथियों को गुरुवार की दोपहर भरी सुरक्षा के बीच बाबा बकाला की अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी 11 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।अमृतपाल सिंह से संबंधित एक मामले में अमृतसर के बाबा बकाला कोर्ट ने 11 अभियुक्तों को 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर भेजा है। पुलिस ने अमृतपाल सिंह के 11 साथियों को उसके अवैध हथियार रखने व उनकी संभाल करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पकड़े गए अमृतपाल के साथियों में हरमिंदर सिंह, गुरवीर सिंह, अजयपाल सिंह, बलजिंदर सिंह, अमनदीप सिंह, स्वरीत गुरलाल



सिंह,संगरूर निवासी गुरप्रीत सिंह, अमृतसर के शहीद उधम सिंह नगर निवासी भूपिंदर सिंह, सुखमनप्रीत सिंह और हरप्रीत सिंह (चालक) शामिल है। वारिस पंजाब दे के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। भगौड़े अमृतपाल को पकड़ने के लिए पंजाब पुलिस लगातार दबिश दे रही है और साथ ही उसके साथियों को हिरासत में ले रही है। अमृतपाल के साथियों को रिमांड पर लिया गया था आज गुरुवार को उन्हें एक बार फिर से कोर्ट में पेश किया गया था। भगोड़े अमृतपाल के थे खतरनाक इरादे ,एसजीपीसी पर थी अमृतपाल की नजर

भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख अमृतपाल सिंह के सात साथियों को अमृतसर के बाबा बकाला कोर्ट लाया गया। यहां इन्हें आज पेश किया गया। दरअसल इन सातों को पहले कोर्ट में पेश किया गया था और कोर्ट ने इन्हें 23 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया था। आज 23 मार्च है और इनकी रिमांड खत्म हो रही है, जिसके बाद इन्हें एक बार फिर से कोर्ट में पेश किया गया है। बता दें कि अमृतपाल के इन सात साथियों की गिरफ्तारी शनिवार को हुई थी। 18 मार्च को ये अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए थे।

पुलिस ने सातों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में अमृतपाल सिंह मुख्य आरोपी है। बता दें कि 18 मार्च को पंजाब पुलिस ने इन अमृतपाल को पकड़ने के लिए पूरा जाल बिछाया था। भारी पुलिस बल ने अमृतपाल के काफिले का पीछा किया था लेकिन खालिस्तान समर्थक मौके से फरार होने में कामयाब रहा था। इसी दौरान पुलिस ने अमृतपाल के इन सात साथियों को गरिफ्तार किया था। इनके पास से बंदूकें और गोला-बारूद बरामद हुए थे।

### बिहार में महंगी हुई बिजली: फिक्सड चार्ज भी दोगुना हुआ

**पटना।** बिहार में बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा झटका लगा है। बिहार सरकार ने बिजली शुल्क में 24.10 प्रतिशत दर की बढ़ोतरी कर दी है। फिक्सड चार्ज में भी वृद्धि कर दोगुना कर दिया गया है। यानी कि अब उपभोक्ताओं को सवा गुना ज्यादा बिजली बिल देना होगा। बिजली आपूर्ति कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 40 फीसदी तक बिजली दर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था। इसके बाद बिहार विद्युत विनियामक आयोग का फैसला। यह फैसला 1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक लागू रहेगा। अब सरकार की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी के आधार पर प्रति यूनिट बिजली की दर तय होगी।
राज्य सरकार सब्सिडी देकर बिजली उपभोक्ताओं को राहत देती है। अभी एक यूनिट पर 1.83 रुपए की सब्सिडी मिलती है। अगर राज्य सरकार इसमें बढ़ोतरी करती है तो बढ़े हुए बिजली बिल से कुछ राहत मिल सकती है।




**मौसम में सुधार होते ही गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर लिनचोली से केदारनाथ तक बर्फ सफाई का काम फिर से शुरू हो गया है। यहां पैदल मार्ग पर तीन फीट से अधिक बर्फ है जिसे साफ करने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। बुधवार को सुबह से मजदूरों ने लिनचोली से बेस कैंप तक बर्फ साफ करने का काम शुरू किया।**



सेंसेक्स

289.31 अंक टूटकर 57,925.28 अंकों पर



सोना

533 रुपये की तेजी के साथ 59,289 रुपये प्रति 10 ग्राम

# बाजार ने बीते दो दिनों की बढ़त गंवाई, सेंसेक्स 289 प्वाइंट टूटा, निफ्टी 17100 के नीचे


## बिकवाली के कारण बाजार में निवेशकों को करीब 87 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन पिछले दो दिनों की बढ़त गंवाकर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 289.31 (-0.50%) अंक टूटकर 57,925.28 अंकों पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर निफ्टी 75.00 (-0.44%) अंकों की गिरावट के साथ 17,076.90 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। गुरुवार के ट्रेडिंग सेशन के दौरान अदाणी ट्रांसमिशन के शेयरों में 5 प्रतिशत की बढ़त जबकि एचएएल के शेयरों में 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार के दिन बाजार की बिकवाली के जिम्मेदार बैंकिंग और आईटी सेक्टर के शेयर रहे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सबसे ज्यादा गिरावट दिखी। वहीं दूसरी ओर मेटल, एफएमसीजी और फार्मा सेक्टर के शेयर हरे निशान पर कारोबार करते हुए बंद हुए।



गुरुवार के कारोबारी सेशन के दौरान बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में क्रमशः 0.45% और 0.15% की गिरावट दर्ज की गई। इस बिकवाली के कारण बाजार में निवेशकों को करीब 87 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन 32 पैसे मजबूत होकर 82.27 (अस्थायी) पर बंद हुआ। इस बीच अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से बैंकों में उथल-पुथल के बावजूद ब्याज दरों में वृद्धि के बाद बैंक ऑफ इंग्लैंड ने भी ब्याज दरों में एक चौथाई अंक की वृद्धि का फैसला किया है।

### ताबड़तोड़ बढ़ी सोने की कीमत, चांदी भी हुई मजबूत



**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण व्यापारियों ने ताजा सौदों की लिवाली की, जिससे वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को सोना 533 रुपये की तेजी के साथ 59,289 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में, अप्रैल डिलीवरी के लिए सोना अनुबंध 7,517 लॉट के कारोबार में 533 रुपये या 0.91 प्रतिशत बढ़कर 59,289 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मजबूत हाजिर मांग के बीच कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया, जिससे वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 303 रुपये की तेजी के साथ 69,612 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में मई डिलीवरी के लिए चांदी के अनुबंध का भाव 303 रुपया या 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 69,612 रुपये प्रति किग्रा हो गया, जिसमें 13,395 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

## दिल्ली के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे विश्व बैंक के अजय बंगा

*पीएम मोदी और वित्त मंत्री से करेंगे मुलाकात*



**नई दिल्ली।** विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के उम्मीदवार अजय बंगा दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर रहेंगे। वह 23 और 24 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में आएंगे। वह डोनर और उधार लेने वाले देशों के साथ विकास और जलवायु जरूरतों पर चर्चा करने के लिए तीन सप्ताह के वैश्विक दौरे पर हैं।

अजय बंगा 23 और 24 मार्च को नई दिल्ली का दौरा करेंगे। इस दौरान वह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात करेंगे। अजय बंगा की दो दिवसीय यात्रा भारत की विकास प्राथमिकताओं, विश्व बैंक और वैश्विक आर्थिक विकास चुनौतियों पर केंद्रित रहेगी।

फरवरी के अंत में विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए उनके नामांकन की घोषणा के तुरंत बाद, भारत की सरकार ने बंगा की उम्मीदवारी का समर्थन किया था।

अजय बंगा एक लंबे समय से वित्त और विकास कार्यकारी हैं और वर्तमान में वह एक अमेरिकी नागरिक हैं। विश्व बैंक के अगले अध्यक्ष पद के लिए अजय बंगा को ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, बांग्लादेश, कोलंबिया, मिस्र, आइवरी कोस्ट, केन्या, सऊदी अरब और दक्षिण कोरिया सहित अन्य देशों की सरकारों से भी सर्मथन हासिल हुआ है। विश्व बैंक 29 मार्च तक अन्य देशों से नामांकन स्वीकार करेगा।

### वी ने कस्टमर ऑनबोर्डिंग को बनाया आसान

**नई दिल्ली।** अब नया मोबाइल कनेक्शन लेना बेहद आसान, त्वरित, सुरक्षित और सुविधाजनक हो गया है, क्योंकि वी लेकर आए हैं उद्योग जगत में पहली बार सेल्फ-केवायसी प्रक्रिया। अब वे लोग जो नया प्रीपेड या पोस्टपेड सिम लेना चाहते हैं, उन्हें रीटेल स्टोर जाने या फिजिकल केवायसी कराने की जरूरत नहीं होगी। उपभोक्ता उन्मुख दृष्टिकोण के अनुरूप वी का सेल्फ केवायसी सिस्टम डीओटी द्वारा निर्धारित निर्देशों पर आधारित है। इसके माध्यम से उपभोक्ता कभी भी कहीं भी नया कनेक्शन एक्टिवेट कर सकते हैं, साथ ही उन्हें सिम की डिलीवरी उनके घर पर दी जाएगी। वी का सेल्फ-केवायसी कोलकाता एवं कर्नाटक में सभी पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए शुरू हो चुका है। सिम खरीदने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए यह सर्विस धीरे-धीरे देश भर में सभी प्रीपेड और पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए शुरू की जाएंगी। वी सेल्फ केवायसी के यूजर अपने घर बैठे ऑनलाईन नया सिम ऑर्ड कर सकते हैं, अपना पसंदीदा प्लान चुन सकते हैं और घर पर सिम की डिलीवरी पाने के लिए सेल्फ केवायसी कर सकते हैं।

## अडाणी पावर को फिर निगरानी में रखा: बीएसई-एनएसई ने अडाणी पावर को दूसरी बार शॉर्ट-टर्म अरट फ्रेमवर्क में डाला

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप की पावर कंपनी को स्टॉक एक्सचेंजों बीएसई और एनएसई ने दूसरी बार शॉर्ट-टर्म एडिशनल सर्विलांस मेजर्स फ्रेमवर्क में डाल दिया है। स्टॉक एक्सचेंजों के मुताबिक, गुरुवार (23 मार्च) से अडाणी पावर शॉर्ट-टर्म एएसएण्म फ्रेमवर्क के पहले स्टेज में रहेगी।



इससे पहले अडाणी पावर को 8 मार्च को एंटरप्राइजेज और विल्मर के साथ शॉर्ट-टर्म एएसएण्म फ्रेमवर्क में रखा गया था। लगातार जबरदस्त तेजी आने के चलते एनएसई ने तीनों शेयरों पर नजर रखने के लिए उन्हें एएसएण्म फ्रेमवर्क में डाला गया था। फिर 17 मार्च को एनएसई ने 3 कंपनियों को एएसएण्म फ्रेमवर्क से बाहर कर दिया था।


अडाणी पावर से पहले इस हफ्ते सोमवार (20 मार्च) को बीएसई-एनएसई ने अडाणी ग्रीन एनर्जी और एनडीटीवी को लॉन्ग टर्म एएसएण्म फ्रेमवर्क के स्टेज क्क्रसे स्टेज आई में डाला था। पहले ये दोनों स्टॉक्स लॉन्ग टर्म एएसएण्म फ्रेमवर्क के दूसरे स्टेज में थे। एएसएण्म फ्रेमवर्क के तहत शेयरों को शॉर्टलिस्ट करने के पैरामीटर्स में हाई-लो वेरिएशन, क्लाइंट कंसनट्रेशन, प्राइस बैंड हिट्स की संख्या, क्लोज टु क्लोज प्राइस वेरिएशन और पीई-रेश्यो शामिल हैं।

शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म एएसएण्म एक तरह की निगरानी होती है। जिसमें मार्केट के रेगुलेटर सेबी और मार्केट एक्सचेंज ?बीएसई-एनएसई एडिशनल सर्विलांस में डाले गए स्टॉक्स पर नजर रखते हैं। इसका मकसद निवेशकों के हितों की रक्षा करना होता है। जब किसी शेयर में मैनिपुलेशन या ज्यादा ट्रेडिंग होने से कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव दिखता है, तो उन शेयरों को एएसएण्म में डाल दिया जाता है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद एनएसई ने पिछले महीने 6 फरवरी को अडाणी ग्रुप के स्टॉक्स में हाई वोलैटिलिटी के चलते पहली बार अडाणी एंटरप्राइजेज को अंबुजा सीमेंट्स और अडाणी पोर्ट्स के साथ शॉर्ट टर्म एएसएण्म में डाल था।

### सरकार ने जैव-ईंधन के लिये निर्यात नीति में बदलाव किया

**नयी दिल्ली।** सरकार ने जैव-ईंधन के लिये निर्यात नीति में बदलाव किया। इसके तहत आयातित कच्चे माल का उपयोग करके जैव ईंधन का उत्पादन होने पर विशेष आर्थिक क्षेत्रों और निर्यात-उन्मुख इकाइयों से ईंधन और गैर-ईंधन उद्देश्यों के लिये बिना किसी पाबंदी के निर्यात की अनुमति होगी। सरकार ने 28 अगस्त, 2018 को जैव ईंधन के आयात पर ऐसी ही शर्तें लगाने के कुछ दिनों के भीतर उसके निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। जैव ईंधन के निर्यात और आयात दोनों के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती है। जैव ईंधन में एथिल अल्कोहल, पेट्रोलियम तेल और बिटुमिनस खनिजों से प्राप्त तेल और जैव-डीजल शामिल हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने 2018 की अधिसूचना में संशोधन किया है। इसके तहत ईंधन के साथ-साथ गैर-ईंधन उद्देश्य के लिये विशेष आर्थिक क्षेत्रों/निर्यात उन्मुख इकाइयों से जैव ईंधन के निर्यात को उस परिस्थिति में बिना किसी प्रतिबंध के अनुमति दी गयी है।

## अवांछित कॉल और संदेशों पर 27 मार्च को बुलाई दूरसंचार कंपनियों की बैठक



**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) 27 मार्च को दूरसंचार कंपनियों के साथ अवांछित वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) पर बैठक बुलाई है। नियामक लगातार अवांछित मार्केटिंग कॉल और संदेशों पर रोक लगाने के कदम उठा रहा है।

ट्राई ने बुधवार को बयान में कहा कि सभी दूरसंचार कंपनियों को वितरित लेजर प्रौद्योगिकी (डीएलटी) मंच के जरिये साथ लाकर यूसीसी के समाधानों का पता लगाना इस दिशा में सकारात्मक कदम होगा। बयान में कहा गया है, ट्राई के चेयरमैन पी डी वाघेला की अगुवाई में 27 मार्च, 2023 को सभी दूरसंचार कंपनियों के साथ एक बैठक आयोजित की जायेगी। इसमें प्रौद्योगिकी समाधान, विनियमों, निदेशों और कड़ी निगरानी के जरिये इस समस्या का समाधान करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति के तहत यूसीसी डिटेक्ट समाधानों के विकास और कार्यान्वयन पर चर्चा की जाएगी। नियामक ने कहा कि यूसीसी जनता के लिए असुविधा की एक बड़ी वजह है और इससे लोगों की निजता प्रभावित होती है। ट्राई ने अवांछित कॉल और संदेशों पर अंकुश के लिए 19 जुलाई, 2018 को दूरसंचार वाणिज्यिक संचार उपभोक्ता प्राथमिकता नियमन, 2018 (टीसीसीसीपीआर) जारी किया था।


### उदयशिवकुमार इन्फ्रा के आईपीओ को तीसरे दिन 5.15 गुना अभिदान

**नयी दिल्ली।** उदयशिवकुमार इन्फ्रा लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को निर्गम के तीसरे दिन बुधवार को 5.15 गुना अभिदान मिला।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के अनुसार, आईपीओ के तहत दो करोड़ शेयरों की पेशकश पर 10,29,54,972 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को सबसे अधिक 8.47 गुना अभिदान मिला जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के हिस्से को 4.14 गुना अभिदान मिला। वहीं पात्र संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी) के हिस्से को सबसे कम 1.21 गुना अभिदान मिला।

आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 33-35 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। निर्गम से प्राप्त आय का उपयोग कंपनी कामकाज के लिए और कारोबारी जरूरतों के लिए किया जाएगा। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे।

## एक्सेंचर में जाएंगी 19000 नौकरियां, कंपनी ने राजस्व वृद्धि और मुनाफे का अनुमान भी घटाया



**लंदन।** आईटी सेवा प्रदाता कंपनी एक्सेंचर ने गुरुवार को कहा कि वह लगभग 19,000 नौकरियों में कटौती करेगी। कंपनी ने अपने वार्षिक राजस्व और मुनाफे के अनुमानों को भी कम करने का फैसला किया है। कंपनी के इस फैसले से ताजा संकेत ये मिल रहे हैं कि बिगड़ते वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण से आईटी सेवाओं पर कॉर्पोरेट कंपनियां अपना खर्च कम करने में जुट गईं हैं। माना जा रहा है मंदी से आशंका से परेशान उद्यमों को देखते हुए और प्रौद्योगिकी बजट में कटौती की चिंताओं के बीच कंपनी ने गुरुवार को अपनी वार्षिक राजस्व वृद्धि और लाभ पूवार्नुमानों को भी कम कर दिया है। कंपनी के ताजा अनुमानों के अनुसार स्थानीय मुद्रा में उसकी वार्षिक राजस्व वृद्धि 8% से 10% तक रह सकती है। पहले कंपनी ने 8% से 11% की राजस्व वृद्धि का अनुमाना लगाया था।

*शेयर में आया चार प्रतिशत का उछाल*

कंपनी ने बताया है कि उसकी ओर से की जा रही छंटनी में आधे से अधिक गैर-बिल योग्य कॉपोरेट कर्मचारी प्रभावित होंगे। कंपनी में छंटनी की खबर सार्वजनिक होने के बाद शेयर बाजार में कंपनी के शेयरों में चार प्रतिशत का उछाल दिखा।

## विंडोज यूजर्स के लिए नया व्हाट्सएप ऐप लॉन्च: वीडियो कॉल में 8 और ऑडियो कॉल में एक साथ 32 लोग जुड़ सकेंगे

**लंदन।** मेटा के सीइओ मार्क जुकरबर्ग ने विंडोज यूजर्स के लिए व्हाट्सएप का नया वर्जन लॉन्च किया है। इस नए ऐप के जरिए डेस्कटॉप यूजर्स एक साथ 8 लोगों के साथ वीडियो कॉल और मेक्सिमम 32 लोगों के साथ ऑडियो कॉल कर सकते हैं। कंपनी का कहना है कि नए विंडोज डेस्कटॉप व्हाट्सएप से डिवाइस के बीच चैट करना आसान हो जाएगा। जुकरबर्ग ने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए कहा कि, ^विंडोज के लिए एक नया व्हाट्सएप डेस्कटॉप ऐप लांच कर रहा हूं। अब आप अधिकतम 8 लोगों के साथ इ2इ एन्क्रिप्टेड वीडियो कॉल कर सकते हैं और अधिकतम 32 लोगों के साथ ऑडियो कॉल कर सकते हैं।




व्हाट्सएप ने दावा करते हुए कहा है कि नया विंडोज डेस्कटॉप ऐप तेजी से लोड होता है, जिसे व्हाट्सएप और विंडोज यूजर्स के लिए परिचित इंटरफेस के साथ लांच किया गया है। इसके साथ ही ऐप में मैसेजिंग, मीडिया और कॉल्स के लिए इंप्रूव्ड सिंकिंग और नए फीचर्स दिए गए हैं, जिसे व्हाट्सएप ने समय के साथ और अधिक इम्प्रूव करने का वादा किया है।

एंड्रॉयड और आइओएस यूजर्स पहले से व्हाट्सऐप के जरिये 32 लोगों के साथ ग्रुप ऑडियो कॉल और 8 लोगों के साथ ग्रुप वीडियो कॉल करने की सुविधा का फायदा उठा रहे हैं। अब यह फीचर विंडोज यूजर्स के बातचीत के एक्सपीरियंस को और अधिक बेहतर करेगा क्योंकि अब वह भी मोबाइल यूजर्स की तरह एक साथ कई लोगों से बातचीत कर सकते हैं।

व्हाट्सएप ने बताया है कि अब यूजर्स अपने व्हाट्सएप अकाउंट को 4 डिवाइस में लिंक कर सकेंगे। व्हाट्सएप ने ट्वीट करते हुए कहा है कि कोई चार्जर नहीं, कोई बात नहीं। अब आप व्हाट्सएप को 4 डिवाइस में लिंक कर सकते हैं ताकि आपकी चैट आपके फोन के ऑफलाइन होने के बाद भी सिंक, एनक्रिप्टेड और फ्लोइंग रहे। व्हाट्सएप ने ऐप में अपडेट के जरिए ग्रुप एडमिन के लिए नए फीचर दिए हैं, जिसके जरिए एडमिन ग्रुप्स को बेहतर तरीके से कंट्रोल कर पाएंगे। हालांकि यह फीचर फिलहाल बीटा टेस्टिंग में है, बीटा यूजर्स ऐप को अपडेट करके अभी इस फीचर को यूज कर सकते हैं। जल्द ही इस फीचर्स को आइओएस और एंड्रॉयड पर रोलआउट कर दिया जाएगा। लेटेस्ट अपडेट के बाद ग्रुप एडमिन खुद सैलेक्ट कर पाएंगे कि ग्रुप कॉल और ग्रुप वीडियो कॉल में किस-किस को शामिल करना और किसे नहीं करना है।

## एमजी सेवा ने एनजीओ रैड ब्रिगेड के माध्यम से महिला सशक्तीकरण को दिया समर्थन

**नई दिल्ली।** एमजी मोटर इंडिया ने गुरुवार को बताया कि कंपनी ने महिला अधिकारों में सक्रिय लखनऊ के एनजीओ रैड ब्रिगेड के लिए अपने समर्थन का विस्तार किया है। कंपनी एनजीओ को अपनी एसयूवी एमजी हेक्टर उपलब्ध कराएगी, जिससे एनजीओ की टीम के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों को आस-पास के विभिन्न स्थानों तक जाने में आसानी होगी। इस अवसर पर मिस रेनुका टंडन, डायरेक्टर, अमरेन फाउन्डेशन और संदीप पाण्डेय, सह-संस्थापक, आशा फॉर फाउन्डेशन भी मौजूद थे। कार एमजी की ओर से मिस मौसम जोशी द्वारा एनजीओ की संस्थापक एवं प्रमुख मिस उषा विश्वकर्मा को सौंपी गई। मिस उषा विश्वकर्मा ने कहा, मैं एमजी के प्रति आभारी हूँ जिन्होंने हमारे एनजीओ को अपना सहयोग प्रदान किया है। हम विभिन्न आयुवर्गों एवं आर्थिक वर्गों से ताल्लुक रखने वाली देश भर की महिलाओं को सहयोग प्रदान करते हैं। उन्हें न्याय पाने और आत्मविश्वास हासिल करने में मदद करते हैं। हमें विश्वास है कि इस तरह के सहयोग से हम पूरे जोश एवं उत्साह के साथ अपने लक्ष्यों की तरफ आगे बढ़ते रहेंगे। एमजी से मिला सहयोग शहर के दूर-दराज के इलाकों में अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचने में मददगार होगा। मिस मौसम जोशी, जनरल मैनेजर, ह्मन रिसोर्सेज, एमजी मोटर इंडिया ने कहा, हमें खुशी है कि हम एमजी सेवा के तहत लखनऊ के एनजीओ रेड ब्रिगेड को हेक्टर दे रहे हैं। एमजी समाज कल्याण और समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें विश्वास है कि यह हेक्टर रैड ब्रिगेड के लिए अमूल्य सम्पत्ति साबित होगी। उम्मीद करते हैं कि यह महिलाओं के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए उनके प्रयासों में योगदान देगी। एमजी सेवा एक ऐसा मंच है जो खुद से जुड़े समुदायों को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। एमजी के सामाजिक अभियानों के तहत वंचित समुदायों की बालिकाओं को शिक्षा प्रदान की जाती है, महिलाओं को रोजगार के साधान मुहैया कराकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जाता है और स्थानीय चिकित्सा संस्थानों को सहयोग प्रदान किया जाता है। एमजी ब्राण्ड की स्थापना के बाद कंपनी के ये प्रयास 60,000 से अधिक बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग प्रदान कर चुके हैं। *एजेंसी*



## संक्षेप

### तोशिबा को गोवा, आंध्र प्रदेश में मिला गैस इंसुलेटेड स्विचगियर का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** तोशिबा समूह की कंपनी तोशिबा ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (टीटीडीआई) को गोवा और आंध्र प्रदेश में बिजली पारेषण और वितरण नेटवर्क को बेहतर बनाने को लेकर गैस इंसुलेटेड स्विचगियर के लिये ऑर्डर मिले हैं। विद्युत सबस्टेशन में गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जीआईएस) का उपयोग बिजली प्रणाली के सुचारू क्रियान्वयन और पारेषण तथा वितरण नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिये किया जाता है। एयर इंसुलेटेड स्विचगियर की तुलना में, जीआईएस कम जगह में लगाया जा सकता है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि उसे गोवा के जेल्डेम के नए 2500एमवीए (मेगा वोल्ट एम्पीयर) सबस्टेशन के लिए 400केवी के 14 और 220केवी के नौ गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जीआईएस) के ऑर्डर मिले हैं। इसके अलावा, 400केवी वोल्टेज स्तर पर पारेषण और वितरण नेटवर्क के विकास को लेकर आंध्र प्रदेश के अलामुरु तथा कोडामुरु में सौर और पवन नवीकरणीय परियोजना से संबद्ध सबस्टेशन के लिए नौ इकाई का ऑर्डर मिला है। कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक हिरोशी फुरुता ने बयान में कहा, हम भारत में पारेषण और वितरण नेटवर्क को विकसित करने तथा हरित ऊर्जा में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, कंपनी की उन्नत तकनीक, विनिर्माण को लेकर अत्याधुनिक कारखाना, बड़े पैमाने पर उत्पादन करने की क्षमता और अत्यधिक कुशल कार्यबल उच्च-गुणवत्ता वाले जीआईएस का विनिर्माण करते हैं। ये मेड-इन-इंडिया है। तोशिबा ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम्स के अनुसार हैदराबाद के पास कंपनी के अत्याधुनिक कारखाने में इन जीआईएस इकाइयों का विनिर्माण किया जाएगा। इसकी आपूर्ति इस वर्ष मई में शुरू होगी।

### ग्लोबल सरफेसेस का शेयर कारोबार के पहले दिन 17 प्रतिशत चढ़ा

**नई दिल्ली।** प्राकृतिक पत्थरों के प्रसंस्करण से जुड़ी कंपनी ग्लोबल सरफेसेस लिमिटेड के शेयर की बृहस्पतिवार को शेयर बाजार में शुरूआत अच्छी रही। यह निर्गम मूल्य 140 रुपये की तुलना में 17 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 163 रुपये के साथ कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य के मुकाबले 16.42 प्रतिशत अधिक है। बाद में यह 22.25 प्रतिशत चढ़कर 171.15 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया। एनएसई पर कंपनी के शेयर ने 17.14 प्रतिशत बढ़त के साथ 164 रुपये से शुरूआत की। ग्लोबल सरफेसेस लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को आवेदन के आखिरी दिन बुधवार को 12.21 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के तहत 85.20 लाख ताजा इक्विटी शेयर जारी करने के साथ ही प्रवर्तकों ने 25.5 लाख तक इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) की थी। आईपीओ के लिए 133-140 रुपये प्रति शेयर मूल्य दायरा तय किया गया था।

### अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने मुद्रास्फीति के खिलाफ वर्तमान लड़ाई में ब्याज दर बढ़ाने की रफ्तार कुछ कम करते हुए बुधवार को नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की। अमेरिका में सिलिकॉन वैली बैंक सहित कुछ बैंकों के दिवालिया होने के बाद बाजार को पहले ही अनुमान था कि फेडरल रिजर्व ब्याज दर बढ़ाने की रफ्तार अब कम करेगा। बाजार मानकर चल रहा था कि फेडरल रिजर्व की ओपन मार्केट कमेटी की इस बार हद से हद चौथाई प्रतिशत की ही वृद्धि करेगी। बैंकों में संकट उत्पन्न होने से पहले अनुमान था कि फेडरल रिजर्व ब्याज दर में इस बार भी 0.5 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकता है। ताजा वृद्धि के बाद अमेरिका में नीतिगत बस्तर का दायरा 4.75 प्रतिशत से 5.00 प्रतिशत हो गया है। वाणिज्यिक बैंकों को लगता है कि इस वर्ष के अंत तक अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर अब 5.1 प्रतिशत से 5.25 प्रतिशत तक बढ़ाई जा सकती है। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर बढ़ाए जाने से अमेरिकी बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों का बाजार भाव काफी घट गया है जिससे उनमें निवेश करने वाले बैंकों को बड़ा घाटा उठाना पढ़ रहा है। बहुत से छोटे बैंकों के डूबने का खतरा बन गया है। फेडरल रिजर्व के बयान में कहा गया है मुद्रास्फीति को शांत करने के लिए नीतिगत ब्याज दर में और वृद्धि की जरूरत पड़ सकती है। बयान में कहा गया है कि फेडरल रिजर्व की खुले बाजार कि समिति आगे आने वाले आंकड़ों को देखेगी और उनका आकलन करेगी कि नीतिगत फैसलों का क्या प्रभाव पड़ रहा है। समिति को लगता है कि मुद्रास्फीति पर पर्याप्त अंकुश के लिए नीति को कुछ और कड़ा करना पड़ सकता है। फेडरल रिजर्व मुद्रास्फीति को 2 प्रतिशत के आसपास रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है जो कोविड-19 के समय लागू किए गए मौद्रिक और राजकोषीय प्रोत्साहन पैकेज के चलते तरलता बढ़ने से काफी ऊंची चली गई थी और यह अभी छह प्रतिशत के दायरे में है। बयान में कहा गया है कि अमेरिका की बैंकिंग प्रणाली मजबूत और जुझारू है। फेडरल रिजर्व की नीतिगत दर का स्तर 2007 के बाद की सबसे ऊंचाई पर है।

### अनिल अग्रवाल के वेदांता में हिस्सेदारी बेचने की बात निराधार, कंपनी ने कहा- फंडिंग की कोई कमी नहीं

नई दिल्ली। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड के संस्थापक और अध्यक्ष अनिल अग्रवाल को लेकर काफी दिनों से ये बात कही जा रही थी कि वे जल्द ही वेदांता अपनी हिस्सेदारी बेचने वाले हैं। वेदांता लिमिटेड ने गुरुवार को बिक्री की किसी भी बात को निराधार करार दिया है। कंपनी के प्रवक्ता के मुताबिक, वेदांत लिमिटेड में हिस्सेदारी बेचने की कोई भी बात गलत और निराधार है। मीडिया रिपोर्ट्स में बहुत दिनों से ऐसी खबरें आ रही थीं कि अनिल अग्रवाल वेदांता में हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रहे हैं और कंपनी के 5 प्रतिशत शेयर बेचने की संभावना की जांच कर रहे हैं। कंपनी के बयान में कहा गया है कि हिस्सेदारी की बिक्री अग्रवाल के लिए अंतिम उपाय होगी और जब अन्य धन उगाहने वाले विकल्प विफल हो जाएंगे, तभी इस पर विचार किया जाएगा।

वेदांता रिसोर्सेज अपने ऋण को कम करना चाहती है, जिसे इसने हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड से लिया था। वेदांता रिसोर्सेज ने लेंछ से 2,981 मिलियन अमेरिकी डॉलर का कर्ज लिया था। वेदांता के पास लेंछ की इक्विटी शेयर पूंजी का 64.92 प्रतिशत है। हालांकि, हिंदुस्तान जिंक में सरकार की भी 29.54 फीसदी हिस्सेदारी है और उसने इस कदम का कड़ा विरोध किया है। अपने एक बयान में वेदांता रिसोर्सेज ने कहा कि उसके पास आने वाली तिमाहियों में कर्ज चुकाने की देनदारियों को पूरा करने के लिए पर्याप्त साधन हैं। कंपनी सिंडिकेट ऋण और द्विपक्षीय बैंक के संयोजन के माध्यम से 1.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर के समझौते के अंतिम चरण में है।

### सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल में गिरावट

**नयी दिल्ली।** आयातित सूरजमुखी और सोयाबीन तेल की भरमार होने के बीच एक बार फिर तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट बनी रही। देशी तेल-तिलहनों के खपने की बढ़ती चिंताओं के बीच दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतों में गिरावट आई जबकि सामान्य कारोबार के बीच सोयाबीन तिलहन, मूंगफली तेल-तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। बाजार के जानकार सूत्रों ने आरोप लगाया कि देश के कुछ प्रमुख तेल संगठनों का मौजूदा तेल कारोबार के प्रति जो रुख या रवैया है वह चिंताजनक है। कम से कम उन्हें तेल बाजार में सस्ते आयातित सॉफ्ट ऑयल की भरमार होने तथा इसके आगे देशी तेल-तिलहनों के नहीं खपने की स्थिति पर सही जानकारियां सरकार को देनी चाहिये। सूत्रों ने कहा कि लगभग डेढ़ साल पहले जब सूरजमुखी तेल का भाव 1,400 डॉलर प्रति टन हुआ करता था और उसपर 38.5 प्रतिशत का आयात शुल्क लागू था लेकिन मौजूदा समय में सूरजमुखी तेल का भाव जब 1,025 से 1,030 डॉलर प्रति टन रह गया है तो आयात शुल्क शून्य (कोटा प्रणाली के तहत) है। यह कैसी बिडंबना है ? हमारे देशी तेल की लागत 120-125 रुपये लीटर पड़ेगी तो यह 87 रुपये लीटर वाले सूरजमुखी के आगे कैसे खपेगा ?

# बिजली चेकिंग अभियान, 4 दर्जन की बत्ती गुल, 20 लाख की वसूली

**हड़कंप**

### विद्युत विभाग की छापेमारी से अवैध कनेक्शन धारकों में मचा हड़कंप

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** नगरीय क्षेत्र में बिजली चोरी तथा बिजली बिल बकायेदारो के खिलाफ विद्युत विभाग के अभियंताओं के नेतृत्व में लगातार छापेमारी का कार्यक्रम चल रहा हैए, जिससे कटिया मारो में हड़कंप मचा हुआ हैं।



मोहल्ला जलालपुर में जांच करते अवर अभियंता प्रमोद चौहान

बिजली विभाग की टीम ने अवर अभियंता प्रमोद चौहान के नेतृत्व में चले चेकिंग अभियान में मोहल्ला जलालपुर, काजीपुर, निजामपुर, सीधवन, स्टेशन रोड, अजीमुल्ला चौराहा आदि क्षेत्रों में 17 का लाइन कटा वसूली 11.15 लाख की गयी। अवर अभियंता ज्योति प्रकाश के नेतृत्व में रंग महल गली, चौरी रोड, ममहर, दशरथपुर आदि क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चला जिसमे 8 का लाइन कटा वसूली 3.25 लाख की गयी। अवर अभियंता मनोज कुमार के नेतृत्व में आलमपुर, रामसहायपुर आदि क्षेत्रों में चले चेकिंग अभियान में 12 का लाइन कटा वसूली 2.25 लाख की गयी।

इसी तरह अवर अभियंता सुजीत पटेल के नेतृत्व में मर्यादपट्टी, रघुनाथपुर आदि क्षेत्रों में चले चेकिंग अभियान में 15 का लाइन कटा वसूली 3.75 लाख की गयी। अवर अभियंता ज्योति प्रकाश ने बताया कि गुरुवार को नगर में औचक छोपमारी की गई। जिसमें 52 लोगों की बत्ती गुल करने के साथ ही 20 लाख 40 हजार की वसूली की गई है।

कहा कि मार्च महीने में क्लोजिंग साल चलता हैए जिसमे ज्यादा वसूली की जाती है। यह अभियान बराबर चलता रहेगा। जिसके ऊपर दस हजार से ज्यादा बकाया हैए उनसे बकाया जमा कराया जा रहा है अन्यथा उनका विच्छेदन कर दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो रात को भी यह अभियान चलाया जाएगा।

## दो दोषसिद्ध आरोपियों को आज मिलेगी सजा

**ज्ञानपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सैलोज चन्द्रा की अदालत ने जिले की बहुचर्चित गोपीगंज थाना अंतर्गत एक ग्राम की 11 वर्षीय दलित बेटी की ईट पत्थरो से कूच व गला दबाकर निर्मम हत्या के मामले में मात्र ढाई वर्ष में हत्यारोपियो को दोषसिद्ध करार दिया। अभियोजन कथानक के अनुसार उक्त गांव के मुकेश हरिजन की पुत्री कुं. आंचल 11 वर्ष की गांव के ही तीन लोगो ने 28 सितम्बर 2020 को शौच हेतु गयी बाजरे के खेत में दिन दोपहर 12 बज कर 30 मिनट पर ईंट पत्थर से कूचकर व गला दबाकर हत्या कर दिये जाने की प्राथमिकी गोपीगंज थाने में दर्ज की गई थी। बाद विवेचना विवेचक द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत हुआ। विरूद्ध दो लोगो के खिलाफ प्रेषित किया गया। न्यायालय ने अभियोजन साक्षियो एवं अभियोजन कागजात का परिसिलन अनुश्रवण एवं उभयपक्षो के तर्को को न्यायालय ने सुनकर दो लोगो को दोष सिद्ध घोषित किया। सजा के बिन्दु पर सुनवाई हेतु फैसला 24 मार्च के लिए सुरक्षित कर दिया गया। अभियोजन पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विकास नारायण सिंह ने किया।

# अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने वाले नायक थे डॉ. राम मनोहर लोहिया: अली शेर

**आयोजन**

### 113 वीं जंयती पर याद किये गये डॉ.राम मनोहर लोहिया

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय ज्ञानपुर में महान समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया जी का 113वां जयंती विधायक जाहिद बेग की मौजूदगी में मनाया गया और उनके समाजवादी विचारधारा पर चर्चा की गया व भगत सिंह राजगुरु सुखदेव के शहादत पर नमन किया गया।

भावी प्रत्याशी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भदोही ने कहा कि समाजवादी समतामूलक सामाजिक न्याय के पक्षधर अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने के नायक डॉ. राम मनोहर लोहिया स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी प्रखर चिंतक समाजवादी राज नेता थे। वह निर्भीक और बेवाक संपूर्ण आजादीए सामाजिक न्याय के लिए जीवन परत



समाजवादी चिंतक की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते वरिष्ठ सपा नेता अली शेर खान

संघर्ष करते रहे। उनको नमन करने मात्र से अपने आप में समाजवाद समाहित हो जाता है उनके सामाजिक न्याय के लिए क्रांतिकारी समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प ले। उपस्थित विधायक जाहिद बेग, हृदय नारायण प्रजापति, पूर्व मंत्री रामकिशोर बिंद, हसनैन अंसारी, संतोष यादव, यशवंत यादव, लालचंद बिंद, गामा यादव, पन्ना लाल यादव, कल्लन यादव, मनोज यादव, काशी नाथ पाल, मायाशकर प्रजापति, राज बिहारी, मनोज कनौजिया, महेश यादव, जीत नारायण यादव, रामराज, विद्या शंकर यादव, छबि नाथ, सौरभ, लल्लन गुप्त जिला मिडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पप्पू आदि लोग उपस्थित रहे।

# एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। शिविर का प्रारंभ लक्ष्य गीत ए संकल्प गीत गा कर तथा विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई करके किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर दिन के होने वाले कार्यक्रम का निर्धारण किया। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर भोजन बनाया।

भोजन ग्रहण करने के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉण अमरनाथ पांडेय पूर्व प्राचार्य काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर रहे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉण अमरनाथ पाण्डेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए समाज में बेहतर प्रदर्शन करने के प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनमोलए रितु और शिवानी के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

इसके पश्चात अनामिकाए प्रीतिए शिवानीए शीलाए रूपा के द्वारा बाल विवाह विषय पर नुक्कड़ नाटक किया गया। वही प्रीतिए नीशूए सरिताए कीर्तिए करिश्मा और पूजा के द्वारा देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया। आशीष के द्वारा बाँसुरी वादन व रंगनाथ बिंद के द्वारा भक्ति नृत्य किया गया। वही खुशी भारतीय के द्वारा गरीबी पर अपनी स्व रचित कविता प्रस्तुत की गई। शिविर के दौरान अच्छी प्रस्तुति देने वाले अनमोल दुबे, अनामिका यादव, हरिश्चन्द्र यादव, प्रीति चौरसिया, रितु गौड़, अर्पित तिवारीए अच्छेलाल, शिवानी, अभिषेक शुक्ला, शीला यादव, विष्णु उपाध्याय, रविन्द्र यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## चोरी की कार व मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन पर कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने व अपराधों की रोकथाम के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगो विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। थाना भदोही पुलिस टीम ने 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित अंतर्राज्यीय गैंगस्टर आरोपी अनिल यादव पुत्र बब्बू यादव निवासी कंचनपुर जिला प्रयागराज को रेलवे स्टेशन भदोही के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अंतर्राज्यीय आरोपी रेकी कर वाहनों की चोरी लूट करने वाले गिरोह का शातिर सदस्य है। पूर्व में भदोही पुलिस द्वारा गिरोह के दो सदस्यों को चोरी की सेवरेले बीट कार व मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आरोपी वाहन चोरी व लूट करने का अभ्यस्त अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद सहित महाराष्ट्र राज्य में चोरीए लूटए जालसाजी व गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक अपराध मिथिलेश कुमार यादव, उपनिरीक्षक कुर्बान अली, आरक्षी अमरेंद्र प्रताप आदि शामिल रहें।

# निर्माणाधीन ग्रामीण स्पोटर्स सेंटर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**जायजा**

### युवाओं के शारीरिक विकास व सामाजिक सौहार्द प्रतिस्पर्धा पर्यटन ग्रामीणों के सुबह शाम टहलने हेतु समर्पित है ग्रामीण स्पोर्टस सेन्टर

**भदोही।** जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीण स्पोर्ट सेन्टर बनाने की मुहिम के क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह के साथ विकास खण्ड सुरियावां में ग्राम पंचायत प्रेमनोहरपुर में निर्माणाधीन मिनीस्टेडियम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण स्पोर्टस सेन्टर ने युवाओं का शारीरिक विकास एवं सामाजिक सौहार्दए प्रतिस्पर्धाए पर्यटनए सभी ग्रामीणों के सुबह शाम टहलने हेतु ट्रैक आदि की व्यवस्था की गयी है। खेल मैदान में स्थल के अनुसार बॉलीबाल कोर्टए



निर्माणाधीन ग्रामीण स्पोर्टस सेन्टर के निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते डीएम गौरांग राठी।

कब्बडी कोर्टए कुश्ती कोर्टए एक अदद कक्ष एवं शौचालय एवं ओपन जिम आदि का निर्माण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि खेलो इण्डिया, बढ़ो इण्डिया के तहत ग्रामीण अंचल में खेल मैदान का मॉडल विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्पोर्टस हब स्थल के कम ज्यादा क्षेत्रफल के मुताबित विभिन्न खेल के कोर्टो हेतु एक प्रस्तावित नक्सा पास किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के कुल 546 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 43 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण स्पोर्टस हब निर्माणाधीन है। अवशेष ग्राम पंचायतों में जल्द ही निर्माण कार्यो की शुरूआत हो जाएगी। निरीक्षण में डीपीआरओ सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी व सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष का घोसिया में स्वागत

**गोपीगंज।** भारतीय जनता पार्टी के अल्प संख्यक मोर्चा के भदोही जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर का बुधवार को घोसिया नगर पंचायत में पहुंचने पर मौजूद उनके सैकड़ों समर्थकों ने फूलमालाओं से लादकर स्वागत किया। जहां पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके क्रम में वहा पर मौजूद सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में राष्ट्रपति के अभिभाषण को पढ़ कर सुनाया और सरकार की उपलब्धियों को गिनाया मुसलमानों को लेकर विपक्षी पार्टियों पर उन्होंने कहा की विपक्षी पार्टियां आज तक सिर्फ मुसलमानों को छलने का काम कियाए और सिर्फ वोट बैंक समझती रही। आज सरकार ने जितनी भी योजनाएं बनाई क्या उसमें किसी धर्म जात के लिए बनाया। नही सरकार ने सब का साथ सबका विकास के नारे के साथ काम कर रही है। चाहे वह आवास योजना, राशन योजना, उज्जवला योजना, महिला सशक्तिकरण योजना, शौचालय योजना किसी एक के लिए नही सभी के लिए बनाया और हम सब इसका लाभ उठा रहे है। तत्पश्चात राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के क्रम में सिराज अख्तर ने पढ़ते हुए राष्ट्रपति द्वारा केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताया, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहे केंद्र सरकार के लाभकारी योजनाओं के विषय साथ.साथ समाज के क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्य सरकार के नीतिए कार्य और सिद्धांत के बारे में अभिभाषण के माध्यम से चर्चा की गई। इस अवसर पर मिराज फारूकीए, ननका हाफिज जी, मजहरउल्ला सभासद आदि मौजूद रहे।

### सुशील तिवारी सुरियावां व माखनलाल कोइरौना के नए थानाध्यक्ष

**ज्ञानपुर।** जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत एसपी डॉ. अनिल कुमार ने थानाध्यक्षो के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया हैं। निरीक्षक अश्वनी कुमार त्रिपाठी को प्रभारी साइबर सेल से प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी दी हैंए उपनिरीक्षक बृजेश कुमार मौर्या को थानाध्यक्ष कोईरौना से थाना महिला थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षक मक्खन लाल को महिला थानाध्यक्ष कोईरौना थानाध्यक्ष व थानाध्यक्ष ज्ञानपुर सुशील कुमार तिवारी को थाना सुरियावां की कमान सौंपी हैं।

### शिक्षकों को दी गयी प्रशिक्षण एवं शिक्षण सामग्री

**सुरियावां।** बीआरसी सुरियावां के सभागार में गुरूवार को विकास खंड सुरियावां के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निपुण तालिकाए निपुण सूची एवं अन्य सामग्री संदर्शिका कक्षा एक से आठ तक का वितरण संबंधित कक्षा अध्यापक को बुलाकर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा वितरित किया गया। सामग्री वितरण के पश्चात विकास खंड के एआरपी ने निपुण तालिकाए शिक्षक डायरी एवं शिक्षक संदर्शिका के प्रयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया। एबीएसए ने नए सत्र के इन सामग्रियों का उपयोग कैसे किया जाएगा इसकी विस्तृत चर्चा कीए साथ ही साथ नए सत्र पर सभी शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया और विकास खंड सुरियावां को निपुण विकासखंड बनाने के लिए टिप्स दिया। इस मौके पर विकासखंड सुरियावां के कक्षा तीन के समस्त कक्षा अध्यापक, सभी एआरपी, आदर्श शिक्षक डॉ. ओम प्रकाश मिश्र आदि उपस्थित रहें।

### परिषदीय विद्यालयों में दूसरे दिन हुई कई विषयों की लिखित परीक्षा

**खुटहन।** विकासखण्ड के सभी परिषदीय विद्यालयों में गुरुवार को विभिन्न विषयों की लिखित परीक्षा करायी गई। छात्र भी पूरे उत्साह व मनोयोग के साथ प्रश्नपत्र में पूछे गए सवालों का जवाब उत्तर पुस्तिकाओं में अंकित किए।गुरुवार की प्रथम पाली में अलग अलग कक्षाओं की हिंदी, गणित और सामाजिक बिषय की परीक्षा कराई गई। परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए विद्यालय के शिक्षकों की अलग अलग कक्षाओं में ड्यूटी लगाई गई। प्रधानाध्यापक केंद्र ब्यस्थापक की तरह कार्य करते रहे। एआरपी टीम भी विद्यालयों पर पहुंच शैक्षिक वातावरण बनाए रखने में सहयोग व नकल विरोधी परीक्षा कराने के लिए कक्षाओं में जाकर निरीक्षण करते रहे। परीक्षा के दौरान विद्यालयों में एमडीएम की ब्यवस्था भी संचालित रही।

### नवरात्रि में चौरा माता मंदिर पर सुंदरकांड पाठ से गूंजा कोटिला गांव

**सुजानगंज।** ग्राम सभा देवकली के कोटिला गांव में स्थित चौरा माता मंदिर पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से बुधवार से नवरात्रि तक प्रतिदिन हर शाम सुंदरकांड पाठ हो रहा है। मुख्य यजमान आनंद दुबे शिक्षक के नेतृत्व में एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से नवरात्रि के पावन अवसर पर सुंदरकाण्ड का पाठ हो रहा है। जमुना प्रसाद दुबे एवं बेनी प्रसाद दुबे ने बताया कि नवरात्रि में सुंदरकांड पाठ करने से समाज में शांति सद्भावना बनी रहती है। प्रतिदिन शाम को बड़ी संख्या में ग्रामवासी पहुंचकर पाठ के दौरान श्रीराम और मां के जयकारे लगाते हैं।

### दशकों तक प्रधान रहकर सेवा करने वाले टीडी पाण्डेय नहीं रहे



**खुटहन।** महमदपुर गुलरा गांव निवासी व ढाई दशक तक प्रधान पद पर रहकर गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा करने वाले तिलकधारी पाण्डेय का पार्थिव शरीर गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। वे 95 वर्ष के थे। वह अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़ गए। स्व. पाण्डेय बृद्धावस्था में चल रहे उपचार के चलते जिले के बदलापुर पड़ाव स्थित अपने निजी आवास पर निवास कर रहे थे। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक छा गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया जायेगा। उनके निधन पर पूर्व प्रमुख ओमप्रकाश सिंह, पत्रकार शिवपूजन, सुभाष पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, श्रीपाल पाण्डेय, रामानंद पाण्डेय, लालमनि नाविक, बरसाती यादव, मुरली यादव, अमरनाथ गौतम, राजेश निषाद, राम दवर गौतम, कोमल सिंह आदि ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

### आगामी पीढ़ी की जानकारी के लिए हिंदू नववर्ष मनाना जरूरी : सुरेश



**मछलीशहर।** नवसंवत्सर के अवसर पर आयोजित आरएसएस के कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रचारक और क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश सुरेश ने बौद्धिक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ीयां अपने नव वर्ष को समझे और जाने, इसलिए हमें श्रद्धा और उल्लास के साथ हिंदू नव वर्ष को मनाना चाहिए। बौद्धिक कार्यक्रम की अध्यक्षता राम अभिलाष पाल (गुरु जी) ने की। उन्होंने अध्यक्षी भषाढ़ में कहा कि हमें अपने भारतीय संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए आने वाली पीढ़ी को इसकी जानकारी अवश्य दें। उक्त कार्यक्रम के पश्चात आरएसएस के स्वयं सेवकों ने जिला प्रचारक प्रभात के नेतृत्व में नगर में पथ संचलन किया। पथ संचलन सरस्वती विद्या मंदिर से आरंभ होकर नगर के पुरानी बाजार, मंगलबाजार भ्रमण करते हुए पुनः उक्त स्थान पर समाप्त हुआ। इस दौरान नगर में लोगों ने स्वयंसेवकों के ऊपर फूलों की वर्षा किया। कार्यक्रम में शैलेन्द्र पान्डेय विभाग संपर्क प्रमुख जौनपुर समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए। मंच का संचालन नगर कार्यवाह अरविन्द ने किया।

### शिविर में 430 पशुओं का हुआ उपचार

**सुजानगंज।** स्थानीय पशुपालन विभाग की टीम द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर का आयोजन साड़ी कला गांव में आयोजित किया गया जिसमें 430 पशुओं का दवा और इलाज किया गया। इस मेले में पशुपालकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर रमाशंकर सिंह, कृष्ण चंद्र मौर्य, संतोष सिंह, अरविंद कुमार, वेद प्रकाश चौबे, मुकेश कुमार मौर्य, ग्राम प्रधान सुभाष मौर्य सहित पशुपालक मौजूद रहे।

# पीड़ित परिवार को सपा प्रमुख ने दी एक लाख की सहायता राशि

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल ग्राम लोहिन्दा हटिया रामनाथ, थाना सुजानगंज में कमाल हुसैन की हुई हत्या व घायलों और पीड़ित परिवार से विगत दिनों मिलने पहुंचा था वहीं प्रतिनिधि मंडल ने परिवार से घटना की पूरी जानकारी लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को दी थी।



पीड़ित परिवार को सहायता राशि सौंपता सपा का प्रतिनिधिमण्डल

पीड़ित गरीब परिवार के दर्द को संज्ञान में लेते हुए अखिलेश यादव द्वारा एक लाख की सहायता राशि पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई व जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव के द्वारा पीड़ित परिवार को दिया गया। पीड़ित परिवार ने कहा जिस तरह हमारे परिजनों गार्जियन की हत्या हुई और परिजनों को पीटा गया जहां न्याय और आर्थिक सहायता सरकार को देनी थी वहीं विपक्ष के नेता अखिलेश यादव द्वारा दिया जा रहा है। समाजवादी सरकार नहीं है लेकिन आर्थिक मदद देकर उन्होंने संदेश जरूर दिया है कि गरीब कमजोर कि अगर कोई मदद कर सकता है तो सिर्फ इस देश में अखिलेश यादव कर सकते हैं। हमारा पूरा परिवार समाजवादी पार्टी का आभारी रहेगा।

पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई व लालबहादुर यादव ने योगी सरकार से मांग किया की पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपया और एक सरकारी नौकरी दी जाय। कहाकि जिस तरह भाजपा सरकार में इस गरीबों के ऊपर अत्याचार हुआ है और उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है समाजवादी पार्टी इस लड़ाई को आगे तक लड़ने का काम करेगी।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई, जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव, महासचिव हिसामुद्दीन शाह, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, दिनानाथ सिंह, रमापति यादव, जयनाथ यादव, रामसालीक यादव सहित हजारों संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य विभाग पालिका व निगरानी समिति की संचारी रोग पर बैठक

**लालानगर।** नगर पालिका गोपीगंज में गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम संग निगरानी समिति की बैठक अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान नगर में खुली नालियों को प्रिकास्ट से ढकनेए घास की कटाई, जमा गंदगी का निस्तारण बेसमय कूड़ा फेंकने खानें से पहले हाथ धोने सहित मच्छरों से बचाव आदि के उपाय से अवगत कराया गया।

आनन्द कुमार गुप्ता द्वारा वार्ड की गली सतीश गुप्ता के मकान के पीछे जमा गंदगी से अवगत कराने पर समस्या के निस्तारण का आदेश सम्बन्धित कर्मचारी को किया व नगर के डिवाइडर को गंदगी से पाटने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई व नोटिस जारी करने का निर्देश अधिनस्थ को दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनूप जयसवाल, मंगला प्रसाद पांडेय, विष्णु प्रसाद, अचल श्रीवास्तव, विनोद खत्रीए, आशीष यादव, विवेक मोदनवाल, रामानंद यादव सहित समस्त सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

# 92वें शहादत दिवस पर भारत के वीर सपूतों को किया गया नमन




शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते ब्रिगेड के लोग

**जौनपुर।** शहीदे आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का 92वां शहादत दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित क्रांति स्तंभ पर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी एवं लक्ष्मीबाई बिग्रेड के कैडरों द्वारा मोमबत्ती जलाकर तथा उनके चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर 2 मिनट मौन रहकर उनकों श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। लक्ष्मी यूथ विग्रेड की अध्यक्ष मनजीत कौर ने कहा कि आज स्वदेशी विदेशी विजेताओं जुल्म और जालिम के विरुद्ध शहादत देने वालों की जज्बे को नमन करते हैं। मनजीत ने कहा कि शहीदों के सरताज जिसके इंकलाबी नारों से शहादत देने वालों की जगह रस्सियां कम पड़ गई आज तक आजादी की हवा में सांस लेने वाले सवा अरब एवं शासन में बैठे लोग स्वतंत्रता के अनगिनत शहीदों, बेनाम शहीदों को कोटि कोटि नमन करते हुए भारत सरकार से मांग की है कि अमर शहीदों के नाम श्वेत पत्र तथा 1 का करेंसी नोट या सिक्का जारी किया जाए। मनजीत ने कहा कि सरदार भगत सिंह राजगुरु सुखदेव छोटी सी उमर में ही देश की आजादी के लिए 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम कर शहीद हो गए जिनके शहादत की मिसाल सारी दुनिया देती है। नमन करने वालों में विनोद रामदेवल, शुभम श्रीवास्तव, मनोज, सत्यनारायण, संतोष आदि लोग शामिल रहे। संचालन डॉक्टर धर्म सिंह ने किया।

# बलिदान दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीन गंज वार्ड स्टेशन रोड स्थित मड़ियाहूँ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वावलम्बी भारत अभियान के सह संयोजन में महान क्रांतिकारियों शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बेरोजगारी मुक्त समृद्ध भारत विषयक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सुरेश कुमार पाठक प्राचार्य मड़ियाहूं स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने की । प्रो. पाठक ने क्रांतिकारियों के बलिदान को अतुलनीय बताया और वर्तमान पीढ़ी को उनसे सीख लेने की आवश्यकता व्यक्त की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. आंजनेय पांडेय ने रोजगार, बेरोजगारी और स्वावलंबन विषय पर विस्तार से चर्चा की। विशिष्ट वक्ता डॉ. आशुतोष शर्मा ने शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। मनोविज्ञान विभाग के डॉ. दया सिंधु ने आजादी से अब तक के रोजगार परिदृश्य में साहसिक वृत्ति की भमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जिला रोजगार सृजन केंद्र के संयोजक एवं अर्थशास्त्र विभाग सहायक आचार्य डॉ. विवेक कुमार मिश्र ने किया। मौके पर डॉ. मनोज, डॉ. सुशील, डॉ. विवेक, डॉ. बृजेश चौबे सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

## 952 पशुओं का हुआ निःशुल्क इलाज

**गौराबादशाहपुर।** मुफ्तीगंज ब्लॉक के गद्दीपुर गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्धघाटन ग्राम प्रधान सुदामा देवी ने फीता काटकर किया। ग्राम पंचायत गद्दीपुर में आयोजित पशु मेले में पशु चिकित्सा अधिकारी देवकली डॉ. अजय यादव और पशु चिकित्सा अधिकारी मुफ्तीगंज डाक्टर ऋचा राय द्वारा गांव के और गांव से सटे हुए गांवों के पशु पालकों के 952 पशुओं का निःशुल्क उपचार किया गया तथा पशुओं की देखभाल, उनमें होने वाले रोग और उसके बचाव के उपाय की जानकारी भी पशु पालकों को दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता राम चंद्र राय ने दैनिक जीवन में पशुओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार यह बेजुबान जानवर हमे पीने के लिए दूध और खेती करने के लिए गोबर की खाद देते है उसी प्रकार पशु पालकों का भी यह जिम्मेदारी है कि वह उनका उचित रूप से देखभाल करें। प्रदेश सरकार लगातार गो सेवा के लिए उत्साहित कर रही है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुदामा देवी, सेक्रेटरी बाबू लाल, वीरेंद्र कुमार यादव, मुकेश कुमार, अब्दुल इस्लाम, उमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# विश्व क्षय दिवस पर पौष्टिक आहार किट हुआ वितरित

**जौनपुर।** नेहरू युवा केंद्र व सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी में विश्व क्षय दिवस पर पौष्टिक आहार किट का वितरण एवं जागरूकता अभियान व्यापक तौर पर चलाया गया जिसका उद्घाटन मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करते हुए ठाकुर प्रसाद राय नवीन सिंह विजय कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि ठाकुर प्रसाद राय ने कहा कि बदलते दौर में टीबी रोगियों के लिए कुछ करने की जरूरत है।



क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार किट वितरित करते संस्था के लोग

यदि हम सब सामाजिक दायित्व का निर्वहन करें तो क्षय नियंत्रण कार्यक्रम को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को कामयाबी के लिए व्यापक जन सहभागिता की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने कहा कि आज सामाजिक जरूरत है कि हम टीबी मरीजों को अपनेपन का एहसास कराते हुए पूर्ण देख भाल सहयोग करें, इनका फॉलोअप अत्यधिक महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य रूप से करें। विशिष्ट अतिथि सदर हॉस्पिटल के एसटीएस नवीन सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा टीबी रोगियों का इलाज पूर्णतया निःशुल्क है। एक सप्ताह से अधिक खांसी आने पर न छिपाएं और न ही नजर अंदाज करें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर इसका जांच कराएं। टीबी का इलाज पूर्णतया संभव है। विशिष्ट अतिथि प्रधान अध्यापक प्रमोद कुमार प्रजापति व सुभाष सरोज ने कहा कि संस्था के द्वारा क्षय नियंत्रण कार्यक्रम का जागरूकता अभियान विद्यालय के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी चलाया जा रहा है जिससे लोग काफी जागरूक हुए हैं। उक्त अवसर पर अतिथियों के द्वारा डॉ. दिलीप सिंह और एसटीएस नवीन सिंह को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दिलीप सिंह ने किया। उक्त अवसर पर साहित्यकार सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने काव्य पाठ करते हुए क्षय रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से मनीष कुमार सोनी, अतुल कुमार श्रीवास्तव, सुभाष चौधरी, रंजना शुक्ला, अमरेश पांडेय, विनोद कुमार यादव, सुरेश शुक्ला, फूलमती देवी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। धन्यवाद एवं आभार संजय उपाध्याय ने व्यक्त किया।

# बिहार का लाल बना गोल्ड मेडलिस्ट

जनसंदेश न्यूज


गोल्ड मेडलिस्ट नवीन को सम्मानित करतीं कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**जौनपुर।** तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सॉयल साइंस और एग्रीकल्चर केमेस्ट्री डिपार्टमेंट में अध्ययनरत परास्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र नवीन शेखर को पूरे पूर्वांचल विश्वविद्यालय में टाप करने पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने गोल्ड मेडल तथा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य के लिए उन्हें आशीर्वाद दिया।

नवीन शेखर मूलतः बिहार के सिवान जिले के रहने वाले है। बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रहें है, बिहार बोर्ड से इण्टरमीडिएट की पढ़ाई करने के बाद नवीन जौनपुर में रहकर ही तिलकधारी महाविद्यालय से स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधि ग्रहण की है। नवीन शेखर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, सगे संबंधी और बचपन से अब तक शिक्षा देने वाले समस्त गुरूजनो, टीडी कालेज सॉयल साइंस व एग्रीकल्चर केमेस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश समेत सभी सहयोगी प्राध्यापकों को देते हुए कहा कि सकारात्मक सोच और अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहने से कठिन से कठिन परिस्थितियों पर विजय प्राप्त कर अच्छा प्रदर्शन किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार, परिवार के लोग, इष्ट मित्रो नें हर्ष जताया।

# युवाओं को एक साथ लाना ही यूथ-20 का उद्देश्य: डॉ. जाह्नवी

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** यूथ-20 के समग्र ढाँचे के तहत वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में हेल्थ वेल बीइंग फोर एंड स्पोर्ट्स विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को किया गया। निबंध प्रतियोगिता के

**निबंध प्रतियोगिता**

**निबंध प्रतियोगिता में उद्देश्य और हिदायत विजेता**

विजेता हिदायत एवं उद्देश्य सिंह रहे।

इस अवसर पर महिला अध्ययन केंद्र की प्रभारी डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव ने कहा कि यूथ-20 के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों का उद्देश्य देशभर के युवाओं को एक साथ लाना, बेहतर कल के लिए विचारों पर विमर्श करना और काम के लिए एक एजेंडा तैयार करना है। जनसंचार विभाग के डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान यूथ-20 द्वारा की जाने वाली गतिविधियां वैश्विक युवा नेतृत्व और साझेदारी पर केंद्रित होंगी। युवाओं को देशहित और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाने के लिए उन्हें जागृत करने की जरूरत है। इसी के तहत विश्वविद्यालय के संकाय भवन के संगोष्ठी हाल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता का उद्देश्य यूथ-20 के रूप में हेल्थ, वेल बीइंग और स्पोर्ट्स के प्रति जागरूकता और युवाओं में रुचि पैदा करना है। प्रतियोगिता में युवाओं को अपने राय और विचार व्यक्त किए। निबंध का विषय कैसे जलवायु परिवर्तन, महामारी प्रतिक्रिया और असमानता जैसी वैश्विक चुनौतियां थी। निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अन्नू एवं डॉ. नितेश सिंह निबंध प्रतियोगिता के विजेता हिदायत एवं उद्देश्य सिंह रहे।


निबंध प्रतियोगिता में शामिल लोग

## संक्षेप

### तालाब में डूबकर किशोर की मौत

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के राजापुर नंबर एक गांव में एक किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। स्वजनों ने गांव के ही मृतक किशोर के मित्र व उसके पिता पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि राजापुर नंबर एक गांव में अमित गौतम पुत्र स्वर्गीय राजनाथ गौतम 16 वर्ष अपने गांव के ही मित्र रघुवीर पटेल के साथ सुबह 10 बजे घर से निकला था। करीब 2 घंटे बाद राम आसरे पटेल के तालाब में अमित गौतम को डूबते हुए उसके मित्र ने देखा तो शोर मचाया जहां आसपास के काफी लोग इकट्ठा हो गए और अमित को तालाब से बाहर निकाला। सूचना पाने पर अमित के स्वजन मौके पर पहुंचे और उसे पास के ही एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वजन को लेकर अपने घर पहुंचे और दोस्त व उसके पिता रामाश्रय पटेल पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपित पिता पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक अपने तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया किशोर की तालाब में डूबने से मौत होना प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

### दुकान के सामने कबाड़ लादने आया ट्रक चोरी

**महराजगंज।** थाना क्षेत्र के दुगौली निवासी रामबाबू कबाड़ का काम करते हैं। ग्राम घिउरहा थाना सरपतहां निवासी हवलदार मिश्रा के ट्रक से कानपुर ले जाते थे। बुधवार शाम ड्राइवर राजू दूबे कबाड़ ले जाने के लिए ट्रक दुकान के सामने खड़ी कर चाभी कबाड़ व्यवसायी रामबाबू को देकर चले गए। रात में ट्रक दुकान के सामने खड़ी थी। गुरुवार की सुबह जब रामबाबू के पिता उठे तो देखा कि ट्रक गायब थी। ऐसे में उन्होंने रामबाबू को जगाया और जानकारी पुलिस व ट्रक मालिक को दी। वहीं मौके पर पहुँचे ट्रक मालिक ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच पड़ताल कर रही है।

**पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर कर रही खोज**

### लिंक पर पांच रु. भेजते ही खाते से उड़ा दिया 18 हजार

**खुटहन।** इमामपुर गांव निवासी एक युवक मंगलवार की शाम धोखाधड़ी का शिकार होकर अपने बैंक खाते से अट्ठारह हजार रुपए गंवा बैठा। बुधवार को उसने थाने में अज्ञात ठगबाजों के खिलाफ तहरीर दिया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। गांव निवासी राजकुमार विश्वकर्मा के व्हाट्सएप पर संदेश आया कि हम पासपोर्ट कोरियर सेवा से है। मैसेज के साथ एक लिंक भी शेयर किया गया था। उसने कहा कि दिए गए लिंक पर आप तुरंत पांच रुपए भेजिए तभी आप तक पासपोर्ट पहुंच पायेगा। राजकुमार ने दिए गए लिंक को खोल उसके मुताबिक पांच रुपए मोबाइल बैंकिंग से भेज दिया। देर रात उसकी मोबाइल पर अट्ठारह हजार चार सौ निन्यानबे रुपए डेविड का मैसेज आ गया। सुबह दस बजते ही वह भागकर यूबीई शाखा तिघरा पहुंचा। जहां उसे पुलिस थाना पर जाने की सलाह दी गई।

### सात गोवंश के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान स्थानीय पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को ग्राम कपूरपुर से दो अभियुक्त दानिश पुत्र आबाद ग्राम पल्डीह थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर व रोहित गौतम पुत्र रामकैलाश निवासी नेवादा थाना सुजानगंज को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से एक पिकअप व मुंह, पैर बंधे हुए 7 पड़िया बरामद की गयी जिन्हें पशुक्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

### अमोध में खुलेआम हो रहा अवैध खनन, नहीं हो रही कार्रवाई

**पवांरा।** प्रदेश की योगी सरकार ने अवैध खनन करने वाले खनन माफियाओं पर शिकंजा कसा है। योगी आदित्यनाथ ने खनन माफियाओं का गोरखधंधा बंद कराने के लिए दृढ़ता दिखायी और कड़े निर्देश भी जारी किये लेकिन थाना क्षेत्र अन्तर्गत अमोध गांव में स्थित बसुई नदीं में से खनन माफियाओं द्वारा प्रतिदिन धड़ल्ले से जेसीबी द्वारा अवैध मिट्टी का खनन हो रहा है। सम्भ्रान्तजनों का कहना है कि इसकी शिकायत अधिकारियों से की जाती है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है और हीलाहवाली करते रहते हैं। लोगों का कहना है कि कार्रवाई नहीं हुई तो हम लोग मुख्यमन्त्री से शिकायत करेंगे। वहीं इस बारे में जिला खनन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली है और जांचकर संबंधित के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जायेगी।

### एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार की कार्यप्रणाली से अधिवक्ताओं में आक्रोश

**केराकत।** एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार की कार्यप्रणाली से अधिवक्ताओं में आक्रोश है। विरोध में अधिवक्ताओं ने गुरूवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी है। आरोप है कि अधिकारी विभिन्न मुकदमों की सुनवाई करने के बाद भी निस्तारण नहीं कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने पिछले सप्ताह अधिकारियों को अपनी कार्यशैली सुधारने को कहा था और तब तक न्यायिक कार्यों से विरत हो गए। लेकिन समय बीत जाने के बाद भी अधिकारियों ने न तो अपना रवैया बदला न ही अधिवक्ताओं के पत्र का जवाब दिया। जिससे अधिवक्ताओं में आक्रोश है। गुरूवार को अधिवक्ताओं ने बैठक की जिसमें अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहने का फैसला किया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर बहादुर यादव ने कहा कि उनका संघ अधिकारियों के साथ होने वाली मासिक बैठक का बहिष्कार करेगा और किसी उच्च अधिकारी से वार्ता होने तक न्यायिक कार्यों से विरत रहेगा। बैठक में उदयराज कन्नौजिया, अनुपमा शुक्ला, राजेश पाण्डेय, मुकेश कुमार शुक्ला, नमःनाथ शर्मा, महेन्द्र शंकर पांडेय, राजवंत कुमार आदि रहे।

**तहसील बार एसोसिएशन ने अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू की**

### दो भैंस खोल ले गए चोर

**सुइथाकला।** बीती रात क्षेत्र के ईसापुर गांव से कुछ अज्ञात चोरों द्वारा दो भैंस चोरी कर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। भैंस चोरी की घटना से पशुपालकों में दहशत मची हुई है। बताया जाता है कि क्षेत्र के ईसापुर गांव में बुधवार की रात जहां चोरों द्वारा राधेराम विन्द की भैंस खोल ले जाया गया, वहीं सड़क के किनारे गांव निवासी रूदल गौतम की बंधी भैंस को अज्ञात लोगों द्वारा पिकअप पर लाद कर चोरी कर ली गयी। उक्त पशुपालक भैंस बंधे हुए जगह पर न पाकर सन्न हो गए। फिलहाल मामले में पुलिस को भुक्तभोगी पशुपालकों द्वारा सूचना दे दी गई है। लेकिन इस घटना को लेकर पशु पालकों में दहशत मची हुई है।

# बाट-माप निरीक्षक व सप्लाई इंस्पेक्टर ने दो पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण


पेट्रोल की गुणवत्ता की जांच करते बाट माप निरीक्षक ज्योत्सना श्रीवास्तव व सप्लाई इंस्पेक्टर सदर आशुतोष त्रिपाठी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर बृहस्पतिवार को बाट माप निरीक्षक ज्योत्सना श्रीवास्तव, सप्लाई इंस्पेक्टर सदर आशुतोष त्रिपाठी व एरिया सेल्स ऑफिसर पेट्रोलियम ने पंचहटिया स्थित दो पेट्रोल पंपों का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल की गुणवत्ता को परखने के साथ-साथ पेट्रोल की मात्रा को भी जांचा परखा। फिलहाल जांच में सब कुछ सही पाया गया। इस दौरान पेट्रोल पंप पर आग बुझाने के यंत्रों का भी उन्होंने निरीक्षण किया तथा समय- समय पर आग बुझाने के यंत्रों की सर्विसिंग कराने तथा उसे गैस से दूर रखने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने आने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों से भी पेट्रोल की गुणवत्ता के लिए फीडबैक लिया। इस निरीक्षण के बारे में पूछे जाने पर सप्लाई इंस्पेक्टर सदर आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि पंचहटिया स्थित दो पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया है। पेट्रोल की मात्रा व फायर की सुविधाओं का भी जांच किया गया है। यह निरीक्षण जिलाधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर किया गया है।

# एक अप्रैल से चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण की प्रथम जनपद स्तरीय अंतर विभागीय बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। वहीं दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाना है, जिसमें स्वास्थ्य नगर विकास पंचायती राज, पशुपालन, बाल विकास, शिक्षा चिकित्सा, दिव्यांग, जन सशक्तिकरण, कृषि एवं सिंचाई सूचना विभाग, उद्यान विभाग रोग नियंत्रण हेतु संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जनमानस के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। बुखार के रोगियों की तलाश की जाएगी तथा नगर व क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था होगी। जिलाधिकारी ने नगर पालिका/नगर पंचायत और पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई रखी जाए ताकि कहीं भी जलभराव के कारण मच्छरजनित परिस्थितियां उत्पन्न न होने पाएं। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि निर्धारित गतिविधियों को समय से संपादित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नालियों की सफाई, जल-जमाव हटाये एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराये। बीएसए को निर्देश दिया कि विद्यालयों में जागरूकता के कार्यक्रम कराये जाएं, बच्चों से निबंध लिखवाया जाए और प्रमाण-पत्र वितरण किया जाए। निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी बैठक कर ब्लॉकवार योजना बनाते हुए 23 से 26 मार्च के मध्य कार्य संपादित कर लें जिसमें ग्राम प्रधान की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार के मरीजों, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस के रोगियों, क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों एवं कुपोषित बच्चों की सूची बनाएंगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला मलेरिया अधिकारी बीपी सिंह सहित समस्त एवं एमओआईसी उपस्थित रहे।


बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

**बैठक**

**जनपद स्तरीय बैठक में जिलाधिकारी ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

# डॉ. राममनोहर लोहिया की मनायी गयी 113वीं जयंती

जनसंदेश न्यूज


गोष्ठी को सम्बोधित करते पूर्व विधायक शैलेन्द्र यादव

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर डा. राममनोहर लोहिया की 113वीं जंयती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने लोहिया के जीवन पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहाकि राम मनोहर लोहिया ने अपनी प्रखर देशभक्ति और तेजस्वी समाजवादी विचारों के कारण अपने समर्थकों के साथ भी अपने विरोधियों के मध्य में अपार सम्मान हासिल किया। देश की राजनीति में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान और स्वतंत्रता के बाद कई ऐसे नेता हुए जिन्होंने अपने दम पर शासन का रुख बदल दिया जिनमें से एक थे राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण ने देश की राजनीति को स्वतंत्रता के बाद बदला तो राम मनोहर लोहिया ने देश की राजनीति में भावी बदलाव की बयार आजादी से पहले ही ला दी थी।

पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ने कहा डा. लोहिया मानव की स्थापना के पक्षधर समाजवादी थे वह समाजवादी भी इस अर्थ में थे कि समाज ही उनका कार्यक्षेत्र था और वह अपने कार्य क्षेत्र को जन मंगल की अनुभूतियों से महकाना चाहते थे। वह चाहते थे कि व्यक्ति व्यक्ति के बीच कोई भेद कोई दुराव और कोई दीवार न रहे। सब जन समान हो सब जन का मंगल हो। जंयती के अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, विरेंद्र सिंह, राकेश मौर्या, श्याम बहादुर पाल, राजेंद्र टाईगर, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, शकील अहमद, श्रवण जयसवाल, पूनम मौर्या, मेवालाल गौतम, शिवजीत यादव, आरीफ हबीब, साजिद अलीम, इरशाद मंसूरी, अलमास, निजामुद्दीन, गप्पू मौर्या, कृष्णा यादव, विक्की यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# मोटरसाइकिल से टकराकर साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र स्थित जंघई-मुंगराबादशाहपुर रोड के सेमरी गांव में विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे बाइक सवार की टक्कर से एक साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के अहमदपुर गरियांव निवासी रामनरेश विश्वकर्मा (72) की जंघई में लोहार की दुकान है। वे प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी दुकान खोलने साइकिल से जंघई आ रहे थे। अभी वे सेमरी स्थित छोटू शर्मा के घर के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे गिरकर बेहोश हो गए। आसपास के लोग उन्हें उपचार के लिए मुंगराबादशाहपुर ले जा रहे थे कि रास्ते मे ही उसने दम तोड़ दिया।

सूचना पर पहुंचे मीरगंज के जंघई पुलिस चौकी प्रभारी राम विलास ने बिना नम्बर की बाइक को कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# भाईचारे के साथ मनायें नवरात्रि व रमजान का त्योहार: सीओ सिटी


पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते सीओ

**जफराबाद।** नवरात्रि तथा रमजान के पर्व को आपसी भाईचारे के व शांतिपूर्ण ढंग से मनायें। यह बातें गुरुवार को स्थानीय कस्बे में स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ सिटी कुलदीप गुप्ता ने कही।

उन्होंने कहा कि कोई भी त्योहार आपसी प्रेम भाईचारा को बढ़ाता है। पर्व हमे प्रेम से रहने का संदेश देता है। उन्होने मौजूद लोगों को यह भी आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत या समस्या हो उसे निःसंकोच बताएं। थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो आप लोग बताएं पुलिस तत्काल मदद करेगी। इसके साथ कोई भी अराजक तत्व, मनबढ़ या असमाजिक व्यक्ति कोई हरकत करेगा तो उस पर कड़ी कार्यवाही होगी। लोगों को नवरात्रि तथा रमजान की बधाई दिया। इस मौके पर चौकी प्रभारी आशीष पाण्डेय, एसआई डॉ. राम जनम यादव, एसआई सुरेश सिंह, उमाकांत गिरी, निवर्तमान चेयरमैन प्रमोद कुमार बरनवाल, संदीप कयूम अंसारी, खुर्रम, मनोज सिंह, राजेश सिंह पुल्लु, निसारुल हक, आफताब आलम, तहजीब आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पिता-पुत्र पर मारपीट व छेड़खानी का मुकदमा

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के जमदरा (मदनकोल) गांव में एक विवाहिता द्वारा पिता पुत्र पर छेड़खानी मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

जानकारी के अनुसार युवती ने गांव के ही कमलेश शुक्ल पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुये कहा कि मुझे अकेली पाकर कमलेश शुक्ल गलत नियत से हमारे साथ छेड़खानी करने लगे। मेरे विरोध करने तथा चिल्लाने पर कमलेश शुक्ल का लड़का द्वेश शुक्ल मौके पर पहुंच गया और अपशब्दों का प्रयोग करते हुये मेरी पिटाई कर दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये दोनो हमारे घर पहुंचकर खपरैल का मकान क्षतिग्रस्त कर दिये।

मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के विरुद्ध भारतीय दण्ड विधान की धारा 354, 504, 506, 427 के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दोहरा मुक्त जौनपुर के लिए दिया जिलाधिकारी को ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जनपद में बनने व बिकने वाले दोहरा पर प्रतिबंध लगाने की मांग वर्षो से होती चली आ रही है। तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट द्वारा वर्ष

**मांग**

**दोहरा के खिलाफ युवाओं ने सौपा डीएम को ज्ञापन**

2009 में दोहरे पर प्रभावी रोक के लिए कार्यवाही की गई थी।

दोहरे पर रोक लगाने के लिए पूर्व के जिलाधिकारी सर्वज्ञ राम मिश्र, अरविंद मलप्पा बंगारी, दिनेश कुमार सिंह व मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्रभावी रोक के लिए प्रयास किया जाता रहा तथा जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त उपजिलाधिकारियों को 18 जनवरी 2018 को आदेशित किया गया था कि क्षेत्राधिकारीगण का सहयोग लेते हुए दोहरा के विनिर्माण, भंडारण व विक्रय पर प्रभावी रोक लगायी जाय तथा जनपद के समस्त दोहरा वासियों के लाइसेंस को निरस्त कर दिया गया। दोहरा कारोबारियों द्वारा वर्तमान समय में दोहरा के स्थान पर पान मसाला के नाम से पुनः लाइसेंस प्राप्त कर लिया गया तथा वृह्द स्तर पर पुनः दोहरा वर्तमान परिवर्तित नाम (पान मसाला) का व्यवसाय किया जा रहा है। जनपद में दोहरा खाने से युवाओं का एक बड़ा समूह पीड़ित है इसलिए विकास तिवारी व अतुल सिंह की अगुवाई में युवाओं का एक समूह जो पिछले कई वर्षों से दोहरा पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता चला आ रहा है ने गुरूवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर 85 पृष्ठों का साक्ष्य सहित ज्ञापन देकर जिलाधिकारी से उक्त खाद्य मादक पदार्थ दोहरे के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन देने वालो में विकास तिवारी, अतुल सिंह, आकाश सिंह, अभिनव मिश्र, विनय, निर्भय इत्यादि उपस्थित रहे।


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने जाता युवाओं का प्रतिनिधिमण्डल

# ईंट-भट्ठा मालिक ने काम न करने पर मजदूरों को पीटा

**बरसठी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हरद्वारी गांव में स्थित ईट उद्योग हरद्वारी के मालिक राजमनि मौर्या व रमाशंकर यादव है। मजदूरों का आरोप है कि हम लोग मालिक से लाइट व अन्य सुविधा के लिये उनसे मांग किया उन्ही बात को लेकर राजमनी मौर्या को बुरा लग गया और उसी बात को लेकर गाली देने के साथ मारपीट की। गुरुवार को दर्जनों की संख्या में मजदूरों ने थानाध्यक्ष दिनेश कुमार से शिकायत किया है। आरोप है कि जबरजस्ती काम करवाना चाह रहे है और सुविधा से भी वंचित रखते है। मालिक राजमनी मौर्या व सह मालिक रमाशंकर यादव का कहना है कि गाली गलौज हुई है लेकिन मारपीट कि बात गलत है। आरोप है कि बंधुआ मजदूरी भी करवाते है जबकि मजदूरों का श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन नहीं है पूछने पर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गाली गलौज व मारपीट का शिकायत आयी है जांच चल रही है।

**दर्जनों की संख्या में मजदूर पहुंचे थाने**

# श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है चौरा मां काली का मंदिर

**मुंगराबादशाहपुर।** गुड़हाई मोहल्ले के मलिया घोड़ा में स्थित प्राचीन व प्रसिद्ध चौरा मां काली का मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि इस मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मुराद माता अवश्य पूरी करती हैं। नवरात्रों में मां के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं।

चौरा मां काली का मंदिर का इतिहास लगभग 200 साल से अधिक पुराना है। मां काली के इस मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए क्षेत्र के कोने-कोने से श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि मंदिर में मांगी गई मुराद जरूर पूरी होती है। बुजुर्गों का कहना है कि उक्त मंदिर निर्माण के पहले इमली का पेड़ होता था इसी इमली के पेड़ के नीचे मां काली की प्रतिमा स्थापित थी जिसमें क्षेत्र के महिलाएं इमली के पेड़ के नीचे प्रसाद बनाकर भोग लगाती थी और उनकी मुरादे भी पूरी होती थी जिसको लेकर कस्बे के निवासी स्व. राजाराम ऊमरवैश्य ने पुत्र प्राप्ति को लेकर उन्होंने चौरा मां काली से कामना की जिसका फल यह रहा कि कुछ महीनों के बाद उन्हें पुत्र प्राप्ति हुई। उन्होंने 1823 में मंदिर का निर्माण कराया। नगर के नवविवाहित दंपत्ती शादी के बाद सुख शांति व समृद्धि के लिए चौरा मां काली का आशीर्वाद लेकर अपने जीवन की शुरूआत करते हैं। चैत्र व शारदीय नवरात्र में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। साल भर में कई बार भजन संध्या सहित पर विशाल भंडारे का आयोजन होता है। मंदिर के पुजारी बाबा माली के पूर्वज कई दशकों से मंदिर की देखभाल और पूजा अर्चना करते चले आ रहे हैं। मंदिर के पुजारी बाबा माली ने बताया कि मंदिर पहले 7 से 8 विस्वा में स्थापित था इसके बाद यह 4 बिस्वा में सिमटकर रह गया है। पंचमी के दिन मां का विशेष श्रृंगार होता है। कस्बे के निवासी शिव प्रसाद बबलू द्वारा चैत्र व शारदीय नवरात्र में मां का विशेष सजावट का भव्य श्रृंगार तथा रोजाना प्रसाद वितरण किया जाता है।

**आस्था**

**1823 में राजाराम ऊमरवैश्य ने कराया था मंदिर का निर्माण**

